e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 52

# प्रभात मंत्र

शनिवार
22.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बददुआ कभी पीछा, नहीं छोड़ती, जो दोगे वही लौटकर आएगा फिर चाहे, वह इज्जत हो या धोखा!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्ति अभियान का केन्द्रीय टीम ने किया निरिक्षण

**पूर्वी चंपारण :** राष्टीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत जिले में 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान का केंद्रीय टीम ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। टीबी के नोडल चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में दो टीम आई है जिनमें राज्य स्तर पर डॉ मजहर हुसैन, डब्लूएचओ से डॉ गौरव एवं केंद्र स्तरीय टीम में दीपक कुमार, सेन्ट्रल टीबी डिविजन के टेक्निकल सपोर्ट मयंक कुमार ने जिला यक्ष्मा अस्पताल मोतिहारी, पिपराकोठी के दक्षिणी चकरदेइ, एपीएचसी टिकुलिया, चकिया में क्षेत्र भ्रमण कर टीबी मरीजों की खोज, पोर्टेबल एक्स रे द्वारा जाँच के तरीके का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम में व्यवस्था सुधार के साथ तेजी लाने की बातें बताई।इस दौरान टीम ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपील किया की समाज को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूक होना पड़ेगा।

### संगम स्नान आत्मशुद्धि और सनातन संस्कृति की जीवंत धारा : सम्राट चौधरी

**महाकुम्भ नगर :** तीर्थराज प्रयाग महाकुम्भ में शुक्रवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाई और त्रिवेणी में अर्घ्य अर्पित कर पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र की उन्नति, समृद्धि और जनकल्याण के लिए प्रार्थना की। संगम तट पर स्नान के पश्चात उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि और सनातन संस्कृति की जीवंत धारा है। उन्होंने इसे पुनर्जन्म का संकल्प और आध्यात्मिक जागरण का महापर्व बताया।महाकुम्भ में उमड़े श्रद्धालुओं और साधु-संतों के बीच सम्राट चौधरी ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति की महान परम्परा और सनातन धर्म की निरंतरता का प्रतीक है। उन्होंने महाकुम्भ की अद्वितीय आध्यात्मिक शक्ति को विश्व के लिए प्रेरणादायक बताया।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना जिले को दी 1404 करोड़ रुपये की सौगात

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के क्रम में पटना जिले को दनियांवा प्रखंड के ग्राम तोप से 1404.84 करोड़ रुपये की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 623 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 845.43 करोड़ रुपये की लागत से 387 योजनाओं का उद्घाटन एवं 559.41 करोड़ रुपये की लागत से 256 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने पटना जिला के बाढ़ प्रखंड स्थित बेढना पंचायत में पंचायत सरकार भवन के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन बेढना का निरीक्षण भी किया।मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान अंतर्गत जीविका ग्राम संगठनों को पांच वर्षों के लिए जोड़ा तालाब, बेढना पश्चिमी का निःशुल्क आवंटन हेतु प्रमाण पत्र मत्स्य पालन के लिए जीविका दीदियों को प्रदान किया।

### सड़क दुर्घटना में भाई की मौत, बहन गंभीर

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदूइ मोड़ के समीप सुखनदिया के पास हाईवा ने बाइक सवार दोनों बहन भाई को कुचल दिया. जिसमें हिमांशु गुप्ता उम्र लगभग 20 साल पिता सुदर्शन गुप्ता का घटनास्थल पर ही मौत हो गया. वही आदिती कुमारी उम्र लगभग 18 साल पिता सरोज गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गई है जिसकी हालत नाजुक है. दोनों पिपरा बाजार के निवासी हैं. हिमांशु अपनी चचेरी बहन आदिति को इंटरमीडिएट का परीक्षा दिला कर जपला की तरफ से लोट रहा था. घटनास्थल पर हजारों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं पिपरा बाजार के लोग काफी उग्र है. सभी क्रेशर प्लांट एवं माइंस को बंद करने की मांग कर रहे हैं. पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान ने भी प्रशासन से प्लांट को बंद करने का मांग किया है. मौके पर पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार उग्र भीड़ को समझाने का कोशिश कर रहे थे.

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

**सीएम हेमन्त सोरेन से अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के सीईओ ने की मुलाकात**

# आदिवासी युवा को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत

**मुख्यमंत्री बोले**
- आदिवासी युवा पीढ़ी मानसिक रूप से मजबूत हों, इसके लिए सभी का सकारात्मक सहयोग जरूरी
- आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक समेत हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए उठा रहे हैं ठोस कदम

**युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत**

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की झारखंड प्रभारी श्रीमती सुनीता मुंडा ने इस संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देने के क्रम में कहा कि यहां के आदिवासी युवाओं में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है। विपरीत परिस्थितियों से भी वे लड़ने की पूरी क्षमता रखते हैं। लेकिन, मानसिक रूप से उन्हें थोड़ा मजबूत बनाने की जरूरत है। ऐसे में यह संस्था अपने आरोहन कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने भी कहा कि आदिवासी युवा मानसिक रूप से कैसे मजबूत हों, इसमें सरकार आपके द्वारा किए गए कार्यों का गहराई से आकलन कर आगे बढ़ेगी।



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्डबीइंग के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी स्टीव लेवेन्थल (यूएसए) ने मुलाकात कर वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की ओर से आरोहण कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी युवाओं को सशक्त और मजबूत बनाने के साथ उनके कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। उन्होंने इस कार्यक्रम के जरिए आश्रम आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों और विद्यार्थियों में आए सकारात्मक बदलावों को भी मुख्यमंत्री के साथ साझा किया। मुख्यमंत्री ने इस अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा इस राज्य के आदिवासी समाज के उत्थान और विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को विस्तार से जाना और उसकी सराहना की।इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बाहुल्य राज्य है। इस राज्य की आदिवासी युवा पीढ़ी को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक सहित अन्य सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है उन्होंने कहा कि इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग काफी कारगर साबित हो सकता है। सरकार सभी के सकारात्मक सहयोग से इस राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली से जोड़ने की जरूरत

वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह संस्था आरोहण के जरिए बिहार की शिक्षा व्यवस्था के साथ जुड़कर काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में भी आरोहण को शिक्षा के मुख्य प्रणाली मैं कैसे शामिल किया जाए, इसके लिए सरकार गंभीरता से विचार करेगी। इस दिशा में झारखंड के शिक्षकों एवं अधिकारियों की टीम को बिहार में आपके द्वारा किए गए कार्यों को देखने के लिए भेजा जाएगा।

### बजट सत्र को लेकर आयोजित बैठक में सीएम ने लिया भाग

24 फरवरी से 27 मार्च 2025 तक आहूत षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के सफल एवं सुचारु संचालन को लेकर झारखंड विधानसभा में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित विधायक दल के नेताओं एवं प्रतिनिधियों की बैठक में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन। बैठक में बजट को सुचारू रूप से चलने के लिए विचार विमर्श हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन क्या लाभ है वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित कई विधायक उपस्थित थे।

# पोस्ते की फसल पूर्णतः नष्ट करें : मुख्य सचिव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने कहा है कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान का सकारात्मक परिणाम दीख रहा है, लेकिन पोस्ते की फसल की सौ फीसदी विनष्टीकरण सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभियान से जुड़े अधिकारी आपसी समन्वय को और मजबूत तथा कारगर करें। जितने कांड दर्ज हुए हैं, उससे कम गिरफ्तारी को इंगित करते हुए उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा गिरफ्तारी और उन्हें सजा दिलाने पर फोकस करें। उन्होंने विनष्टीकरण की प्रक्रिया में जरूरी संसाधनों का वास्तविक आकलन करने पर बल देते हुए कहा कि जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल लगी होने की सूचना पर उन्होंने पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान को 15 मार्च तक जारी रखने का निर्देश दिया। वह शुक्रवार को पोस्ते की खेती के खिलाफ दो माह पहले अपनी अध्यक्षता में हुई बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर रही थीं। समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है। सबसे कम पलामू में 396 एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया गया है। बताया गया कि कुछ जगहों पर अभी भी पोस्ते की फसल को नष्ट करना बाकी है, जहां स्पेशल ड्राइव चलाकर कार्रवाई चल रही है। गौरतलब है कि पोस्ते की खेती से झारखंड के कुल आठ जिले चतरा, खूंटी, लातेहार, रांची, पलामू,चाईबासा, सरायकेला, और हजारीबाग प्रभावित हैं।

**समीक्षा के दौरान बताया गया कि पोस्ते की खेती के खिलाफ अभियान के दौरान कुल 19,086 एकड़ में लगी फसल को नष्ट किया गया है, जो पिछले कुछ वर्षों से चार गुणा अधिक है। सबसे अधिक खूंटी में 10,520 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया गया है। दूसरे स्थान पर रांची जिला है, जहां 4624 एकड़ में लगी पोस्ते की फसल नष्ट की गई है।**

# मैट्रिक प्रश्न पत्र लीक मामले में दो लोग गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच तेज हो गई है. इस मामले में कोडरमा में एक स्कूल सह कोचिंग संचालक की भूमिका का भी खुलासा हुआ है.

कोडरमा पुलिस ने स्कूल संचालक प्रशांत साव उर्फ प्रिंस समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है. पूरे मामले में उनसे पूछताछ की जा रही है.मरकच्चो पुलिस ने इस मामले में मामला भी दर्ज कर लिया है. बता दें कि व्हाट्सएप ग्रुप पर एक प्रश्न पत्र भेजकर क्यूआर कोड के माध्यम से पैसे की मांग की जा रही थी, इस कोड के जरिए प्रिंस की मां के खाते में पैसा जा रहा था.

फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. वहीं पेपर लीक मामले में गिरिडीह और कोडरमा के उपायुक्त से स्पष्टीकरण मांगा गया है.वहीं झारखंड एकेडमिक काउंसिल के निर्देश पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम गठित की है. जांच टीम ने पेपर लीक मामले में 12 घंटे के अंदर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. साथ ही पुलिस इस मामले में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करने के लिए जांच कर रही है.उपायुक्त ने बताया कि जिस यूट्यूब चैनल पर पेपर लीक हुआ था, उसकी भी गहन जांच की जा रही है. साथ ही उन्होंने बताया कि इस मामले में कई कोचिंग संचालकों के भी तार जुड़ रहे हैं. जांच के दौरान महाराष्ट्र और देवघर से भी इसके तार जुड़े होने के साक्ष्य मिल रहे हैं. वहां एक टीम भेजी गई है. उन्होंने यह भी बताया कि जैक द्वारा गठित कमेटी को सारे मामलों की जानकारी दे दी गई है और जांच रिपोर्ट सौंपी जा रही है.

# भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक : रणधीर जायसवाल

एजेंसी


**नई दिल्ली :** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने नवंबर में हुई पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में हुए विकास की समीक्षा की। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान संपर्क और यात्रा सुविधाओं पर चर्चा की गई।रूस-यूक्रेन संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के विदेश मंत्री के साथ बैठक की। उन्होंने स्वाभाविक रूप से भारत-रूस द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर चर्चा की और उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से संबंधित हाल के घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।कश्मीर पर तुर्किये के राष्टपति एर्दोगन की टिप्पणियों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम भारत के लिए ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणियों को खारिज करते हैं। हमने तुर्किये के राजदूत से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। बेहतर होता कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करने की पाकिस्तान की नीति, जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा बनी हुई है, पर रोक लगाई जाती।



# भारतीय भाषाओं में कभी नहीं रहा कोई बैर : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय भाषाओं में कभी कोई बैर नहीं रहा है। भाषाओं ने हमेशा एक-दूसरे को अपनाया और समृद्ध किया। कई बार भाषा के नाम पर भेद डालने की कोशिश की जाती है। हमारी भाषाओं की साझा विरासत ही इसका सही जवाब देती है। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के भ्रमों से दूर रहकर भाषाओं को समृद्ध करना और अपनाना हमारा सामाजिक दायित्व है। आज हम देश की सभी भाषाओं को मुख्यधारा की भाषा की तरह देख रहे हैं। मराठी समेत सभी प्रमुख भाषाओं में शिक्षा के विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि हमारी ये भाषायी विविधता ही हमारी एकता का सबसे बुनियादी आधार भी है। आज भारत दुनिया की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यताओं में से एक है। इसका कारण हमारा लगातार विकसित होना है। हमने लगातार नए विचारों को जोड़ा है। नए बदलावों का स्वागत किया है। भारत में दुनिया की सबसे बड़ी भाषायी विविधता इसका प्रमाण है। मराठी भाषा के साथ राष्टीय स्वयंसेवक संघ का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की धरती पर मराठी भाषी एक महापुरुष ने 100 वर्ष पहले राष्टीय स्वयंसेवक संघ का बीज बोया था। आज ये एक वटवृक्ष के रूप में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। उन्होंने कहा,मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि लाखों अन्य लोगों की तरह आरएसएस ने मुझे राष्ट्र के लिए जीने को प्रेरित किया है।



# ट्रक बस में टक्कर, 5 की मौत, 20 लोग घायल

एजेंसी

**कच्छ (गुजरात) :** गुजरात के कच्छ में शुक्रवार को भीषण हादसा हो गया. बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो जाने से मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई और करीब 20 अन्य लोग घायल हो गए. घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है.मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हादसा कच्छ के केरा मुंद्रा रोह के समीप हुआ. बताया जाता है कि बस में 40 यात्री सवार थे. भिड़ंत इतनी तेज हुई कि बस के आगे का पूरा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. दुर्घटना में करीब 20 लोग घायल हो गए हैं. सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में कई की स्थिति गंभीर है.हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंच जाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया. वहीं हादसे के बाद आसपास के लोग भी काफी संख्या में पहुंच गए. बताया जाता है कि बस मुंद्रा से आ रही थी जबकि ट्रक भुज से आ रहा था. बस और ट्रक के बीच टक्कर इतने तेज हुई कि हादसे के बाद ट्रक सड़क के किनारे पलट गया. फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**असर्फी कैंसर संस्थान**
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक), रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 का संचालन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गढ़वा जिला में पूरी सतर्कता के साथ संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया में कुछ अफवाह फैलाने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है, साईबर सेल एवं प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा जाँच कर कार्रवाई की गई है। जैक से प्राप्त प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका को कोषागार एवं संबंधित बैंक के वज्रगृह में सुरक्षित रखा गया है। बज्रगृह में 24*7 CCTV सहित सुरक्षा बल प्रतिनियुक्त रहते हैं। परीक्षा की तिथि को निर्धारित विषय का प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका गश्तीदल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा विडियोग्राफी/CCTV कैमरा की निगरानी में केन्द्राधीक्षक को उपलब्ध कराया जाता है। पुनः परीक्षा समाप्ति के उपरांत गश्तीदल दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका कोषागार, गढ़वा के बज्रगृह में सुरक्षित रखा जाता है। जैक के पदाधिकारी/कर्मी सुरक्षा के साथ ले जाते है। उपायुक्त श्री जमुआर ने बताया कि गढ़वा जिला में साईबर सेल नियमित रूप से कार्यशील है, सोशल मीडिया पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। साईबर सेल गढ़वा के कंट्रोल रूम का संपर्क नम्बर 7643984021 है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक का अफवाह फैलाना एक संगीन अपराध है, आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के सुसंगत धाराओं के तहत् प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही झारखण्ड अधिविद्य परीक्षा नियमावली में निहित प्रावधान के तहत भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने गढ़वा जिला के सभी आमजनों से अपील किया है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा को लेकर किसी प्रकार का अफवाह न फैलाएँ और यदि किसी भी प्रकार के अफवाह या अन्य जानकारी प्राप्त हो तो उसे सोशल मीडिया पर शेयर न करे। सोशल मीडिया में इस तरह की भ्रांतियां उजागर होने पर साईबर सेल गढ़वा द्वारा तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील किया है कि संज्ञान में आने पर जिला नियंत्रण कक्ष, पुलिस/प्रशासनिक पदाधिकारी को अविलंब सूचित कर जिम्मेवार नागरिक के कर्तव्य को निभायें।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर प्रखंड के सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी के तहत आज पोषण ट्रैक्टर अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल एवं पोषण ट्रैक्टर के अन्य बिंदुओं पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बाल विकास परियोजना डालटनगंज के ग्रामीण एवं शहरी के सेविकाओं को प्रशिक्षण के दौरान कई जानकारी दी गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी प्रशिक्षणार्थी आंगनबाड़ी सेविकाओं को फरवरी एवं मार्च माह का T.H.R वितरण फेस ऑथेंटिकेशन माड्यूल एवं ओटीपी सत्यापन के माध्यम से पूर्ण करने की बातें कही। प्रशिक्षण में डालटनगंज ग्रामीण एवं डालटनगंज शहरी की सेविकायें उपस्थित थीं।

## रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर दी बधाई



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद 27 साल बाद बतौर मुख्यमंत्री के रूप में भारतीय जनता पार्टी की महिला नेत्री रेखा गुप्ता के दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर नगर भाजपा के अजय प्रसाद गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में दिल्ली का चौतरफा विकास होगा। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली नंबर वन पर रहेगी। और दिल्ली विकास की ओर अग्रसर रहेगा।

## कार के धक्के से युवक गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के हड़ही नदी पुल के समीप गुरुवार की देर शाम को कार के धक्के से सगीर राईन नामक एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगोंकी मददसे उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। उक्त घायल युवक हुसैनाबाद शहर के चिकटोली मोहल्ला निवासी अब्दुल रसीद राइन का पुत्र मो. सगीर राईन बताया जाता है। वहीं मौके पर पहुंच कर हुसैनाबाद थाना पुलिस ने वहान को जब्त कर लिया है। जबकि घटना के बाद वाहन सवार सभी लोग फरार हो गए। बताया जाता है कि कार की पहले पुल से टक्कर हुई ,उसके बाद पैदल जा रहे मो. सगीर राइन को धक्का मार दिया। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है।

## पीएम आवास योजना शहरी के योग्य लाभुक ऑनलाइन करें आवेदन : शशि कुमार



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। इस संबंध में हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार व पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि वैसे लाभुक जो विभिन्न कारणों से पीएम आवास योजना का लाभ लेने से वंचित रह गये हैं। वे सभी लाभुक दस्तावेज के साथ ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने नगर पंचायत वासियों से अपील की है कि योग्य लाभुक आवश्यक दस्तावेज के साथ यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर पीएम आवास योजना का लाभ लें।इस संबंध में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी तर्निश कुमार हंस ने बताया कि योग्य लाभुक के परिवार में किसी भी सदस्य का पूरे भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं हो,इस योजना के अन्तर्गत लाभुक के परिवार में पति पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे, लाभार्थी को पूर्व में किसी भी अन्य आवास योजना का लाभ प्राप्त न हुआ हो, लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से एक घटक का ही लाभ ले सकते हैं, उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), आधार कार्ड की छायाप्रति (पति एवं पत्नी), बैंक पासबुक की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, भारत वर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र, लाभुक का मोबाईल आधार कार्ड से लिंक हो, भु-स्वामित्व पत्र, घर के साथ पारिवारिक फोटो के साथ ऑनलाइन आवेदन करें।

# 22 जनवरी से 8 मार्च तक चलाया जा रहा है बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आज सदर प्रखंड के पोखराहा में अवस्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में शपथ ग्रहण कराकर किया गया। साथ ही सभी छात्राओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण भी किया गया।कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बेटियों के प्रति चल रहे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना , सखी वन स्टॉप सेंटर, पालनागृह, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या, लिंग भेद आदि कुप्रथा जैसी गंभीर मुद्दों पर छात्राओं के साथ बातचीत की। लीगल-सह- प्रोवेसनरी ऑफिसर दिव्या रश्मि ने छात्रों के बीच पोक्सो एक्ट के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार के यौन शोषण एवं हिंसा से पीड़ित होने पर लीगल सेल की मदद लेने संबंधी जानकारी दी। साथ ही 1098 (टोल फ्री नंबर) पर गोपनीय रूप से शिकायत दर्ज कराये जाने संबंधित विस्तृत चर्चा की।नई संस्कृति सोसाइटी के सचिव अजीत कुमार पाठक ने छात्राओं एवं महिलाओं को अदम्य साहस एवं व्यक्तित्व निर्माण एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों से लड़ने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में चंदा झा, एलएस शहरी पुष्पा कुमारी, एलएस ग्रामीण आरती कुमारी, विद्यालय की वार्डन अर्चना सिंह सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रामचरितमानस को पढ़कर समझने की जरूरत : रूचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह डालटेनगंज के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने सदर अंचल के ग्राम जोड़ में श्री रामचरितमानस यज्ञ के 38 वें अधिवेशन में मुख्य रूप से उपस्थित हुआ और उन्होंने कहा कि ग्राम जोड़ की इस पावन धरती में आज 38 वर्षों से श्री रामचरितमानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ हो रहा है जिसमें मुझे शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ भगवान श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम कहा गया है जिसका वर्णन श्री रामचरितमानस में किया गया जरूरत है युवा पीढ़ी एवं नौजवानों को इसे अपने जीवन में उतारने की एवं श्री रामचरितमानस पढ़ने की तभी वह अपने जीवन में उसे उतार पाएंगे। प्रभु श्री राम ने मानव जाति ही नहीं अपितु पशु पक्षी वानर भालू सहित दूसरे जीव जंतु एवं प्राणियों से भी प्रेम करने एवं साथ रहने का मार्ग प्रशस्त किया है तभी तो वह गिद्धराज जटायु जैसे पक्षी को लकड़ियों के साथ अंतिम संस्कार करते हैं वहीं वानर भूलों के साथ रावण से युद्ध करते हैं। दूसरी ओर पिता एवं माता के कर्तव्य का पालन के लिए 14 वर्ष तक वनवास रहते हैं और जाति-पाति के भेदभाव से ऊपर उठकर के बरसों से इंतजार कर रही एक दलित महिला शबरी का झूठा बेर खाकर दुनिया को भी एक सूत्र में बांधने का काम मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम ने किया है हमें उनके मूल्यों की समझने की जरूरत है उसे अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है मौके पर संचालन करता कमलेश तिवारी, अध्यक्ष अनुज मिश्रा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी, रामराज तिवारी चंद्रशेखर तिवारी मृत्युंजय तिवारी आलोक कुमार तिवारी, रणजीत राम, अरविंद सिंह सुमेर मिश्रा सहित कई लोग थे।

## बी मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिन गुरुवार को कुड़वा सिरमा के रंजीत चौधरी 32 वर्ष पिता स्वर्गीय महेन्द्र चौधरी ने बिश्रामपुर प्रखंड के बघमानवां अर्जून चौधरी के घर शादी समारोह में मोटरसाइकिल से जा रहे थे। जैसे ही बी मोड़ से बिश्रामपुर की ओर बढ़े अचानक सामने से ट्रक यूपी 50 एटी/2475 ने जोरदार टकर मारा और रंजीत चौधरी को घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बिश्रामपुर थाना प्रभारी ने शव को अपने कब्जे मे लेकर अंत्य परीक्षण हेतु एमएच सदर भेज दिया परिजनों को घटना के जानकारी मिलते ही, पाटन पश्चिमी जिला परिषद संग्राम सिंह ने सदर अस्पताल पहुंचे और अपने देखरेख में पोस्टमार्टम कराया साथ ही शोक संतप्त परिवार से मिलकर दुख व्यक्त किया जिला परिषद ने कहा कि घर में एकमात्र कमाऊ लड़का रंजित चौधरी ही थे इनका मौत से पूरा परिवार बर्बाद हो गया अब घर में कोई कमाने वाला नहीं है जो इनके परिवार को देखभाल भरण पोषण कर सके।संग्राम सिंह ने पाटन प्रखंड विकाश पदाधिकारी से बात कर सरकार से मिलने वाला मुआवजा का भी जिक्र किया की जल्द ही मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। रंजीत चौधरी के पीछे पत्नी के साथ दो लड़की है जो एक 4साल तो दूसरी 3 साल की है ये लोग बिल्कुल गरीब परिवार से आते है। जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि मुआवजा हेतु हर संभव प्रयास करेंगे और सही समय पर दिलवाया जाएगा।

# समाजसेवी ने निजी खर्च से मीटिंग भवन निर्माण का रखा आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत लोहरगडा पंचायत के मेरौनी गांव के समीप गुरुवार को पंडा नदी के किनारे हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे नव दिवसीय रामचरितमानस यज्ञ में समाजसेवी पंकज सिंह ने यज्ञ मंडप कि परिक्रमा कर पूजा- अर्चना किया। साथ ही युवा समाजसेवी पंकज कुमार सिंह ने अपने निजी खर्च लगभग 4 लाख रुपए कि लागत से यज्ञ परिसर में मीटिंग भवन निर्माण की आधारशिला रखी। इस दौरान पंकज सिंह ने कहा कि यज्ञ परिसर में मीटिंग हॉल नहीं रहने के कारण कमिटी के लोगों और ग्रामीणों को परेशानी होती थी। ग्रामीणों द्वारा मीटिंग भवन निर्माण कराने को लेकर लंबे समय से मांग चल रही थी। उन्होंने कहा कि एक महीने के भीतर मीटिंग हॉल बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने ने कहा कि वह धार्मिक कार्यों में और गरीब असहाय लोगों की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार हैं। इस अवसर पर आलोक तिवारी, विवेक तिवारी, उमाकांत तिवारी, मिथिलेश तिवारी, दीनबंधु तिवारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### मामूली विवाद को लेकर अंचल अमीन के साथ मारपीट, थाना में प्राथमिकी दर्ज

# अमीन का हांथ फ्रैक्चर, चेहरे पर भी गंभीर चोट, बीडीओ व सीओ ने मामले की ली जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** मामूली विवाद को लेकर बिश्रामपुर अंचल में कार्यरत अमीन के साथ शुक्रवार की सुबह मारपीट हुयी है. जिसमे अंचल अमीन को गंभीर चोट लगी है. इस संबंध में अमीन द्वारा बिश्रामपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. मिली जानकारी के अनुसार अंचल अमीन मुमताज खान अपने एक सहयोगी के साथ मॉर्निंग वॉक करने के बाद सरकारी आवास पर वापस जा रहे थे.इसी बीच थाना चौक के पास स्थित एक होटल में दोनों ने चाय पिया. अमीन मुमताज खान ने चाय का पैसा काटने के लिये पांच सौ का नोट दिया. दुकानदार द्वारा खुदरा दस रुपया मांगा गया. लेकिन श्री खान के पास खुदरा मात्र पांच रुपया ही था.उन्होंने पांच रुपया नकद दे दिया और पांच रुपया फोन-पे पर डाल दिया. जिसपर दुकानदार अविनाश कुमार भड़क गया.उसका कहना था कि सुबह बोहनी का समय है, पैसा नकद दीजिये. इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हो गयी. मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया. जिसके बाद अमीन मुमताज खान ब्लॉक स्थित अपने आवास पर चल दिये. दुकानदार अविनाश का घर भी ब्लॉक रोड में ही है. वह अपने घर जाकर परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर मुमताज खान पर लाठी डंडा से हमला कर दिया और उनकी जमकर पीटायी कर दी.जिससे मुमताज खान घायल हो गये. घायलावस्था में उन्हें बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ. श्री खान का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया है, चेहरे पर भी गंभीर चोट आयी है. घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ राजीव कुमार सिंह व सीओ राकेश तिवारी सीएचसी पहुंचे.दोनों ने पूरे मामले की जानकारी ली. इस संबंध में मुमताज खान द्वारा बिश्रामपुर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है.इधर दुकानदार अविनाश कुमार ने भी मुमताज खान पर चाय पीकर पैसा नहीं देने का आरोप लगाते हुये मारपीट का मामला दर्ज करने के लिये थाना में आवेदन दिया है. पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है.

## विधवा महिला के खाते से सीएसपी संचालक ने उड़ाये 89,500 रुपये



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी ग्राम निवासी विधवा महिला मोहरी देवी के स्टेट बैंक के खाते से सीएसपी संचालक संतोष यादव द्वारा तीन बार मे 89,000 हजार रुपये की अवैध निकासी कर लिया गया है। मामले का खुलासा पीड़ित विधवा महिला मोहरी देवी के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नगर उंटारी शाखा प्रबंधक को दिये गये आवेदन से हुआ है। शाखा प्रबंधक को दिये गये आवेदन में मोहरी देवी ने लिखा है कि मेरे स्वर्गीय पति शिवनाथ राम के खाता संख्या 3421 9829 370 में 111000 रुपया था। सहयोग करने के नाम पर सीएसपी संचालक संतोष यादव ने पति का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर मेरे पति के खाते में जमा धनराशि को मेरे खाता संख्या 34219829392 में ट्रांसफर कर दिया गया। उसके बाद मेरे द्वारा 23 अक्टूबर 2024 को ?3500 की निकासी की गई, 25 अक्टूबर 2024 को 10000 की निकासी की गई तथा 12 नवंबर 2024 को 8000 की निकासी की गई। उसके बाद सीएसपी संचालक द्वारा बताया गया कि अब उसके खाते में कोई भी राशि शेष नहीं है। जब मुझे शक हुआ तो मैंने अपना खाता 342198 29 392 का स्टेटमेंट निकलवाया तो पता चला की 23अक्टूबर 2024 को जब मैंने 3500 रुपए की निकासी किया था उसी दिन 30000 की अवैध निकासी, 25 अक्टूबर 2024 को जब मैंने 10000 की निकासी किया था, उसी दिन 30000 की एक और अवैध निकासी तथा 12 नवंबर 2024 को जब मेरे द्वारा 8000 की निकासी किया गया था उस दिन भी 29500 की अवैध निकासी मेरे खाते से की गई है। मोहनी देवी ने शाखा प्रबंधक से उचित कार्रवाई करते हुए सीएसपी संचालक से उसके खाते से 89500 रुपये की अवैध निकासी को वापस कराने का अनुरोध किया है। बताते चले कि सीएसपी संचालक संतोष यादव का रिकॉर्ड बहुत ही खराब है। पिछले वर्ष कई छात्राओं के खाते से छात्रवृति की निकासी का मामला का खुलासा हुआ था। तब भी बैंक द्वारा कोई कारवाई नही किया गया था।संतोष यादव आज भी धड़ल्ले से गरीब व सीधे-साधे लोगों के साथ ठगी का कार्य कर रहा है। लोगो का कहना है कि इतनी बार ठगी का खुलासा होने के बाद भी शाखा प्रबंधक या बैंक द्वारा कोई भी करवाई नही किया जाना इस बात का संकेत है कि बैंक कर्मी भी इस कृत्य में शामिल है।

# पोलडीह जगदीशपुर में देवी माता का नगर भ्रमण यात्रा निकला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में पोलडीह जगदीश पुर गांव में आयोजित देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ जारी है. गांव व समीपवर्ती क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार से गुलजार है. महायज्ञ के चौथे दिन देवी माँ की नगर भ्रमण यात्रा की प्रक्रिया पुरी की गयी. परम्परागत ढंग से ढ़ोल बाजे के साथ माता रानी का जयकारे लगाते हुए गांव के सभी दरवाजे पर पूजा अर्चना की गयी. इसकी शुरुआत यज्ञस्थल से की गयी. इस दौरान गांव की गली की विशेष सफाई की गयी थी. हर घर की दरवाजा की आकर्षक रंगोली कर सजाया गया था. यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उक्त अनुष्ठान पूरी की गयी. मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, रामदास यादव, राम बुझाबन सिंह, कोमल पाल, बालसुन्दर यादव, सीता पाल, सुमेर सिंह, विनय सिंह, राज कुमार सिंह, जगत यादव, भगत यादव, विजय सिंह, हरिमोहन पाल, लाल मोहन प्रजापति, विश्वनाथ पासवान, सुदेश शर्मा, रामजी पासवान, लक्ष्मण पाल, लवकुश यादव, संतोष सिंह, अंजय सिंह, रमण पाल, धीरेंद्र प्रसाद, तारकेश्वर प्रजापति, परशुराम प्रजापति, कामेश्वर प्रजापति, बिमलेश पाल, जितेंद्र यादव, राज कुमार पाल, ललन राम आदि समेत रहे. महायज्ञ के चौथे दिन परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रही. 20 फ़रवरी को प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज जी द्वारा प्रवचन जारी है. 21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा।

## केतार में यूनिक स्टाइल गारमेंट्स का हुआ शुभारंभ




**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार बाजार के कर्पूरी गेट के समीप शुक्रवार को यूनीक स्टाइल गारमेंट्स का शुभारंभ प्रोपराइटर आफताब आलम एवं अफजल अंसारी की मां आसमा बीबी ने फीता काट कर किया। इस दौरान उक्त प्रोपराइटर ने कहा कि मेरे यहां जेंस एवं बच्चों का सभी तरह का ब्रांडेड कपड़ा उचित दामों में उपलब्ध है। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी अंजुमन सदर शमीम अंसारी असीम अंसारी हकीमुद्दीन अंसारी जसीमुद्दीन अंसारी हकीमुद्दीन अंसारी अल्ताफ अंसारी वजीर अंसारी मोजाहिम अंसारी मुमताज अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### सहारा ग्रुप से संबंधित दर्ज कांडो को लेकर डीजीपी रेस

**रांची।** अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने - 21.02.2025 को पुलिस मुख्यालय सभागार में सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशि. एवं आधु, झारखण्ड, असीम विक्रांत मिंज पुलिस महानिरीक्षक, अपअनुवि, झारखण्ड, दीपक कुमार अपर पुलिस अधीक्षक, अप अनुवि , झारखण्ड एवं अपराध अनुसंधान विभाग के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित कांडों का किये जा रहे अनुसंधान के मद्देनजर व्यापक रूप से समीक्षा बैठक की। समीक्षा के क्रम में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड द्वारा सहारा ग्रुप से संबंधित लंबित कांडों में त्वरित गति से अनुसंधान करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने का सार्थक प्रयास करने, अनुसंधान के क्रम में अनुसंधानकर्ता को आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण उपकरणों का प्रयोग करने, काण्डों के पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये साक्ष्य का गहराई से विश्लेषण कर दोषियों पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने एवं पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु हर संभव प्रयास सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने किया मातृभाषा दिवस महोत्सव का आयोजन

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, राँची कार्यालय ने 21 फरवरी 2025 को होटल कैपिटल हिल, मेन रोड, राँची में मातृभाषा दिवस महोत्सव का भव्य आयोजन किया। यह आयोजन न केवल भाषायी विविधता का उत्सव था, बल्कि मातृभाषा के संरक्षण और प्रसार के प्रति जागरूकता लाने का एक सार्थक प्रयास भी था।कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक, राँची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने मातृभाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे हमारी सांस्कृतिक पहचान और जड़ों का प्रतीक बताया।

# पुलिस ने नवजात शिशु को सकुशल किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संतान नहीं होने से परेशान एक महिला ने अपने आस पास की महिलाओं को मनगढंत कहानी गढ़ दी थी कि वे गर्भवती है। इसी उम्मीद में वे अस्पताल के चक्कर लगाती थी कि कभी उसे कोई शिशु मिल जाए तो गाँव में ये बता सके कि अब निःसंतान नहीं है। इसी दौरान उक्त महिला ने रांची के सदर अस्पताल में एक महिला का तीन दिनों के एक नवजात शिशु को लेकर फरार होने का मौका मिल ही गया, लेकिन किस्मत साथ नहीं दिया और पुलिस ने नवजात शिशु को सकुशल बरामद किया और माँ पिता को सौंप दिया गया।वहीं उक्त महिला को नवजात शिशु की अपहरण मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बीते 17 फरवरी 2025 को लोअर बाजार, राँची अंतर्गत सदर अस्पताल से अज्ञात महिला द्वारा तीन दिनों का नवजात शिशु के अपहरण संबंधित मामला लोअर बाजार थाना में दर्ज किया गया था। घटना की संवंदनशीलता को देखकर, नवजात शिशु के बरामदगी तथा कांड उद्भेदन के लिए तत्काल पुलिस अधीक्षक, नगर राजकुमार मेहता के नेतृत्व में विशेष अनुसंधानक दल का गठन किया गया। अनुसंधानक दल के द्वारा घटनास्थल तथा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानो तथा मार्गो पर लगे कैमरो का बारीकी से अवलोकन किया गया एवं अज्ञात महिला को चिन्हित किया गया। अज्ञात संदिग्ध महिला को एक अन्य पुरुष सहित शिशु की मौसी को शिशु को गोद में लेकर शहर के विभिन्न मार्गो में जाते देखा गया। अज्ञात महिला तथा पुरुष द्वारा शिशु की मौसी को बहलाकर पुजा-पाठ में उलझाकर शिशु का अपहरण कर लिया गया तथा सुरक्षित स्थान पर छिपा दिया। विशेष अनुसंधानक दल द्वारा उत्कृष्ठ कोटि का अनुसंधान करते हुऐ बेरो-नरकोपी के सुदूरवर्ती क्षेत्र में विभिन्न स्थानो पर छापेमारी की। अंततः सुखदेवनगर थाना, राँची अंतर्गत पाहन टोली स्थित किराये के घर से अपहरण शिशु की सकुशल बरामदगी की गई तथा अपहरणकर्ता अज्ञात महिला को गिरफतार किया गया। पुछने पर तथ्य प्रकाश में आयी कि अपहरणकर्ता महिला निःसंतान थी। महिला ने अपने आस-पास के लोगो को स्वयं के गर्भवती होने की झूठी बात बता रखी थी।

**गिरफतार अभियुक्तों का नाम :** पुतुल उम्र-22 वर्ष पे0-स्व0 मधु पाहन सा0-चिंगरी थाना-नरकोपी जिला-राँची।

अपहरण हुआ नवजात सकुशल शिशु सकुशल बरामद। जप्त की गई सामानो का विवरणी, अभियुक्त का घटना के समय पहने हुये परिधान,अभियुक्त का मोबाईल फोन

**छापेमारी दलः** पुलिस उपाधीक्षक नगर, वैकटेश्वर रमण, पुनि सह थाना प्रभारी लोअर बाजार थाना दयानंद कुमार, पुअनि दिवाकर कुमार, खादगढ़ा टीओपी थाना-लोअर बाजार, पुअनि सुधीर बारा, थाना-लोअर बाजार, पुअनि कैलाश कुमार मंडल, डेलीमार्केट थाना, सअनि भीम सिंह, खादगढ़ा टीओपी थाना-लोअर बाजार, सअनि शाह फैसल, तकनिकी शाखा, राँची और 30770 सलीम अंसारी टाइगर मोबाइल 37 लोअर बाजार थाना, .30 848 अजमत अंसारी तकनिकी शाखा, राँची,आ0 897 विवेक कुमार तकनिकी शाखा, राँची, लोअर बाजार थाना अंतर्गत प्रतिनियुक्त सशस्त्र बल शामिल थे।

## जमशेदपुर की समस्या को लेकर पूर्व सीएम ने वर्तमान सीएम को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रह चुके भाजपा के कद्दावर नेता रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। रघुवर दास ने पत्र के माध्यम से कहा है कि जमशेदपुर देश का एक प्रमुख औद्योगिक शहर है। आर्थिक गतिविधियां, भारी वाहनों आदि के परिचालन एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियों के कारण शहर की आम जनता को जाम एवं यातायात असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही आये दिन बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से बहुमूल्य जान-माल की क्षति हो रही है, जो अत्यंत चिन्ताजनक विषय है। जमशेदपुर शहर में यातायात के दबाव कम कर जनता को राहत देने के लिए पूर्व में सरकार द्वारा निम्नांकित आधारभूत संरचना विकास योनजाएं स्वीकृत की गयी थी। दुर्भाग्यवश इन योजनाओं के लंबित होने से स्थिति और गंभीर हो गयी है। ये योजनाएं है-1. जमशेदपुर में गोविंदपुर उपरी पथ एवं बाईपास निर्माण इस परियोजना की निविदा 138.74 करोड़ रुपये की लागत से निष्पादित हो चुकी थी, किंतु निर्माण कार्य लंबित है। 2. लिट्टी चौक से स्वर्णरिखा नदी तक एनएच-33 को जोड़ने वाले पुल एवं पथ का निर्माण इस योजना का शिलान्यास भी हो गया था, परंतु आगे की कार्रवाई लंबित है। जनहित में टाटा मोटर्स से थीम पार्क होते हुए लिट्टी चौक के लिए एनएच-33 तक पथ एवं पुल का निर्माण कार्य शीघ्र कराने का आवश्यकता है।3. मानगो में एनएच-33 पर नया इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण मानगो पुल के पास स्थित बस स्टैंड को स्थानांतरित करने के निमित एनएच-33 पर नया इंटर स्टेट बस टर्मिनल निर्माण योजना की स्वीकृति दी गयी थी। इस योजना के अंतर्गत केवल बाउंड्री वाल का निर्माण हुआ है, शेष कार्य अभी भी लंबित है, इसे शीघ्र पूरा कराया जाना आवश्यक है। उपर्युक्त परियोजनाओं का क्रियान्वयन समय पर पूर्ण होने से जमशेदपुर की जनता को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था में काफी सुधार होगी।

## विस अध्यक्ष ने विधायकों व मंत्रियों के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 24 फरवरी से 27 मार्च , 2025 तक आहूत षष्ठम झारखण्ड विधान सभा के द्वितीय (बजट) सत्र के सफल एवं सुचारु संचालन को लेकर झारखंड विधानसभा में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित विधायक दल के नेताओं एवं प्रतिनिधियों की बैठक में सम्मिलित हुआ। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में बजट सत्र की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करने और प्रदेश की प्रगति को गति देने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

## एसडीओ ने अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** अनुमंडल पदाधिकारी , सदर, राँची उत्कर्ष द्वारा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय नामकुम का औचक निरीक्षण किया गया। मनरेगा योजना के तहत मानव दिवस और चल रहे योजनाओं का कार्य संतोषजनक पाया गया। पुराने लंबित योजना कुंऐ आदि संदर्भ में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नामकुम द्वारा बताया गया कि कुआँ धंसने एवं पत्थर मिलने के कारण योजना पूर्ण नहीं हो सका है। प्रधानमंत्री आवास योजना में कुल लक्ष्य 3647 के विरूद्ध 1357 योजना स्वीकृत की गई है एवं 428 लाभुकों को प्रथम किस्त राशि का भुगतान किया गया है । अबुआ आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2023-2024 का तीसरा किस्त की राशि 55.47 प्रतिशत का भुगतान किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में कुल लक्ष्य 1515 में से 1119 लाभुकों को प्रथम किस्त एवं 27 लाभुकों को द्वितीय किस्त का भुगतान किया गया है, इस संदर्भ में दो सप्ताह के अंदर पूर्ण करने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया। बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 95. 45त्न एवं वित्तीय वर्ष-2022-23 में 96.67त्न तथा वर्ष-2023-24 में 93त्न पूर्ण हो चुकी है। जिसमें वर्षवार लगभग 6 से 7 प्रतिशत योजनाऐं लंबित है। 15वें वित्त आयोग में अनटाइड फंड में काफी राशि षेश है जैसे हाहाप पंचायत अंतर्गत 2,15,869 /- रूपये, राजाउलातु पंचायत अंतर्गत 5,72,865.71/- रूपयें एवं टाटी (पश्चिम) पंचायत में 8,75,108/- रूपये। टाईड ग्रांट में काफी राशि शेष है जैसे हुवानघाटु पंचायत में 5,90,007.44 /- रूपये, राजाउलातु में 13,24,606.15 /- रूपयें एवं टाटी (पश्चिम) में 16,84,188.35 /- रूपये अवशेष है। 15वें वित्त आयोग की बची हुई शेष राशि के संदर्भ में योजना लेते हुए इस पर कार्य करने का निदेश दिया गया, ताकि कोई भी राशि लेप्स ना हो। पर्यटनः- पर्यटन के क्षेत्र में दो अधिसूचित पर्यटन क्षेत्र है। इसके संदर्भ में जानकारी का आभाव प्रतीत हुआ।



दोनों पर्यटन क्षेत्र में इस वर्ष योजना के संदर्भ में प्रतिवेदन लेते हुए योजना का प्रस्ताव जिला को भेजने का निदेश दिया गया, ताकि जिला पर्यटन समिति से इसका अनुमोदन होकर कार्य हो सके।

**मईयां सम्मान योजनाः** मईयां सम्मान योजना में प्रगति संतोषजनक है। मईयां सम्मान योजना अंतर्गत नामकुम प्रखण्ड में कुल 28,128 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 21,889 की स्वीकृत की जा चुकी है, 5918 आवेदन अभी लंबित है। शहरी क्षेत्र में अनुमोदन एवं भुगतान संतोषजनक है। (सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, राँची) प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल आवेदन प्रखण्ड के बाहर के आवेदकों द्वारा भूलवश इस प्रखण्ड में आ गए हैं, किंतु अस्वीकृत करने से वे पुनः सही प्रखण्ड/अंचल में नहीं कर सकेंगे। दाखिल-खारिज के लंबित मामलों को देखते हुए खेद प्रकट किया गया और 30 दिन के उपर बिना आपत्ति वाले कुल 1358 मामले एवं 90 दिन से आपत्ति वाले कुल 566 मामले हैं। जिसे एक सप्ताह के अंदर समाप्त करने का निदेश दिया गया ।

## धूमधाम से मनाया गया अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रामगढ़ राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ के तत्वाधान में खोरठा भाषा विभाग के द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति डॉ रश्मि ने की।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डॉ रश्मि , कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल , परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार महतो , रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रध्यापक डॉ बी एन ओहदार , शिक्षाविद बासुदेव महतो , समाजसेवी डॉ डी सी राम , खोरठा विभाग के विभागाध्य अनाम ओहदार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने संबोधन में कि इस तरह के आयोजन से लोगों को अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी. एन. साह ने अंतराष्ट्रीय मातृभाषा की हार्दिक शुभ कामनाएं दी। प्रभारी कुलपति डॉ रश्मि ने संबोधन में बताया कि आज का दिन मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाव देने के महत्व को बताता है।

## मंत्रियों को मिला बंगला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में स्थिति स्मार्ट सिटी में झारखंड सरकार के मंत्रियों के लिए तैयार किया गया बंगला उन्हें आवंटित कर दिया गया है। लंबे समय से इसकी तैयारी चल रही थी। अब एक ही जगह पर सभी मंत्रियों से आप मिल सकेंगे। पयर्टन मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू को बंगला नम्बर 1 आवंटित किया गया है। इसके साथ ही और भी मंत्रियों को बंगला मिला है। सफेद रंगों वाला बंगला आकर्षण का केंद्र बन गया है।

**इन मंत्रियों को मिला बंगला :** पयर्टन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को बंगला नंबर 1, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बंगला नंबर 2, वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बंगला संख्या 3, स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी को बंगला नंबर 4 उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद को बंगला नंबर 5, अल्पसंख्यक मंत्री हफीजुल हसन को बंगला नंबर 6, आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को बंगला नंबर 7 , परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ को बंगला नंबर 8, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को बंगला नंबर 9,शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन को बंगला नंबर 10 और लघु उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव को बंगला नंबर 11 आवंटित कर दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहले से जहाँ हैं वहीं रहेंगे।

### तालीम की ताकत और शिक्षा को सम्मान अभियान के तहत काउंसलिंग कैंप का आयोजन

**रांची।** फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी, रांची द्वारा तालीम की ताकत और शिक्षा को सम्मान अभियान के अंतर्गत इदरीसया तंजीम स्कूल, हिंदीपीढ़ी में एक काउंसलिंग कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में लगभग 15 स्कूलों के छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समुदाय में बढ़ती स्कूल ड्रॉप-आउट दर को रोकना और छात्रों को उनकी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना था।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को





परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी 2025 को रांची जिला के चडरी स्थित झारखंड पुलिस एसोसिएशन के परिसर में लगभग 1056 से अधिक मतदाताओं द्वारा मतदान किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है । इस बार लंबे समय से अध्यक्ष पद पर रहने वाले योगेंद्र सिंह अपने नाम वापसी के साथ उम्मीदवार पद के रेस से बाहर हैं। वे सिर्फ मतदाता की भूमिका में रहेंगे । लेकिन निवर्तमान अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह भले चुनाव मैदान में दावेदार नहीं हैं लेकिन इनके साथ पूर्व कमेटी में काम करने वाले पदाधिकारी फिर से इस चुनावी मैदान में कूद पड़े हैं।

देखना यह होगा कि पूर्व के पदाधिकारियों को पुनः मौका मिलेगा या कोई नया समीकरण तैयार होगा। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार कमलेश चुनाव लडेंगे या समर्थन देकर खेल बिगाडेंगे सबकी निगाह कमलेश पर ही टीकी है।

**दोनों टीमें कर रही है दावे :** इस चुनावी मैदान में राहुल कुमार मुर्मू पुलिस अवर निरीक्षिक अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हैं तो वहीं दूसरी तरफ रविंद्र कुमार उर्फ पप्पू सिंह अध्यक्ष पद के लिए चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। दोनों अपनी टीम लेकर चुनावी मैदान में पूरे झारखंड भ्रमण पर हैं और लगातार पुलिस अवर निरीक्षिक, सहायक अवर निरीक्षिक के संपर्क में हैं, ताकि भारी मतों से मतदाता मतदान केंद्र आए और मतदान करें। इस चुनाव में खासकर इस बार देखा जाए तो आदिवासी चेहरा अध्यक्ष पद पर जोर लगा दिया है। हलांकि पिछले बार भी आदिवासी चेहरा अध्यक्ष पद पर चुनाव लडे थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी। झारखंड गठन के बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन में अध्यक्ष के पद पर आदिवासी चेहरा को अध्यक्ष पद पर मौका नहीं मिला है, इस बार क्या होगा ये तो अब आने वाले समय बताएगा। फिलहाल दोनों टीमें अपने अपने दावेदारी ठोक रहें हैं।

**दोनों टीमों के उम्मीदवार :** अध्यक्ष पद के लिए राहुल कुमार मुर्मू, रविंद्र कुमार, कमलेश कुमार शामिल हैं। अध्यक्ष पद पर पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार मुर्मू हैं और इनके साथ उपाध्यक्ष पद के लिए पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार रजक, संगठन सचिव पुलिस अवर निरीक्षक मंटू कुमार साहू, संयुक्त सचिव संतोष कुमार महतो, उपाध्यक्ष पद पर सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, महामंत्री सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार, संयुक्त सचिव राकेश पाण्डेय शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पुअनि रंवींद्र कुमार उर्फ(पप्पु सिंह) हैं और इनके टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष सअनि, मो.महताब आलम हैं और पुअनि रामाकांत उपाध्याय, महामंत्री पुअनि अरविंद प्रसाद यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव, सअनि श्रीकांत शर्मा सअनि, मनोज पासवान , प्रदेश संगठन सचिव अनिस निर्मल यादव आईआरबी 8 से हैं। दोनों टीम अपने-अपने चुनावी घोषणाओं के साथ चुनावी मैदान में उतर चुकें हैं, तो वहीं इस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। 28 फरवरी को मतदान होगा और देर रात से ही इसकी गिनती भी शुरू हो जाएगी। इन दोनों टीमों में राकेश पांडेय पहले झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रह चुके हैं , इस बार झारखंड पुलिस एसोसिएशन में संयुक्त सचिव के उम्मीदवार हैं।

वहीं उपाध्यक्ष पद पर सअनि, मो.महताब आलम हैं जो निवर्तमान कमेटी में महामंत्री थे और अरविंद प्रसाद यादव भी निवर्तमान कमेटी में उपाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं।

## योगी आदित्यनाथ को अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए : डॉ. इरफान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उर्दू भाषा पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है।

मंत्री डॉ. अंसारी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ को अपनी भाषा पर संयम रखना चाहिए और अनावश्यक, भड़काऊ टिप्पणियों से बचना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वे इस तरह की बयानबाजी जारी रखते हैं, तो उन्हें रांची लाकर कांके मानसिक स्वास्थ्य संस्थान में भर्ती कराना पड़ेगा।

मंत्री डॉ. अंसारी ने जोर देकर कहा कि उर्दू किसी जाति या धर्म विशेष की भाषा नहीं है, बल्कि यह सभी समाज को जोड़ने वाली भाषा है। उन्होंने योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वे अपनी हरकतों से बाज आएं और किसी विशेष समुदाय को बार-बार निशाना बनाना बंद करें।

उन्होंने कहा, तुम्हें किसने इतनी हिम्मत दे दी कि तुम एक वर्ग को हमेशा टारगेट करते हो? आखिर तुम्हारी मंशा क्या है? स्वास्थ्य मंत्री ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानसिक संतुलन ठीक नहीं लगता, इसलिए वे समय-समय पर ऐसी भड़काऊ और विभाजनकारी बातें करते हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की जनता से भी सवाल किया कि कैसे ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री चुना गया, जिसकी राजनीति समाज को तोड़ने पर आधारित है।

## राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का 9 अप्रैल को देशव्यापी जेल भरो आंदोलन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का झारखण्ड राज्य स्तरीय मिनी तरबियती कैम्प इरबा, सेन्टर मार्केट, रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता प्रोफेसर जमशेद क़मर, पूर्व उर्दू विभाग अध्यक्ष रांची यूनिवर्सिटी रांची, मार्ग दर्शक वामन मेश्राम , प्रशिक्षक चाँद मोहम्मद,राष्ट्रीय प्रभारी- राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, नई दिल्ली, अधिवक्ता विजय प्रताप भारती, प्रदेश प्रभारी, बामसेफ और मोहम्मद माजिद अन्सारी, कोकदरो, राँची ,इम्तेसाम अली, परपोती शेख भिखारी, राँची ,हाजी रूस्तम अली, इरबा, बामसेफ, झारखण्ड, सांभा हालत खान हाजी महबूद्दीन आलम, कार्यकारी अध्यक्ष ,राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा झारखंड, शाहिद रजा अंसारी सीसी कमेटी मेंबर मौजूद थे । मौके पर बोलते हुए चांद मोहम्मद राष्ट्रीय प्रभारी, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने कहा कि यह यह तरबियती कैंप ईवीएम से चुनाव के विरोध में ,ओबीसी जातिगत आधारित जनगणना के समर्थन में, वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल के खिलाफ समेत आदिवासियों की पांचवी छठवीं अनुसूची को लागू करने के लिए और उनके जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के लिए आयोजित की गई। इसका बुनियादी मकसद मुसलमानों की समाजी और सियासी जडों को मजबूत करना, कौम के हक की लड़ाई लड़ने के लिए कौम के अन्दर समाजी बेदारी और फिक्र पैदा करना।

# अगवा हुये कोयला कारोबारी आशिक अली 12 घंटे के बाद घायल अवस्था मे बरामद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार थाना क्षेत्र के न्युमंगरदाहा गांव निवासी कोयला कारोबारी आशिक अली का अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने बीती रात अपहरण कर लिया था।घटना के बाद सूचना मिलते ही टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।इसके बाद कोयला कारोबारी आशिक अली की बरामदगी को लेकर चार जिलों की पुलिस टीम के द्वारा छापेमारी अभियान शुरू किया गया।घटना के तुरंत बाद चतरा पुलिस अधीक्षक विकाश पाण्डेय के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में चतरा,रांची,हजारीबाग और रामगढ़ की पुलिस टीम के द्वारा रात भर सीमांत एरिया को सील कर ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया गया।इस दौरान रात मे ही पिपरवार पुलिस ने शक के आधार पर कई लोगो को हिरासत मे लेकर पुछताछ कर रही है।इधर तबाड़तोड़ छापेमारी एंव पुलिस दबिश के कारण अपराधियों ने करीब 12 घंटे के बाद शुक्रवार की सुबह पिपरवार थाना क्षेत्र के जोबिया दामोदर नदी में आशिक अली को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया।वहीं शौच कर नदी के रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने आशिक को घायल अवस्था मे देखा और उसे उसके घर पहुंचाया।जिसके बाद स्थानीय पुलिस एवं परिजनों के द्वारा घायल अवस्था में उसे बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया।इधर घटना की सूचना पाकर सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी,पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा,अवर निरीक्षक अंजनी कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।वही खबर फैलते ही बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।फिलहाल पिपरवार पुलिस पुरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है।वही शक के आधार पर हिरासत मे लिये गये लोगो से पुछताछ कर रही है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद से अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।पिपरवार,टंडवा, खलारी,मैक्लुस्कीगंज और बुड़मू पुलिस के द्वारा अलग-अलग जगहो पर संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**क्या है पुरा मामला :** कोयला कारोबारी आशिक अली ने घायल अवस्था मे बताया कि वह रोज की तरह गुरूवार की रात्री करीब 8ः30 बजे अपने न्युमंगरदाहा स्थित घर पहुंचा और अपने वाहन को पार्किगं मे लगाया,इसी बीच चार-पांच की संख्या मे नकाबपोश अपराधी हथियार के बल पर उसे अगवा कर लिया।इस दौरान बीच बचाव करने आये उसके पुत्र के साथ भी अपराधियो ने मारपीट किया और आशिक को अपने साथ लेकर चले गये।आगे जाने के बाद अपराधियो की संख्या 12 से 15 के करीब हो गया।उसे बाईक से जंगल की ओर ले गया।आशिक अली ने बताया कि अपराधियो ने रात भर उसके साथ मारपीट किया जिससे वह जख्मी होकर बेहोश हो गया।सुबह मे होश आने के बाद वह जोबिया दामोदर नदी के किनारे घायल अवस्था मे पड़ा था,इसी बीच शौच कर वहां से गुजर रहे कुछ लोगो ने उसे घर पहुंचाया।जिसके बाद परिजन व पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया।पुलिस ने उनका बयान लेकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## माउंट हेरा स्कूल में 10 वा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का किया आयोजन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):**माउंट हेरा स्कूल में 10 वा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, बच्चों ने काफी उत्साह दिखाई दिया। जिसमें ड्रामा में दहेज प्रथा, डांस के द्वारा आजाद भारत, मंजिल तलाश कर, विमेंस एंपावरमेंट, बेटियों की विशेषता , भाषण में शिक्षा का महत्व, वाद -विवाद द्वारा हेल्थी फूड और जंक फूड इत्यादि के बारे में बतलाया गया तथा ताइक्कांडो का प्रोग्राम दिखाया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महाससचिव सुप्रियो भट्टाचार्य रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम जी रहे अन्य अतिथियों में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, अफरोज, अंसारी , समाजसेवी अब्दुल सत्तार अंसारी , अब्दुल कुदुस अंसारी, ओरमांझी प्रखंड के खाद्य आपूर्ति विधायक प्रतिनिधि सफ़ीउल्लाह अंसारी जी रहे। इसके अलावा अन्य अतिथियों मुज्तबा अंसारी जी, जमील अंसारी, अरशद अनवर, सरफराज शहीदी तथा अभिभावक मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था के प्रबंधक निदेशक अंजुम परवीन तथा मुजतबा अंसारी ने किया और बुके सॉल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय की मेहनत और उसकी ऊंचाई को बढ़ते देख शुभकामना दी। उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि बच्चियों का शिक्षित होना बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चों की पहली शिक्षिका उनकी माँ होती है , साथ ही मरहूम आफताब आलम को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जो स्कूल की नींव रखी है वो बहुत बड़ी है जो एक दिन बहुत ऊंचे मुकाम पर पहुंचेंगे। उन्होंने बच्चों के प्रतिभा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इस तरह के प्रोग्राम से का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। सचिव अंजुम परवीन ने भी मरहूम आफताब आलम को याद करते हुए कहा कि उनका सपने को साकार करना उनका लक्ष्य है इस तरह के प्रोग्राम से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। बच्चे मानसिक सुदृढ़ होते है।

## पिपरवार के कल्याणपुर में प्रमुख रीना कुमारी ने नये प्रज्ञा केंद्र का किया उद्घाटन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार चौक में नये प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने नये प्रज्ञा केंद्र का फीता काटकर उदघाटन किया।इस संबंध मे टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि कल्याणपुर में प्रज्ञा केंद्र की सुविधा उपलब्ध होने से पंचायत के लोगों को ऑन लाइन से सभी तरह के प्रमाण पत्र एंव कई तरह की सुविधा मिलेगी।यहां के लोगों की सुविधा को देखते हुए प्रज्ञा केंद्र को चालू किया गया है।इधर प्रज्ञा केंद्र के संचालक आदर्श विश्वकर्मा ने बताया कि यहां सभी तरह के कार्य निष्पादन किये जायेंगे।जाति,स्थानीय,आय, आवासीय प्रमाण पत्र तथा पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, स्कालरशिप,जमीन रसीद, इ-मेल तथा सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्य किये जायेंगे।विशेष रूप से प्रमाण पत्रो के लिए लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नही काटना पड़ेगा।इधर कल्याणपुर में प्रज्ञा केन्द्र खुलने से स्थानीय ग्रामीणो में खुशी की लहर देखी गई।इस मौके समाजसेवी अरुण उरांव, सोनू गुप्ता,भोला पासवान,राज भोगता,शंकर विश्वकर्मा,संजय भोगता,रविंद्र उरांव,राहुल राम, सचिन पासवान,राघवेंद्र सिंह,कमलेश विश्वकर्मा,अनीता देवी,सौरभ कुमार,शिवम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 16 राज्यों में एक दिवसीय मवेशी देखभाल का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने भारत में 6 स्थानों पर 517 प्रतिभागियों के साथ 'सबसे बड़े मवेशी कल्याण पाठ (कई स्थानों)' के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कंपनी के पशु विकास दिवस (पीवीडी) के 7वें संस्करण के हिस्से के रूप में हासिल की गई, जो देश भर में सबसे बड़ा एक दिवसीय मवेशी देखभाल शिविर है। ये शिविर 16 राज्यों में 500 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए गए, जिससे लगभग 1,90,000 लाभार्थी (1,50,000 मवेशी और 40,000 मवेशी मालिक) लाभान्वित हुए। भारत में, लगभग 65-70% ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि या कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है।

# खलारी पंचायत में झामुमो की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी प्रखंड झामुमो संयोजक मंडली का बैठक खलारी पंचायत भवन में हुयी. बैठक की अध्यक्षता संयोजक प्रमुख अनिल पासवान ने की. बैठक में खलारी पंचायत में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा किया गया साथही दर्जनों लोगों को झामुमो की सदस्यता भी दिलायी गयी. इस दौरान सर्व सम्मति से खलारी पंचायत समिति का गठन भी किया गया. अध्यक्ष प्रदीप टोप्पो, उपाध्यक्ष इस्लाम अंसारी ,नसीमुद्दीन अंसारी, पहलाद प्रसाद, विजय गोप , सचिव- अजय सिंह, सहसचिव वीरेंद्र गंझु, संगठन सचिव सुनील मुंडा ,कोषाध्यक्ष रोहित मुंडा ,सह कोषाध्यक्ष आफरीन परवीन को बनाया गया.इसके अलावे कार्यकारिणी सदस्य में रंजीत टोप्पो, बुला अंसारी, मंटू लोहार ,बिंदु तिग्गा, जेरोमनी टोपो का नाम शामिल है. इस मौके पर राजेश गोप, कलीम रिजवी, रंथु उरांव, छोटु राम, जैनुल खान, सुनील यादव ,चितरंजन सिंह, रितम कुमारी ,सुराया बानो, चंदा देवी, माया देवी, सुशील मुण्डा, हैदर अली,आनन्द उरांव, सुभाष गोप, बाली लोहार, शरद गोप इत्यादि कार्यकता उपस्थित थे.

## भाजपा रांची जिला ग्रामीण का बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

# तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करेगा बजट : डॉ प्रदीप वर्मा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** भाजपा रांची जिला ग्रामीण ने सिल्ली स्थित धर्मशाला में बजट पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉक्टर प्रदीप वर्मा उपस्थित थे। डॉक्टर प्रदीप वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का बजट पेश किया है वह बजट देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक पटेल पर जबरदस्त उछाल देने वाला बजट है। यह बजट भारतवासियों के एवं पीएम मोदी के लक्ष्य जो विश्व की तीसरी सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था वाला देश बनने पर इस सपने को साकार करता है। बजट में मध्यम वर्ग के लिए प्रति माह 1 लाख रुपए आय वाले परिवारों के लिए टैक्स फ्री किया गया है।को भारत सोने की चिड़िया बने इसके लिए केंद्रीय बजट में कृषि क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के अंतर्गत 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इनमें 100 निम्न उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। अरहर ,उड़द व मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए दालों में आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया जाएगा। संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने किया। मौके पर भगीरथ महतो, मनोज साव, अजित साहू,विनय साव,राजेश अग्रवाल, गणेश साहू, नरोत्तम गोराई,पिन्टू साव, प्रवीण गुप्ता,भागवत सोनार, प्रमोद अग्रवाल,शायन त्रिपाठी , वीणा देवी, स्नेहलता देवी,अमिता कुमारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# श्री श्री नव कुंज अखंड हरि नाम संकीर्तन महायज्ञ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** पश्चिम बंगाल झालदा के पुस्ती अंचल के नव कुंज धाम बुडकु डीया मैदान तोरंग कोड़ाडीह में 21 फरवरी से त्रिवेणी स्वर्ण रेखा नदी घाट पर प्रारंभ हो गया।इस पूर्व पुश्ती अंचल के स्वर्णरेखा त्रिवेणी घाट में गौरांग दास,मधु दास,अरुण ठाकुर,बीपी ठाकुर ,गोपाल ठाकुर ,आदि के त्रिवेणी स्वर्ण रेखा नदी घाट पर मंत्तोचरण के साथ कलश की पूजा की गई।साथ है त्रिवेणी स्वर्ण रेखा नदी घाट पर स्थित शिव मंदिर पर पुरोहित रोहणा महतो घासी राम महतो आदि के द्वारा पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात काफी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली गई जो स्थानीय विभिन्न गांव होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचा। तथा कलश की स्थापना की गई।समिति के कमल महतो ने बताया कि 21फरवरी से चले ये श्री श्री नव कुंज अखंड हरि नाम संकीर्तन महायज्ञका समापन 3 मार्च को किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का झारखंड राज्य स्तरीय मिनी तरबियती कैंप का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा का झारखण्ड राज्य स्तरीय मिनी तरबियती कैम्प इरबा, सेन्टर मार्केट, रांची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता प्रोफेसर जमशेद क़मर, पूर्व उर्दू विभाग अध्यक्ष रांची यूनिवर्सिटी रांची, मार्ग दर्शक वामन मेश्राम , प्रशिक्षक चाँद मोहम्मद,राष्ट्रीय प्रभारी- राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा, नई दिल्ली, अधिवक्ता विजय प्रताप भारती, प्रदेश प्रभारी, बामसेफ और मोहम्मद माजिद अन्सारी, कोकदरो, राँची ,इम्तेसाम अली, परपोती शेख भिखारी, राँची ,हाजी रूस्तम अली, इरबा, बामसेफ, झारखण्ड, सांभा हालत खान हाजी महबूद्दीन आलम, कार्यकारी अध्यक्ष ,राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा झारखंड, शाहिद रजा अंसारी सीसी कमेटी मेंबर मौजूद थे । मौके पर बोलते हुए चांद मोहम्मद राष्ट्रीय प्रभारी, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा ने कहा कि यह यह तरबियती कैंप ईवीएम से चुनाव के विरोध में ,ओबीसी जातिगत आधारित जनगणना के समर्थन में, वक्फ बोर्ड अमेंडमेंट बिल के खिलाफ समेत आदिवासियों की पांचवी छठवीं अनुसूची को लागू करने के लिए और उनके जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के लिए आयोजित की गई। इसका बुनियादी मकसद मुसलमानों की समाजी और सियासी जडों को मजबूत करना, कौम के हक की लड़ाई लड़ने के लिए कौम के अन्दर समाजी बेदारी और फिक्र पैदा करना। सर जमीन-ए-भारत से कौम के बुजुर्गों की (गोल्डन इतिहास) और कुर्बानियों से कौम को वाकिफ करना। मज लूम बहुजनों (ओबीसी, एससी. एसटी) और मसावात को मानने वाले (बुद्धिस्ट, ईसाई, सिख, लिंगायत जैन) और मुसलमानों के बीच इत्तेहाद और भाईचारा कायम करना। खुद कफील (आत्म निर्भर) बावकार तंजीम, तहरीक और समाजी, सियासी, अकलियत, कयादत पैदा करना। जनसंख्या के अनुपात में शाासन-प्रशासन में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जद्दोजहद करना। मुसलमानों पर सांप्रदायिकता के आधार पर हो रहे जुल्म को रोकने के के लिए कम्युनल वायलेन्स प्रीवेंशन एक्ट लागू करवाने की लड़ाई लड़ना। कौम के अन्दर समाजी, तारीखी और नजरियाती तरबियती और फिक्री कैडर तैयार करना।।

## उप मुखिया ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष सह उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने गुरुवार को रेखा गुप्ता को दिल्ली का नया मुख्यमंत्री बनाये जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।श्रीमती गुप्ता को बधाई देते हुए संतोष गुप्ता ने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली को दुनिया की शीर्ष राजधानियों में से एक बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में समर्पण के साथ काम करेंगे।उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके नेतृत्व में भाजपा सरकार उन आशाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन-रात काम करेगी, जिनके साथ दिल्ली की माताओं-बहनों ने भाजपा को आशीर्वाद दिया है।

## अशोक परियोजना मे हुई इनमोसा की बैठक,चार चरणो में होने वाले आंदोलन पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना में इनमोसा अशोक परियोजना शाखा कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता सिध्दनाथ सिंह और संचालन आशिष कुमार तिवारी ने किया।इस बैठक मे इनमोसा केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर 24 फरवरी से चार चरणों में होने वाले सीसीएल स्तरीय आंदोलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इनमोसा से जुड़े माईनिंग स्टाफ की विभिन्न समस्याओं को लेकर केंद्रीय कमेटी के आहवान पर सीसीएल स्तरीय चार चरणों में आंदोलन का आह्वान किया गया है,जिसकी शुरुआत 24 फरवरी से होगी।वक्ताओं ने कहा कि 24 फरवरी को सभी परियोजना के पीट कार्यालय एवं 3 मार्च को सभी क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।वही 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में धरना प्रदर्शन किया जाएगा,जबकि 24 मार्च से 26 मार्च तक सभी माईनिंग स्टाफ तीन दिनों तक सामूहिक रूप से अवकाश पर रहेंगे।बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए आगे की रणनीति तैयार की गई,साथ ही इनमोसा से जुड़े सभी लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।बैठक मे मुख्य रूप से एसडी राम,शत्रुघ्न विश्वकर्मा,केशव प्रसाद यादव,नंद किशोर,रजी अहमद,सुनील कुमार चौबे, सुरेंद्र प्रसाद,मुंशी प्रेमचंद,तामीजुद्दीन अंसारी,सुजीत कुमार, आरपी राय,आशीष कुमार तिवारी,प्रकाश तिर्की,शंकर दयाल,नरेंद्र उरांव,अशोक कुमार, अनित कुमार,ऋषिपाल सिंह,तपन कुमार महतो सहित कई लोग मौजुद थे।

## मुखिया गुंजन सिंह की पहल पर बचरा उतरी पंचायत के पांच जगहो पर हुआ बोरिंग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के पांच जगहो पर चतरा जिला पीएचडी विभाग के द्वारा बोरिंग कराया गया।जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के पहल पर पांच जगहो पर बोरिंग कराया गया है।इस संबंध में मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि पंचायत में पानी की समस्या को देखते हुए उन्होंने चतरा जिला पीएचडी विभाग से बोरिंग कराने की मांग की थी।जिसके लिए झारखंड सरकार चतरा जिला पीएचडी विभाग को पत्र भी सौंपा गया था।जिस पर स्वीकृति प्रदान करते हुए बचरा उत्तरी पंचायत के ऐलो कॉलोनी,बैरक कॉलोनी, काली मंदिर रोड एवं बचरा बस्ती में पांच डिट बोरिंग कर हैंडपंप सेट लगाया गया। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को देखते हुए पंचायत के ग्रामीणों ने हैंडपंप लगाने की मांग की थी,जिसे पीएचडी विभाग से अवगत कराया गया था।अब बोरिंग होने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है।मुखिया गुंजन कुमारी सिंह ने बताया कि गर्मी से पूर्व पांच जगह पर बोरिंग होने से लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।उन्होंने कहा कि पंचायत के विकास के लिए उनके द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा।इधर पंचायत के पांच जगह पर बोरिंग होने से पंचायत के लोगों ने मुखिया गुंजन सिंह के प्रति आभार जताया है।

## नियमित दिनचर्या और आस्था से करें कार्य, मिलेगी सफलता : इंद्रेश उपाध्याय

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटीसिलवे के ईईएफ मैदान में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास इंद्रेश जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, उनकी रास लीलाओं और उनकी दिव्य महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से मानवता को सही रास्ता दिखाया और उन्हें भगवान की भक्ति और समर्पण की प्रेरणा दी। कथा के दौरान इंद्रेश जी महाराज ने श्रोताओं को भगवान श्रीकृष्ण की महिमा को समझने और उनके जीवन के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाता है, जिनमें से एक यह है कि हमें अपने जीवन में भगवान की भक्ति और समर्पण को महत्व देना चाहिए। कथा के सातवें दिन बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे, जिन्होंने कथा को बहुत ही ध्यान से सुना और भगवान श्रीकृष्ण की महिमा को बताया। भागवत कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं और उनके उपदेशों के माध्यम से ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाया। ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाने के लिए कथा में कई उदाहरण दिए गए हैं। भगवान कृष्ण ने अपने उपदेशों में ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाते हुए बताया कि कैसे ज्ञान और प्रकाश हमें अज्ञानता और अंधकार से मुक्ति दिला सकते हैं। कथा में ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाने के लिए कई पात्रों का उल्लेख किया गया है, जिनमें से एक प्रमुख पात्र है उद्धव। उद्धव भगवान कृष्ण के प्रिय मित्र और शिष्य थे और उन्होंने भगवान कृष्ण से ज्ञान और प्रकाश की प्राप्ति की थी। अज्ञानता से मुक्ति पाने के लिए ज्ञान और प्रकाश की महत्ता को समझाया है। कथा में ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाने के लिए कई अन्य श्लोकों का भी उल्लेख किया। भागवत कथा में ज्ञान और प्रकाश का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। कथा में भगवान कृष्ण की लीलाओं और उनके उपदेशों के माध्यम से ज्ञान और प्रकाश के महत्व को समझाया गया है और बताया गया है कि कैसे ज्ञान और प्रकाश हमें अज्ञानता और अंधकार से मुक्ति दिला सकते हैं।

## पोटका में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का शिलान्यास



**जमशेदपुर/पोटका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पोटका प्रखंड के बालिजुड़ी में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा स्वीकृत समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का विधिवत शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार द्वारा किया गया। 3.17 करोड़ की लागत से बनने वाले इस कृषक पाठशाला में 10 गांवों के 750 किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहाँ किसानों को मधु पालन, मशरूम उत्पादन, बागवानी, गाय, बकरी, बतख और सुअर पालन के साथ जैविक खेती की आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग मिलेगी। इसके अलावा, कृषि, पशुपालन, मत्स्य और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। यह पूर्वी सिंहभूम जिले का छठा और पोटका प्रखंड का पहला कृषक पाठशाला होगा, जो किसानों की क्षमता को विकसित करने में अहम भूमिका निभाएगा। शिलान्यास समारोह में विधायक संजीव सरदार ने कहा, यह कृषक पाठशाला क्षेत्र के किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इससे न सिर्फ उनकी आय में वृद्धि होगी बल्कि वे आधुनिक खेती और पशुपालन के नए आयाम भी सीख सकेंगे। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, बीटीएम कौशल झा, मुखिया विधन सरदार, पंचायत समिति सदस्य सीताराम हांसदा, पूर्व जिला परिषद हीरामणि मुर्मू सहित कई ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में भटली परिवार ने लगाई आस्था की डुबकी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** श्री श्याम भटली परिवार जमशेदपुर के 25 सदस्यों ने महाकुंभ 2025 में त्रिवेणी संगम में ब्रह्म मुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद, भटली परिवार के सदस्यों ने हेलीकॉप्टर से संपूर्ण कुंभ का दर्शन किया। महाकुंभ के सफल आयोजन में उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन की 24 गुणा 7 सेवा को सराहनीय बताते हुए भटली परिवार ने पुलिस टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस यात्रा में प्रमुख रूप से गगन रुस्तगी, ललित डांगा, मुरारी नानिगका, मदन अग्रवाल, बिस्सू नरेडी, धीरज चौधरी, बृजमोहन रुस्तगी, विपिन रुस्तगी, अंशुल रुस्तगी, पायल रुस्तगी, उमा डांगा, सविता देवी, ऋतिका चौधरी, पुष्प देवी, खुशी देवी, विजया देवी, बेबी कुमारी, कुसुम कुमारी, विकास सिंह, गणेश, सुनील कुमार आदि शामिल थे।

## एसएसजी इंग्लिश स्कूल को आईसीएसई से मिली मान्यता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** साकची स्थित एसएसजी इंग्लिश स्कूल को आईसीएसई (इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन) से आधिकारिक एफिलिएशन प्राप्त हो गया है। यह उपलब्धि स्कूल की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मौसमी, मुख्य सचिव केतन आदेशरा और प्रेसिडेंट रश्मिन रामपारा ने अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की मेहनत का परिणाम है। इस मान्यता से हमें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों को बेहतरीन अवसर देने की प्रेरणा मिलेगी। अब एसएसजी इंग्लिश स्कूल आईसीएसई द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम, मूल्यांकन प्रणाली और शिक्षण विधियों को अपनाएगा, जिससे छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## शिक्षक अमरेश सिन्हा के मौत की सुचना पर पहुंचे विधायक दशरथ गागराई



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरडीहा के प्रधानाध्यापक व देहरीडीह निवासी शिक्षक अमरेश सिन्हा का विगत दिनों सड़क दुघर्टना से ओडिशा के भुवनेश्वर अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गई। वहीं घटना की सुचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने शिक्षक स्व अमरेश सिन्हा के घर पहुंचकर अपना गहरा शोक व्यक्त किया। एवं उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। एवं उनके आत्मा शांति व लिए भगवान से कामना किया। मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि शिक्षक अमरेश सिन्हा काफी सरल स्वभाव व व्यवहारिक व्यक्ति थे। उनका इतनी जल्दी हम सबको छोड़कर चले जाना काफ़ी दुखदाई विषय है।उनका जाना हहेशा कमी महसूस होगी। इस दौरान विधायक दशरथ गागराई के साथ भावेश मिश्रा भी उपस्थित थे।

## मीशो ने लॉन्च किया क्रिएटर मार्केटप्लेस, ई-कॉमर्स में लाएगा बदलाव

**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मीशो भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मार्केटप्लेसेज़ में से एक का लॉन्च करके इन्फ्लुएंसर्स से प्रेरित शॉपिंग में परिवर्तन ला रहा है। अपनी कंटेंट कॉमर्स स्ट्रेट्जी के अंतर्गत इस प्लेटफॉर्म ने विस्तृत स्तर पर शॉपिंग का बेहतरीन और विस्तृत अनुभव प्रदान करने के लिए तीन महत्वपूर्ण पहलू पेश किए हैं: मीशो क्रिएटर क्लबः यह एक समर्पित इन-हाउस एफिलिएट प्रोग्राम है, जो टियर 2 और टियर 4 शहरों सहित सभी शहरों और सभी आकार के इन्फ्लुएंसर्स को सशक्त बनाता है और उन्हें रियल-टाईम परफॉर्मेंस एनालिटिक्स, तेज पेआउट, एवं प्रत्यक्ष सहयोग के अवसर प्रदान करता है। लाईव शॉपः रियल-टाईम इंटरैक्टिव सत्र, जिनमें विक्रेता और इन्फ्लुएंसर उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं, सवालों के जवाब देते हैं, और तुरंत सेल संभव बनाते हैं। मीशो क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करके ईकॉमर्स में परिवर्तन ला रहा है। ये क्रिएटर प्रतिवर्ष खरीदारी करने वाले 187 मिलियन यूज़र्स की जीवनशैली से मेल खाते हैं। प्रसन्ना अरुणाचलम, जनरल मैनेजर, मोनेटाईज़ेशन एवं कंटेंट कॉमर्स, मीशो ने कहा, 'भारत में क्रिएटर अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से विकास कर रही है।

## कुचाई के डांगो गांव में फंदे से झूलकर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत डांगो में शुक्रवार सुबह अपने घर पर फंदे से झूल कर एक 28 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार डांगो गांव निवासी लक्ष्मण सोय बीते गुरुवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोया हुआ था। शुक्रवार सुबह जब लक्ष्मण सोय की पत्नी दरवाजा खोलने के लिए गई तो अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाया। वही गांव के लोगों की मदद से दरवाजा को खोला गया तो देखा कि लक्ष्मण सोय घर के अंदर फंदे से लटका हुआ था। वहीं परिजनों ने इसकी सूचना कुचाई पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही कुचाई थाना प्रभारी नरसिंह मुंडा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद घटना की पूरी जानकारी ली। घटना शुक्रवार सुबह लगभग 4 बजे की आसपास बताई जा रही है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सरायकेला भेज दिया गया।

# प्रस्तावित वकील संशोधन अधिनियम 2025 के प्रारूप को वकीलों ने जलाया

**• वकीलों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश रच रही है केंद सरकार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शहर के वकीलों ने जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में केंद्र सरकार के प्रस्तावित वकील संशोधन अधिनियम 2025 के प्रारूप को सांकेतिक रूप से जलाया। वकीलों के अनुसार यह प्रस्तावित संशोधन वकीलों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने की साजिश है। धारा 35ए के तहत वकीलों के संवैधानिक अधिकार (संविधान के अनुच्छेद 19) को दबाने का कुत्सित प्रयास है।

वकीलों को निलंबित करने का अधिकार बार काउंसिल आफ इंडिया को दिया जा रहा है। बार काउंसिल आफ इंडिया में सरकार अपने तीन प्रतिनिधि रखने का अधिकार चाहती है। जबकि देश के 27 लाख वकील चुनाव के माध्यम से बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया का गठन करते हैं। मनोनयन के माध्यम से वह राज्य बार काउंसिल एवं जिला बार एसोसिएशन पर नियंत्रण और कार्रवाई करना चाहता है। लीगल प्रैक्टिशनर के नाम पर



वकालत की नई परिभाषा सरकार गढ़ रही है जिसे मंजूर नहीं किया जा सकता है। जब वकीलों पर बार काउंसिल आफ इंडिया का नियंत्रण है तो विदेशी लॉ फर्म पर केंद्र सरकार कैसे और क्यों अपना नियंत्रण रखना चाहती है?

इसे कार्यक्रम में अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी सुशील जायसवाल, पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी जेबी सिंह, मो. कासिम, टीएन ओझा, रामजीत पांडेय, राजू सिंह, विनीता सिंह, जयंतो डे, जेकेएम राजू, मो. जाहिद इकबाल, निशांत कुमार, नरेंद्र सिंह, राहुल राय, राहुल प्रसाद, बबीता जैन, कुलविंदर सिंह, श्रीकांत सिंह, सुनील महतो, आदि अधिवक्ता शामिल हुए।

## रेडियंट झारखंड का समापन आज, दूसरे दिन 4000 लोगों ने किया प्रदर्शनी का अवलोकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विजुअल मिथ्स की ओर से लौहनगरी (होटल रमाडा) में चल रहे 'रेडिएंट झारखंड' प्रदर्शनी के दूसरे दिन शुक्रवार को कोल्हान के अलग-अलग क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने पहुंचे. जिसमें ज्यादातर युवा शामिल रहे. विद्यार्थियों ने वहां लगाए गए एक-एक स्टॉल का दौरा किया तथा ज्ञानवर्धक, कैरियर एवं प्लेमेंट से जुड़ी जानकारियां प्राप्त की. प्रदर्शनी में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं. जहां लोग जाकर केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं. प्रत्येक स्टॉल पर एक्सपर्ट्स उन्हें विभाग की गतिविधियों की जानकारी साझा कर रहे हैं. प्रदर्शनी में छात्रों की ज्यादा भीड़ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के स्टॉल (जीएसआई), सीएसआईआर राष्ट्रीय



धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) के स्टॉल, भारतीय रिजर्व बैंक के स्टॉल, केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के स्टॉल पर देखी गई. जीएसआई के स्टॉल पर झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में मिलने वाले मिनरल्स (खनिज) प्रदर्शित किए गए हैं. युवाओं की विशेष जिज्ञासा लाखों वर्ष पहले के डायनासोर के अंडे और पांच लाख वर्ष पूराने मानव जाति के मस्तिष्क के अवशेष की जानकारी प्राप्त करने में रही. इसी तरह सीएसआईआर एनएमएल के स्टॉल पर अनुसंधान से जुड़ी जानकारी दी गई. प्रदर्शनी में आए अधिकांश युवाओं ने आधार (यूआईडी) के स्टॉल पर जाकर अपना बायोमिट्रिक अपडेट्स कराया.

**समापन आज, सांसद, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे मौजूद**

तीन दिवसीय प्रदर्शनी का 22 फरवरी शनिवार को समापन हो जाएगा. समापन समारोह में अतिथि के रुप में जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो, स्थानीय विधायक तथा कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे. विजुअल मिथ्स की नीतू पाल गुप्ता ने बताया कि प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभाग के पदाधिकारियों के अलावे विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा. साथ ही अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा.

## जवाहर नगर में नाली का पानी घूस रहा है घरों में जल्द सफाई हो : अंसार खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह जमशेदपु पश्चिमी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान ने जवाहर नगर रोड नंबर 13 ए के बस्तीवासियों के बुलाने पर बस्ती में पहुंचे। बस्तीवासियों ने मौलाना अंसार खान को घरों में घुसे हुए गंदे पानी को दिखाया। जहां पूरा नाली जाम हो चुका है, नालियों का पानी घरों में घुस चुका है। लोगों कहा को जबतक नालियां नहीं बनेगा तब तक यहां की समस्याओं का हल नहीं होगा। अंसार खान ने बस्ती वासियों को आश्वासन दिया कल मानगो नगर निगम के विशेष पदाधिकारी को आपकी शिकायतों से अवगत करा दिया जाएगा। और जल्द से जल्द नाली की सफाई कराया जाएगा। वहीं नाली को बनाने के लिए नगर परिषद से किया जाएगा।

## अभिषेक शतक से चूके, कालीमाटी ने दलमा को हराया, डिमना व सुवर्णरेखा के बीच मैच टाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मीडिया कप क्रिकेट में शुक्रवार को कालीमाटी एकादश ने दलमा एकादश को 50 रन से हरा दिया। कीनन स्टेडियम में खेले गए मैच में आज अभिषेक सिंह की तूफानी पारी सुर्खियों में रही। अभिषेक के 51 गेंदो पर बनाए गए 99 रनों और कप्तान रत्नेश तिवारी के 31 गेंदो पर बनाए गए 35 रनों की बदौलत कालीमाटी ने 15 ओवर में तीन विकेट पर 166 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए दलमा एकादश की टीम 15 ओवर में सात विकेट पर 116 रन ही बना सकी। दलमा



एकादश की ओर से बुलंद इकबाल ने 29 गेंदो पर 50 रन, प्रसेनजीत ने 12 रन ही जोड़ सके। अभिषेक ने तीन विकेट लिए। इससे पहले सुबह खेले गए मैच में डिमना एकादश और सुवर्णरेखा के बीच मैच टाई हो गया। सुवर्णरेखा एकादश ने दो विकेट पर 127 रन बनाए। डिमना एकादश ने भी आठ विकेट पर 127 रन ही बनाए। दोनों के बीच मैच टाई हो गया।

## मैट्रिक परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने के विरोध में भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा युवा मोर्चा ने आज जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा के हिंदी और विज्ञान प्रश्नपत्र लीक होने पर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को झारखंड में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और लगातार परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा, जमशेदपुर महानगर ने ज़ोरदार प्रदर्शन किया। भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से साकची गोलचक्कर तक पैदल मार्च करते हुए हेमंत




सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि राज्य में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के बाद मैट्रिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं। यह सरकार की बड़ी विफलता को दर्शाता है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

## अब हर तीन महीने में होगी दिशा की बैठक : मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला समाहरणालय स्थित सभागार में केंद्रीय राज्य मंत्री, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का क्रमवार समीक्षा किया गया। साथ ही पूर्व की बैठक में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन की बिंदुवार समीक्षा और चर्चा की गयी। बैठक में सांसद सिंहभूम जोबा मांझी, सांसद खूंटी कालीचरण मुंडा, विधायक खरसावां दशरथ गागराई, विधायक ईचागढ़ सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उप विकास आयुक्त




आशीष अग्रवाल समेत सभी प्रखंड प्रमुख, मुखिया एवं सभी विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, विधुत, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता,मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केसीसी, शिक्षा, स्वास्थ्य ,समाज कल्याण, पथ निर्माण विभाग समेत विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में ऐसी योजना जिसके कार्य प्रगति धीमा पाया गया उसमे सुधारात्मक प्रगति लाने तथा योजनाओं को निश्चित समयावधी में पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निपटारा तय समय सीमा के अंदर करें।

## विश्व मातृभाषा दिवस पर क्षेत्रीय मातृ भाषाओं के संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** शहीद स्मारक समिति, झारखंड भाषा संघर्ष मंच, बोधि सोसायटी, झारखंड लोक कला साहित्य संगीत अकादमी, झारखंड कौमी एकता मंच, मुक्त मंच एवं एनवाईएसटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री के नाम पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। इस संबंध में शहीद स्मारक समिति के सदस्य विश्वनाथ महतो ने बताया कि कि हमारे राज्य में भी अन्य राज्यों जैसे कला परिषद का गठन किया जाए। जिसमें ललित कला अकादमी, लोक साहित्य अकादमी एवं लोक संगीत नाटक अकादमी होंगे। बताते हैं कि झारखंड एक आदिवासी बहुल एवं बहुभाषी राज्य है जैसे संताली, मुंडारी, हो, कुड़ुख, खाड़िया, कुड़मालि, नागपुरी, खोरठा, पंचपरगनिया आदि मातृ भाषाओं को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। यहां की जनजातियों के कला लोक साहित्य, संगीत एवं इन भाषाओं में आदिम



संस्कृति का मौलिक उपादान आज भी संचित है। इसके संरक्षण एवं विकास सिर्फ राज्य के ही नहीं देश के धरोहर को भी लाभ पहुंचा सकता है। यह अमूल्य संपदा और संभावना नष्ट हो जाने के पहले ही इसका संरक्षण और विकास के लिए अकादमी स्थापित कराने को लेकर आज उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। मौके पर विश्वनाथ महतो, गौतम कुमार बोस, सुनील विमल, अनिमा बोस, हाराधन प्रामाणिक, देवाशीष मुखर्जी, नासिर खान व प्रणब नाहा आदि मौजूद थे।

## तीन महिला उद्यमियों को मिला एक्सएलआरआइ जमशेदपुर इमर्जिंग सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की ओर से एक्सएलआरआइ- जमशेदपुर इमर्जिंग सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया. जिसमें उन महिला सामाजिक उद्यमियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अभिनव पहल की हैं. इस वर्ष का थीम महिला उद्यमिता में नवीन दृष्टिकोण था, जो मुख्य रूप से महिला उद्यमियों द्वारा किए गए उन पहलों को प्रदर्शित करता है जो सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के



साथ-साथ लैंगिक समानता और समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं. एक्सएलआरआइ प्रबंधन द्वारा इस साल कुल तीन असाधारण महिला उद्यमियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया. प्रत्येक विजेता को 1,50,000 लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया.

**इन महिला उद्यमियों को किया गया सम्मानित**

* **प्रेमलता पूनिया :** हमारी लाडो की संस्थापक, को ग्रामीण भारत में लड़कियों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण में उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए शीर्ष पुरस्कार प्रदान किया गया. उनकी पहल हाशिए पर मौजूद महिलाओं को शिक्षा, परामर्श और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने में सहायता कर रही है.

* **अनुराधा ऋच्छरिया :** ललितपुर महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की प्रबंध निदेशक, को महिला किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और बाजार तक पहुंच, वित्तीय साक्षरता और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया.

* **अरुणा तिर्की :** अजम एंबा की संस्थापक, को आदिवासी व्यंजनों के पुनरुद्धार और महिलाओं के लिए सतत खाद्य उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया. उनकी पहल पारंपरिक खानपान को बढ़ावा देने के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता का भी एक सफल मॉडल प्रस्तुत करती है.

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने रँकिनी मंदिर सौंदर्यीकरण का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/जादूगोड़ा :** पोटका विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख देवस्थान रँकिनी मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु 24.95 लाख रुपए की लागत से 51 स्ट्रीट लाइट लगाने का शिलान्यास पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। विधायक संजीव सरदार ने कहा, रँकिनी मंदिर के सौंदर्यीकरण से न केवल क्षेत्र की धार्मिक पहचान को बल मिलेगा, बल्कि यह श्रद्धालुओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख पुजारी अनिल सिंह, धीरेंद्र सिंह, तरुण महापात्र, रामेश्वर सिंह, दिनेश सरदार, और मनोरंजन सिंह सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# अश्लीलता-अभद्रता की हद

हाल के दिनों में सोशल मीडिया से जुड़े प्लेटफॉर्मों के कार्यक्रमों में स्वेच्छाचारिता और वर्जनाएं तोड़ने के अनगिनत मामले प्रकाश में आए हैं। जो भारतीय सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों का अतिक्रमण करते हुए अराजक व्यवहार कर रहे हैं। पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इडियाज़ गॉट टैलेंट' में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गईं, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आईं। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिये तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है। इन कार्यक्रमों के ज्यादा देखे जाने से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का विज्ञापन भी बढ़ता है। इसी होड़ में अमर्यादित और विवादास्पद कार्यक्रमों की श्रृंखला का जन्म होता है। ऐसे में सवाल उठाया जा रहा है कि क्या सोशल मीडिया नियमन को लेकर बने कानून इस अराजकता पर अंकुश लगाने में सक्षम हैं? क्या इलेक्ट्रानिक माध्यमों के जरिये प्रसारित सामग्री पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम को सख्त बनाने की जरूरत है? क्या अश्लील अभिव्यक्ति को दंडनीय बनाने के लिये सख्त कानूनों की जरूरत है? सवाल यह भी है कि हंसी मजाक के कार्यक्रमों के लिये सामाजिक मर्यादाओं की सीमा कैसे तय की जाए? जाहिर है अब वक्त आ गया है कि मनोरंजक हास्य कार्यक्रमों और आपत्तिजनक कंटेंट के बीच सीमा का निर्धारण किया जाए। निस्संदेह, किसी लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अपरिहार्य शर्त है, लेकिन इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हम तमाम सामाजिक व पारिवारिक मर्यादाओं को ताक पर रख दें। किसी भी सूरत में सोशल मीडिया को एंटी सोशल अभिव्यक्ति की आजादी नहीं दी जा सकती। निस्संदेह, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों को कंटेंट के बाबत जवाबदेह बनाने की जरूरत है। इसके संचालकों को चाहिए कि रचनात्मक स्वतंत्रता के नाम पर सार्वजनिक शिष्टाचार का अतिक्रमण न करें।


पिछले दिनों संसद से लेकर सड़क तक यूट्यूब पर प्रसारित एक फूहड़ व अभद्र कार्यक्रम के खिलाफ कार्रवाई की मांग गूंजती रही, जिसमें अभद्रता से सामाजिक मर्यादा की सीमाएं लांघने की कुत्सित कोशिश हुई। पिछले दिनों कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इडियाज़ गॉट टैलेंट' में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक अश्लील, अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी की। इस बदमिजाज यूट्यूबर ने शो के एक प्रतिभागी के माता-पिता के अंतरंग पलों के बारे में घोर निंदाजनक प्रश्न किए। जैसा अपेक्षित था, भारतीय परिवार व सांस्कृतिक मूल्यों पर हमला करने वाली टिप्पणी पर देश में भारी विवाद हुआ। देश के विभिन्न भागों में इस मामले में शिकायतें दर्ज की गईं, और राष्ट्रीय महिला आयोग ने ऐसे कार्यक्रमों के नियमन की मांग करते हुए कार्रवाई की सिफारिश की। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने यूट्यूब से इस विवादित कार्यक्रम को हटाने के निर्देश दिए। देश के राजनीतिक क्षेत्रों में भी इस विवाद को लेकर तीखी टिप्पणियां सामने आई। इस विवाद ने देश में इस बहस को एक बार फिर तेज किया कि सामाजिक मूल्यों को लेकर अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा के निर्धारण और डिजिटल कंटेंट निर्माताओं की जवाबदेही कैसे तय की जाए। साथ ही रचनात्मक अभिव्यक्ति तथा सार्वजनिक शिष्टाचार में सामंजस्य कैसे बनाया जाए। दरअसल, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइक और फॉलोअर्स बढ़ाने के लिये तमाम फूहड़ व तल्खीभरे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि इससे यूट्यूबरों की आय बढ़ सके। बदलते वक्त की विडंबना यह है कि धीर-गंभीर व उपयोगी कार्यक्रमों को दर्शकों का वह प्रतिसाद नहीं मिलता, जो ऊल-जलूल कार्यक्रमों को मिलता है।


अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा

# विवाह के झूठे वादों से दुष्कर्म के बढ़ते मामले

प्रियंका सौरभ

इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएँ महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं। बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं। इन स्थितियों में, न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल झूठी शादी की शपथ की आड़ में कई हज़ार बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएँ महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं। बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग हैं। इन स्थितियों में, न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है। इसके अतिरिक्त, झूठा वादा न निभाने और उसे तोड़ देने में अंतर है। अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा। अभियोक्ता अभियुक्त द्वारा बनाए गए झूठे प्रभाव के बजाय उसके प्रति अपने प्यार और जुनून के आधार पर अभियुक्त के साथ यौन सम्बंधों के लिए सहमति दे सकती है। वैकल्पिक रूप से, अप्रत्याशित या अनियंत्रित परिस्थितियों के कारण ऐसा करने का इरादा होने के बावजूद अभियुक्त उससे शादी करने में असमर्थ हो सकता है। इन स्थितियों को अलग तरीके से संभालने की आवश्यकता है। बलात्कार का मामला तभी स्पष्ट होता है जब शिकायतकर्ता का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा या गुप्त उद्देश्य हो। अतुल गौतम बनाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फ़ैसला सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। यह फ़ैसला अपर्णा भट बनाम के विपरीत है। 2021 के मध्य प्रदेश राज्य के फैसले में आरोपी और पीड़ति को द्वितीयक आघात से बचने के लिए जमानत पर रहते हुए संवाद करने से मना किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला सुनाया कि निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी के लिए, जमानत की आवश्यकताओं को आरोपी और उत्तरजीवी के बीच संचार के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। यह विचार कि विवाह बलात्कार के लिए एक उपाय है न कि अपराध के लिए सजा, ऐसी जमानत आवश्यकताओं द्वारा पुष्ट होता है, जो सामाजिक समझौते को कानून के शासन से आगे रखता है। रामा शंकर बनाम उत्तर प्रदेश



राज्य (2022) में जमानत देते समय इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, जिसने प्रतिवादी के खिलाफ अभियोजन पक्ष के मामले को कमजोर कर दिया। उत्तरजीवी को जमानत प्राप्त करने के लिए आरोपी द्वारा विवाह के लिए मजबूर किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कानूनी व्यवस्था के भीतर निरंतर दुर्व्यवहार हो सकता है। अभिषेक बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2024) ने न्याय की गारंटी देने के बजाय, अभियुक्त को विवाह के वादे के बदले में जमानत देकर एक दबावपूर्ण गतिशीलता बनाई। जो उत्तरजीवी को उचित पुनर्वास सहायता प्राप्त करने के बजाय अभियुक्त पर निर्भर रहने के लिए मजबूर करता है। किशोरों के निजता के अधिकार (2024) में न्यायालय द्वारा उत्तरजीवियों और बच्चों को आवास, शिक्षा और परामर्श प्रदान करने के राज्य के दायित्व पर प्रकाश डाला गया था। जमानत का उद्देश्य सामाजिक कर्तव्यों को लागू करना नहीं है, बल्कि मामला लंबित रहने तक अस्थायी स्वतंत्रता की गारंटी देना है। महिलाओं की स्वायत्तता और ₹सम्मान₹ विचारधारा की निरंतरता इन न्यायिक निर्णयों से प्रभावित होती है, जो लैंगिक रूढ़ियों को भी मज़बूत करती है। ऐसे निर्णय बलात्कार को अपराध से कम और पवित्रता के नुक़सान को अधिक बनाते हैं, जो पितृसत्तात्मक धारणा को मज़बूत करते हैं कि एक महिला की गरिमा विवाह से जुड़ी होती है। न्यायालयों ने पिछले कई निर्णयों में एक पीड़ित के पुनर्वास को विवाह के बराबर माना है, बलात्कार को शारीरिक स्वायत्तता के उल्लंघन के रूप में स्वीकार करने में विफल रहे। न्यायालय महिलाओं की स्वायत्तता को कमजोर करते हुए अपराधियों के साथ विवाह करने के लिए पीड़ितों पर दबाव डालकर कानूनी संरक्षण के तहत दुर्व्यवहार और नियंत्रण को बढ़ावा देते हैं। विवाह को एक उपाय मानने वाली अदालतें पीड़ित की सहमति की कमी को नजरअंदाज करती हैं, जिसका अर्थ है कि जबरदस्ती को कानूनी रूप से उचित ठहराया जा सकता है। महिलाओं को लगातार आघात और सुरक्षा जोखिमों के बावजूद अक्सर अपने दुर्व्यवहार करने वालों के साथ ₹समझौता विवाह₹ में रहने के लिए मजबूर किया जाता है। अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हुए, जो महिलाओं की स्वायत्तता और गरिमा की रक्षा करता है, ऐसे निर्णय महिलाओं को उनकी इच्छा के विरुद्ध सम्बंधों में मजबूर करके उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं। सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, जबरन विवाह अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं, जिससे पीड़ितों को न्याय के बजाय अधिक शोषण का सामना करना पड़ता है। ये निर्णय इस धारणा को बनाए रखते हैं कि विवाह यौन हिंसा को हल कर सकता है, इन घटनाओं को गंभीर अपराधों के बजाय नागरिक विवादों में बदल देता है। रूढ़िवादी ग्रामीण क्षेत्रों में पीड़ितों पर अक्सर अदालतों द्वारा आरोपी लोगों से विवाह करने का दबाव होता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सामाजिक दबाव से न्याय से समझौता न हो, अदालतों को स्थापित नियमों का पालन करना चाहिए जो विवाह को जमानत की शर्त बनाने से रोकते हैं। अपर्णा भट केस (2021) में, सर्वोच्च न्यायालय ने फ़ैसला किया कि जमानत की ऐसी आवश्यकताएँ जो पीड़ितों को रिश्तों में मजबूर करती हैं या लैंगिक रूढ़िवादिता को बनाए रखती हैं, उनसे बचना चाहिए। राज्य को पीड़ितों को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए मौद्रिक सहायता, परामर्श, कानूनी सहायता और कौशल-निर्माण पाठ्यक्रम प्रदान करके कल्याण कार्यक्रमों में सुधार करना चाहिए। वन स्टॉप सेंटर योजना द्वारा एकीकृत सहायता सेवाएँ प्रदान की जाती हैं; हालाँकि, अधिकतम प्रभाव के लिए, इसमें सुधार और विस्तार की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि न्यायिक विवेक से पीड़ितों के अधिकारों को ख़तरा न हो, विधायी संशोधनों को विशेष रूप से विवाह की शर्त पर ज़मानत देने की प्रथा को रोकना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कानूनी व्याख्याएँ पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रहों के बजाय संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखें, न्यायाधीशों को लिंग-संवेदनशील प्रशिक्षण प्रदान करें। पीड़ितों के अधिकारों और लैंगिक न्याय को न्यायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए, जैसे कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी द्वारा संचालित पाठ्यक्रम।

दृष्टि कोण

# डिजिटल कंटेंट और अभिव्यक्ति की आजादी

सोशल मीडिया ने हमारे एक-दूसरे से जुडऩे और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दी है। इसने एक नई घटना को भी जन्म दिया है : सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर। इन्फ्लुएंसर वे व्यक्ति होते हैं जिन्होंने इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़ी संख्या में फॉलोअर जुटाए हैं और अपने फॉलोअर्स की राय और व्यवहार को प्रभावित करने में सक्षम हैं। जबकि इन्फ्लुएंसर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, युवा दिमाग पर उनके प्रभाव के बारे में चिंता बढ़ रही है। इन्फ्लुएंसर्स को अक्सर रोल मॉडल और ट्रेंडसेटर के रूप में देखा जाता है, खासकर युवा लोगों के बीच। उन्हें अक्सर सफलता, लोकप्रियता और सुंदरता के अवतार के रूप में देखा जाता है। इससे 'आकांक्षी' सामग्री के चलन में वृद्धि हुई है, जहां इन्फ्लुएंसर्स अपनी शानदार जीवनशैली का प्रदर्शन करते हैं और ऐसे उत्पादों का प्रचार करते हैं जो उनके अनुयायियों को उनके जैसा बनाने का वादा करते हैं। हालांकि, प्रभावशाली लोग जिस सामग्री को बढ़ावा देते हैं, वह हमेशा सकारात्मक या स्वस्थ नहीं होती। कई प्रभावशाली लोग अवास्तविक शारीरिक मानकों को बढ़ावा देते हैं, जो उनके अनुयायियों के बीच शरीर के असंतोष और खाने के विकारों में योगदान कर सकते हैं। वे भौतिकवाद और उपभोक्तावाद को भी बढ़ावा देते हैं, अपने अनुयायियों को ऐसे उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जिनकी उन्हें जरूरत नहीं है या वे खरीद नहीं सकते हैं। अस्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के अलावा, प्रभावशाली लोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को नशे की लत के लिए डिजाइन किया गया है, और कई युवा लोग अपने फीड को स्क्रॉल करने में घंटों बिताते हैं, खुद की तुलना दूसरों से करते हैं और अपर्याप्त महसूस करते हैं। प्रभावशाली लोगों की क्यूरेट और संपादित सामग्री वास्तविकता का एक विकृत दृश्य बना सकती है, जिससे युवा लोगों को लगता है कि वे अपने साथियों या खुद के आदर्श संस्करण के बराबर नहीं हैं जो वे ऑनलाइन देखते हैं। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि प्रभावशाली लोग स्वाभाविक रूप से बुरे या हानिकारक नहीं होते हैं। कई लोग अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग सकारात्मक संदेशों को बढ़ावा देने के लिए करते हैं, जैसे कि शरीर की सकारात्मकता, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक न्याय। हालांकि, हम जो सामग्री देखते हैं, उसके बारे में आलोचनात्मक होना और उसके पीछे के उद्देश्यों पर सवाल उठाना महत्वपूर्ण है। हमें इस तथ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए कि प्रभावशाली लोगों को अक्सर उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भुगतान किया जाता है, और हो सकता है कि उनकी सामग्री पूरी तरह से वास्तविक न हो। माता-पिता और शिक्षकों को भी युवाओं को सोशल मीडिया की दुनिया में आगे बढऩे में मदद करने में भूमिका निभानी चाहिए। उन्हें मीडिया साक्षरता कौशल सिखाकर, हम युवाओं को उनके द्वारा देखी जाने वाली सामग्री का गंभीरता से मूल्यांकन करने और इस बारे में निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं कि वे किससे जुडऩा चाहते हैं। निष्कर्ष में, सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोग युवा दिमाग पर सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह से शक्तिशाली प्रभाव डाल सकते हैं, जबकि हमें संभावित जोखिमों के बारे में सावधान रहना चाहिए। हमें यह भी पहचानना चाहिए कि प्रभावशाली लोग प्रेरणा और सकारात्मक रोल मॉडल का स्रोत हो सकते हैं। मीडिया साक्षरता और आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा देकर, हम युवाओं को स्वस्थ और उत्पादक तरीके से सोशल मीडिया की दुनिया में नेविगेट करने में मदद कर सकते हैं। भारत के सभी नागरिकों को विचार करने, भाषण देने और अपने व अन्य व्यक्तियों के विचारों के प्रचार की स्वतंत्रता प्राप्त है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता या वाक स्वतंत्रता किसी व्यक्ति या समुदाय द्वारा अपने मत और विचार को बिना प्रतिशोध, अभिवेचन या दंड के डर के प्रकट कर पाने की स्थिति होती है। इस स्वतंत्रता को सरकारें, जनसंचार कम्पनियां और अन्य संस्थाएं बाधित कर सकती हैं। मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा के अनुच्छेद 19 में प्रयुक्त 'अभिव्यक्ति' शब्द इसके क्षेत्र को बहुत विस्तृत कर देता है। विचारों के व्यक्त करने के जितने भी माध्यम हैं, वे अभिव्यक्ति, पदावली के अंतर्गत आ जाते हैं। स्वतंत्र प्रसारण ही इस स्वतंत्रता का मुख्य उद्देश्य है। यह भाषण द्वारा या समाचारपत्रों द्वारा किया जा सकता है। कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मौजूद आधी से अधिक युवतियों ने ऑनलाइन उत्पीडऩ या दुव्र्यवहार का सामना किया है। एक नए सर्वेक्षण में इस बात का पता चला है।

कुछ अलग

# हमारी किस्मत के पकौड़े

उबलते तेल की कड़ाही से उछल कर एक पकौड़ा बाहर निकला। वह चीखा तो हलवाई ने उसे बेदर्दी से घूरा। हलवाई के लिए अब वह दो कौड़ी का भी नहीं था, हालांकि कुछ देर पहले तक उसे अपने हाथों से खिलाया, नचाया और उबलते तेल की कड़ाही में जन्म दिया था। वह अपने सहयोगियों-सहपाठियों की संगत में किसी से कम नहीं था। उसका वजन और शक्ल-सूरत किसी भी प्लेट में रखने लायक थी, लेकिन उसका उछलना उसे बर्बाद कर गया। वह पकौड़ा था, इसलिए किसी का रोजगार, किसी का व्यापार और किसी का स्वाद था। पकौड़ों को देख-देख हम हिंदोस्तानी भी रोजगार हासिल करना सीख गए। अगर सारी दुनिया पकौड़े खाना सीख ले, तो हम इस आर्थिकी के प्रमुख किरदार होंगे। अब बर्गर-पिज्जा के बीच सबसे सुंदर तो हमारा पकौड़ा ही है, लेकिन इसका रोजगार छीना जा रहा है। हम इंडियन भी कमाल हैं पकौड़े घर छोडक़र बर्गर, पिज्जा और मोमो बेच रहे हैं। कड़ाही से गिरे हुए पकौड़े एक फकीर ने उठा लिए। फकीर लाभ में था क्योंकि उसे मुफ्त में पेट भरने का मौका मिल गया। यह विशेषता भी भारतीय पकवान की है। ये गिरते-गिरते भी कूड़ेदान तक पेट में चलते हैं। दूसरी ओर बर्गर-पिज्जा को किसी ने गिरते नहीं देखा। इधर राष्ट्रीय पकवान के मुकाबले में गली-गली तक पहुंच कर पका मोमो बन रहा है। हम चीन का मुकाबला कम से कम मोमो से तो कर ही रहे हैं। जितने मोमो चीन पका ही नहीं सकता, हम पका रहे हैं। इन्हें खाने का रिकार्ड भी हम बना रहे हैं। पकौड़ों से डाक्टर लोग नफरत करते हैं, जबकि मोमो खाने वालों के इंतजार में चिकित्सा का धंधा चमक रहा है। वैसे हमारी विदेश नीति अब बर्गर-पिज्जा जैसी हो गई है। वही आसान सी रैसिपी और परत पर चढ़ी परत। हमें देखते ही ट्रंप को भी एहसास होने लगा है कि उसका बर्गर तब तक भारत में महफूज है जब तक बदले में हमें वह कुछ भी बेचता रहेगा। आश्चर्य यह कि जो अमरीका यहां भारत में बर्गर खिलाकर विदेश नीति बना रहा है, वही अपने देश में भारतीयों से बर्गर छीन रहा है। हद है कि हम अपनी भूख को बर्गर दिखाकर शांत करने लग पड़े हैं, लेकिन अमरीका की भूख हमें भूखा रखना चाहती है। वह चाहती है कि हम एक अदद पकौड़ा खाने योग्य भी न रहें। विदेश मंत्री जिस दिन अमरीका को पकौड़ा वार्ता के लिए तैयार कर लेंगे, सब कुछ बदल जाएगा। पहले ही पकौड़ा वार्ता की होती, तो अमरीका से भारतीय निर्वासित न होते। ट्रंप को समय रहते पकौड़े के गुण बताने होंगे। बताना होगा कि अगर हम पकौड़ा जिद्द पर आ गए, तो अमरीका का माल अमरीका में ही रह जाएगा। पकौड़ा खाकर हम पैदल भी चल सकते हैं, तो उनकी हार्ले डेविडसन बाइक का क्या होगा। हम हार्ले बाइक से आयात कर हटा कर भी महंगी जीएसटी के पकौड़े खा लेंगे। अगर हमने पकौड़े न खाए होते तो तुम्हारी बेडियां-हथकडियां हमें तोड़ देतीं। हम टूटे कहां, हम तो साबुत हैं। अमानवीय निर्वासित होकर भी जिंदा हैं और अगर पकौड़े खाने की ललक रही, तो पुनः इसी तरह तुम्हारी हद में घुस जाएंगे। हम हद से बाहर और बेहद होकर भी जी लेते हैं। हमने मुफ्त का राशन खाया है, तुम्हारे पिज्जा-बर्गर की क्या हैसियत जो हमें भूखा मारे। ट्रंप को भारतीयों की क्षमता से खतरा पैदा हो गया है। देश में निखट्टू वहां अमरीका में कैसे अव्वल साबित हो गए। ट्रंप ने सोचा, 'ये लोग वाकई घुस सकते हैं और घुस जाते हैं। हद तो यह कि बातों-बातों में दोस्ती के भी गले पड़ जाते हैं।'

देश दुनीया से

# भ्रष्टाचार मिटाने को जिम्मेदारी तय हो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रही हैं, किंतु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ोसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों से लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं? भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है, तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारूढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है, बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है, तो राज्य के सत्तारूढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धारमैया की सरकार है। इतना ही नहीं, राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिंग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारूढ़ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी गुरप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए, पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। इसके अलावा केंद्र में भाजपा अकेले अपने बलबूते सत्ता में नहीं है, ऐसे में गठबंधन के सहयोगी दलों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से मुंह फेरे रहती है। यही वजह रही है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से इन सहयोगी दलों के खिलाफ एक भी कार्रवाई नहीं की गई।

आप का नजरीया

# महाकुंभ के नाम भगदड़

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले यात्रियों में भगदड़ मच गई, नतीजतन 18 मौतें हुईं। उनमें 13 महिलाएं, 3 बच्चे और 2 पुरुष थे, जो भगदड़ में कुचले गए। घायल भी 25 से अधिक बताए गए हैं। अस्पताल के सूत्रों और कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुमान हैं कि मौतों का आंकड़ा बहुत ज्यादा हो सकता है। बीती शनिवार रात को यह हादसा हुआ, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। दरअसल यह प्रशासनिक त्रासदी है। अब यह साबित हो गया है कि ऐसी भगदड़ को रोकने में हमारा प्रशासन अक्षम और लापरवाह है। आस्था और अध्यात्म किसी को भी उत्तेजित उन्माद और हुड़दंगबाजी को विवश नहीं करते। महाकुंभ में जाने और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर पुण्य कमाने की इच्छा सनातनी और स्वाभाविक है, लेकिन रेलवे स्टेशन की भगदड़ ही अकेली दुर्भाग्यपूर्ण घटना नहीं है। बीते दिनों बिहार के पटना और अन्य रेलवे स्टेशनों पर भीड़ के हिंसक चेहरे भी दिखाई दिए। वह भीड़ भी महाकुंभ जाने को आमादा थी। यह संस्कृति ही अराजकता और भगदड़ को जन्म देती है। बिहार में बेलगाम भीड़ ने ट्रेन के वातानुकूलित डिब्बों के दरवाजे और शीशे ही तोड़ दिए। शीशों पर अलग-अलग चीजों से प्रहार किए गए और वे टूट कर बिखर गए। अंदर बैठे कुछ यात्री चोटिल भी हुए होंगे! भीड़ के विध्वंसक चेहरे सीसीटीवी में कैद हो गए होंगे, यदि वे कैमरे ऑन या कार्यरत होंगे! केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन चेहरों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



वे आम आदमी और विपन्न घरों के होंगे, तो उनसे आर्थिक जुर्माना कैसे वसूल किया जा सकता है? आप जेल में डाल सकते हैं, लेकिन उनके संस्कार ही हमलावर हैं, तो उन्हें कैसे बदला जा सकता है? सार्वजनिक संपत्तियां तो बर्बाद होती रही हैं। ये संपत्तियां कुछ मायनों में महाकुंभ में स्नान करने से भी पवित्र और महत्वपूर्ण हैं। ऐसे तोड़-फोड़ करने और भगदड़ मचाने वाले तत्त्व आध्यात्मिक और आस्थामय नहीं हो सकते। रेल मंत्री अक्सर गिनाते रहते हैं कि कितनी हजार रेलगाडियां महाकुंभ के लिए चलाई जा रही हैं। वह अक्सर तसल्ली देते रहते हैं कि समूची व्यवस्था ठीक है। लेकिन हम भीड़-नियंत्रण में अज्ञानी, लापरवाह और अक्षम हैं, नतीजतन बार-बार और वह भी धार्मिक आयोजनों के संदर्भ में ज्यादा भगदड़ें होती रही हैं। महाकुंभ को लेकर शुरुआत में भीड़-नियंत्रण के खूब दावे किए जा रहे थे, लेकिन मेला-क्षेत्र में ही जो भगदड़ मची थी, उसमें अंतिम तौर पर मृतकों की संख्या कितनी रही, उसका डाटा उप्र सरकार ने आज तक साझा नहीं किया है।

# चतरा पुलिस ने तस्करों पर कसा पुलिसिया शिकंजा, गांजा के खेप के साथ तीन गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले में सक्रिय प्रतिबंधित नशा के कारोबारियों और तस्करों के विरुद्ध पुलिस का कार्रवाई निरंतर जारी है। एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित गांजा के खेप के साथ तीन तस्करों को दबोचने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार तस्करों के पास से दो किलो 300 ग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त होंडा साईन मोटरसाईकिल जप्त किया है। एसडीपीओ संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतापपुर थाना क्षेत्र के घोरीघाट से हुमाजांग की ओर मोटरसाईकिल से अवैध गांजा का खेप भेजा जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्करों की गिरफ्तारी को ले अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी द्वारा प्रतापपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ही छापामारी दल के द्वारा हुमाजांग-घोरीघाट रोड पर स्थित हुमाजांग गांव के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान मोटर साईकिल सवार दो व्यक्ति संदिग्धों को पकड़ा गया। एसडीपीओ ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके पर ही मोटरसाईकिल की तलाशी ली गई। जिससे सफेद रंग के बोरा में छिपाकर ले जाया जा रहा गांजा बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पकड़े गए दोनों संदिग्धों में थाना क्षेत्र के ही लिपदा गांव निवासी मुरारी सिंह व गजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि मथुरापुर गांव निवासी सुनिल कुमार पाठक के घर से गांजा की खरीद कर होली के अवसर पर पीनें और बेचनें के उद्देश्य से गांजा ले जा रहे है। गिरफ्तार तस्करों के निशानदेही पर गांजा की बिक्री करने वाले सुनील कुमार पाठक को भी उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस नशा के कारोबारी और तस्करों के विरुद्ध चौतरफा प्रहार कर रही है। नशे की खेती करने और उसके कारोबार से जुड़े तस्करों को चिन्हित कर जेल भेजने की कार्रवाई निरंतर तौर पर किया जा रहा है। साथ ही सभी थाना प्रभारी को भी सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को बक्सा नहीं जाएगा। अभियान में अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू, थाना प्रभारी कासिम अंसारी, एसआई प्रेम कुमार सांगा, जुवैल गुड़िया व एएसआई दुर्गा चरण बिरुआ समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# एन ओ सी को लेकर सेरंगदाग के ग्रामीणों ने फिर किया जमकर विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** आम्रपाली कोल परियोजना के सेरनदाग गांव के जंगल झाड़ी का एनओसी लेने के 14वी बार लेटर निकलने पर गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर किया कड़ा विरोध। बैठक में जंगल का एनओसी नहीं देने, जंगल झाड़ी भूमि बचाने सहित, दलालो होश में आओ का जमकर किया नारेबाजी। कहा कि सेरनदाग में ही 14वीं बार एनओसी का लेटर क्यों बार-बार निकाला जा रहा है? अन्य सात जगहों पर आयोजित गंदी साजिश के तहत फर्जीवाड़ा कर फर्जी एनओसी रद्द करने सहित प्रबंधन पर कार्रवाई करने का मांग किया है। ग्रामीणों ने दावा कर कहा कि फर्जीवाड़ा मामले में एजेंसी जांच करें तो फर्जी एनओसी, विभाग को गुमराह करके जंगल झाड़ी नष्ट कर अतिक्रमण सहित कई कारनामों को अंजाम दिया गया है। जिससे सरकार को अरबों का चूना लगा है। आपको बता दे कि 23 फरवरी को टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सेरनदाग गांव से एनओसी लेने के लिए ग्राम सभा का लेटर निकाला गया।

## बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के द्वारी व गंगापुर में बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत वन विभाग दक्षिणी के द्वारा वन संरक्षण को लेकर शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान पंचायत के मुखिया जगदीश यादव के नेतृत्व में चलाया। बिरसा हरित चेतना की ओर ग्रामीणों के साथ बैठक भी किया। बैठक में जंगल को आग से बचाने तथा मूड बोझिया से जंगल से बचाने की बात कही। बैठक में सागर मुंडा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कौलेश्वरी मंदिर परिसर की की गई साफ सफाई



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के कौलेश्वरी मंदिर परिसर की साफ सफाई शुक्रवार को किया। साफ सफाई मंदिर प्रबंधन समिति सचिव निरंजन दांगी के नेतृत्व में किया।इस दौरान सचिव निरंजन ने बताया कि शिव रात्रि के मौके पर कौलेश्वरी मंदिर परिसर में लगने वाले दस दिवसीय पशु मेला व महाशिव रात्रि को लेकर किया जा रहा है। मंदिर परिसर में काफी खर पतवार उग आए थे। साफ सफाई के साथ साथ मंदिर की रंग रोगन भी किया जा रहा है। मौके पर प्रणाथ दांगी, कृष्णा दांगी, राजेश कुमार दांगी, हितनारायण दांगी, आशीष कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# अपने ही पैसो को लेने के लिये वृद्ध महिला काट रही है बैंक का चक्कर

➲मैं तेतरी उर्फ़ यमुनि देवी वृद्ध एवं विधवा महिला हूं, श्रीमान मेरे पैसे के लिए न दौड़ाए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लावालौंग प्रखण्ड के लमटा गांव की एक वृद्ध महिला कई महीनो से बैंक आफ इंडिया( बगरा ) शाखा के चक्कर काट रही है। महिला ने बताई की 2014 में बैंक में पैसा फिक्स किया था 2021 में समय पूरा हो गया उसके बाद मैं जब भी बैंक आती हुँ पैसा नहीं दिया जाता है। महिला ने बताया कि उनकी आधार कार्ड में नाम तेतरी देवी है, जबकि बैंक पासबुक में घर का नाम यमुनी देवी है। यानी दोनों नाम मेरे ही है। महिला ने कहा कि यह गलती उनके लिए बहुत बड़ी परेशानी बन गई है। एक कहावत तो आपने सुना होगा की देने समय कोई नहीं जानता लेने समय पूरी बस्ती जानती है, यह कहावत इस महिला और बैंक के साथ सटीक बैठता है। जब बैंक में पैसा जमा करने जाते हैं तो पैसे आसानी से ले लिया जाता है। पर जब अपना ही पैसा बैंक से निकालने की समय होती है तो बैंक वाले कई नियम कानून बताने लगते हैं, इसी का शिकार हुई है लावालौंग प्रखंड के लमटा गांव निवासी तेतरी देवी उर्फ यमुनी देवी 76 वर्ष की वृद्ध महिला इस महिला की यही गलती है की अपना पैसा बैंक में रखी और उसमें घर का नाम यमुनी देवी डाल दी गया है। और बैंक वालों ने उसे समय आसानी से पैसे को जमा कर लिया अब जब देने की बारी आई तो कई नियमों की कई महीनो से टहलाया जा रहा है। जबकि महिला ने एक शपथ पत्र भी बैंक वालों के दिया कि मैं ही तेतरी देवी उर्फ यमुनी देवी हूं। इस पर वृद्ध महिला ने नम आंखों से बैंक को विनती की है कि आप मुझे ज़्यादा परेशान न करें मेरे पैसे दे।

# 7 वीं शताब्दी में धवस्त हुवे सूर्यकुंड परिसर में अखंड हरी कीर्तन का किया जाएगा आयोजन

➲सूर्य मंदिर निर्माण के लिए किया जाएगा ध्वजारोहण एवं सूर्यकुण्ड का होगा जीर्णोद्धार : मनोज यादव

➲खुदाई में निकले प्राचीन अवशेष दे रहे हैं मंदिर व कुंड होने का ऐतिहासिक सबूत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** 17वी सदी में ध्वस्त सूर्य कुंड का जीर्णोद्धार अखंड हरी कीर्तन के साथ किया जाएगा। यह सूर्य कुंड 17वीं सदी से पूर्व राजतंत्र के दौरान बनाया गया था, लेकिन बुजुर्गो की माने तो मुगल साम्राज्य के राजा औरंगज़ेब के सूबेदार दाउद खां ने 17वी सदी मे चढ़ाई कर ध्वस्त कर दिया था। इस पवित्र स्थल के जीर्णोद्धार के लिए सूर्यकुंड नवनिर्माण समिति के अध्यक्ष मनोज यादव, सचिव लवकुश गुप्ता व कोषाध्यक्ष अनुज गुप्ता के नेतृत्व में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन 25 फ़रवरी प्रातः सात बजे कलश यात्रा के साथ शुरुआत की जाएगी। यह आयोजन सूर्य कुंड के पुनर्जीवन के लिए किया जा रहा है, जो महादेव मठ का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। इस आयोजन में स्थानीय लोगों के साथ-साथ अन्य धर्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग भी भाग लेंगे। यह आयोजन न केवल सूर्य कुंड के जीर्णोद्धार के लिए किया जा रहा है, बल्कि यहां के स्थानीय समुदाय के लिए भी एक महत्वपूर्ण आयोजन होगा। **खुदाई में निकले प्राचीन अवशेष दे रहे हैं सूर्य कुंड होने का ऐतिहासिक सबूत :** हाल ही में की गई खुदाई में प्राचीन अवशेष मिले हैं, जो यहां स्थित सूर्य मंदिर के होने का सबूत दे रहे हैं। ये अवशेष इतने प्राचीन हैं कि वे इस क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर कर रहे हैं।खुदाई के दौरान मिले अवशेषों में प्राचीन मंदिर के अवशेष, मंदिर का पिलर और अन्य प्राचीन अवशेष शामिल हैं। ये अवशेष इस बात का सबूत दे रहे हैं कि यहां एक समय में सूर्य मंदिर हुआ करता था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां की प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने पर्यटक विभाग से सूर्यकुंड व मंदिर का जीर्णोद्धार कर महादेव मठ की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए कदम उठाने की बात कही है। स्थानीय लोगों ने कहाँ है की यह प्राचीन धरोहर को समझने और संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## नव चयनित जिला स्तरीय सहिया का करवाया जा रहा है पांच दिवसीय प्रशिक्षण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नव चयनित जिला स्तरीय सहिया का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में जिला समन्वयक उदय कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रशिक्षक सुचिता देवी, रेना देवी ने नवचयनित सहिया को सहिया एप, कुष्ठ रोग रोकथाम, मुख्यमंत्री सारथी योजना, सहिया एप में डेटा अपलोड करने समेत की जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण में जिले भर से नवचयनित सहिया मौजूद थे।

## गंगा प्रजापति ने किया रक्तदान, सुमन देवी को मिला नया जीवन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के देमू पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी सुमन देवी (28 वर्ष), पति - जितेंद्र सिंह को लंबे समय से बीमारी के कारण रक्त की कमी हो गई थी। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए पलामू जिले के बसरिया कला निवासी गंगा प्रजापति ने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया और उनका जीवन बचाया। सुमन देवी के परिवार वालों ने गंगा प्रजापति के इस नेक कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। गंगा प्रजापति ने कहा कि रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से न केवल एक जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि समाज में सहयोग और मानवता की मिसाल भी कायम की जा सकती है।

# पुलिस ने भुमि पर लगे अवैध पोस्ता को किया विनिष्ट




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने दो दिनो मे लगभग 15-17 एकड़ भूमि पर लगे अवैध पोस्ता को विनिष्ट किया. शुक्रवार को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम इंडुआ और दाकादीरी के सीमावर्ती क्षेत्र में अमानत नदी से सटे लगभग 15-17 एकड़ वन भुमि पर लगे अवैध पोस्ता के फसल को लाठी डंडा से पीटकर कर नस्ट किया गया. थाना प्रभारी ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिली गुप्त सूचना व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा उक्त क्षेत्र मे लगे अवैध पोस्ता के फसल को ट्रैक्टर व लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया। आगे उन्होंने कहा कि इस अवैध खेती में संलिप्त दोसी व्यक्तियों की विरुद्ध पहचान कर प्रथामिकी दर्ज की जा रही है. दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर इस अभियान में थाना के कई पदाधिकारी व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

सपनों की तलाश में आदिम जनजाति युवक की मौत से मुलाकात

# रोज़गार की तलाश में गया युवक, दक्षिण भारत में हुई दर्दनाक मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड निवासी आदिम जनजाति युवक नवल बृजिया रोज़गार की तलाश में अपना गाँव छोड़कर दक्षिण भारत (केरल) गए थे जहाँ संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई.उनकी पत्नी बसंती देवी को इस दुखद घटना की खबर आठ दिन बाद मिली.आर्थिक तंगी के कारण उनका शव वापस गाँव नहीं लाया जा सका, जिससे परिवार का दर्द और गहरा हो गया. नेतरहाट थाना क्षेत्र के दौना गाँव के रहने वाले नवल बृजिया अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए घर से दूर काम करने गए थे. घर पर उनकी गर्भवती पत्नी बसंती देवी, दो बेटियाँ और एक बेटा उनका इंतज़ार कर रहे थे. लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह इंतज़ार कभी खत्म नहीं होगा.बसंती देवी ने बताया कि, हमें सिर्फ इतना पता चला कि मेरे पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. हमें इस घटना की सूचना आठ दिन बाद मिली. नवल की मौत के बाद परिवार की सबसे बड़ी चिंता उनके शव को घर लाने की थी. लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह संभव नहीं हो सका. शव को लाने के लिए कोई सरकारी मदद नहीं मिली, और मजदूरी करने गए साथी भी कुछ करने में असमर्थ थे. इस वजह से अंतिम संस्कार दूर ही कर दिया गया.बसंती देवी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे. वह गर्भवती हैं और अब पूरे परिवार की ज़िम्मेदारी अकेले उनके कंधों पर आ गई है. गाँववालों के मुताबिक, नवल अपने परिवार के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन उनकी ज़िंदगी गरीबी और बेबसी के अंधेरे में खो गई।

# दो हाईवे ट्रक को छतरपुर सीईओ ने किया सीज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** आंचला अधिकारी द्वारा लगातार अवैध रूप से कारोबारी पर नकेल कसे जा रहे हैं चाहे वह स्वास्थ्य विभाग हो या अवैध पत्थर खनन माइंस यह हाईवे द्वारा ओवरलोडिंग पत्थर धुलाई चारों तरफ चेकिंग एवं कार्रवाई करते हुए हर एक विभाग को नकेल कस रहे हैं आज छतरपुर अधिकारी उपेंद्र कुमार द्वारा नावा थाना अंतर्गत पत्थर माइंस एवं अन्य जगह कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ओवरलोडिंग दो हाईवे पर करवाई करते हुए सीज किया है दोनों हाईवा के बिरुद्ध नावा थाना में केस दर्ज कराई गई। वही छतरपुर सीईओ ने कहा कि आगे भी अवैध रूप से ओवरलोडिंग हाइवा ट्रक धुलाई पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## बालूमाथ पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों के वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बालूमाथ थाना कांड संख्या 8/14 के आरोपी मनोज गंझु 27 वर्ष पिता स्व.लेदू गंझु ग्राम हेमपुर थाना बालूमाथ निवासी को गिरफ्तार किया गया। और मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया ।वहीं रांची जिले के नामकुम थाना के कांड संख्या 360/19 के आरोपी रोहित उरांव 22 वर्ष पिता बिलगु उराँव ग्राम ग्राम भगिया को गिरफ्तार किया गया। जिसे मंडल कारा रांची भेज दिया गया। पुलिस ने बताया की दोनों आरोपियों की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी जिन्हें गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया है।

# बभंडीह आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा बंद कर्मी नदारद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों के बंद होने व कर्मियों के गायब रहने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। फिर संबंधित अधिकारी मामले पर खामोश ही दिखते हैं। वहीं मामले पर प्रखंड के प्रमुख सुशीला देवी व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल के द्वारा गंभीरता दिखाया जा रहा है। जहां लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर प्रतिदिन किसी न किसी आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी सिलसिले में शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान प्रखंड मुख्यालय से महज कुछ ही दूरी पर पंचायत खुरा के बभण्डीह आंगनबाड़ी केंद्र एक और दो दोनों का दरवाजा बंद पाया देखा गया। इस संबंध में प्रखंड के प्रमुख व उप प्रमुख ने बताया कि हमलोगों के द्वारा ग्रामीणों की शिकायत पर प्रतिदिन प्रखंड के संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर दौरा किया जा रहा है। जिसमें अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद कर दिए जा रहे हैं या फिर केन्द्र बंद पाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा उपस्थित बच्चों का सिर्फ सामुहिक फोटोज विभाग को भेजकर खानापूर्ति किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को बभंडीह के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक और दो दोनों बंद पाए गए। उन्होंने विभाग के पदाधिकारी व आंगनबाड़ी सेविकाओं की लापरवाही पर बड़ी नाराजगी जताई और कहा कि प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों का विजिट संबंधित कर्मियों द्वारा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऐसे सेविकाओं के द्वारा प्रत्येक माह का लगभग पांच से छह हजार रुपए का वाउचर पास होता है और वह भी कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के साथ। बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में अनियमितता और लापरवाही को लेकर लगातार समाचार खबरों में प्रकाशित किए जा रहे हैं पर वरीय अधिकारियों की चुप्पी ही देखी जा रही है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों को किया गया सम्मानित, भैया बहनों में दिखा हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के बाजकूम स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी भैया/बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के सचिव विवेक कुमार गुप्ता थे, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि परीक्षा में बेहतर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से प्रमाण पत्र देकर उनकी मेहनत और लगन की सराहना की गई। सम्मानित होने वाले छात्रों में धीरज उरांव, रमन कुमार, शुभम कुमार, चन्दन कुमार, आशिष कुमार, अभिषेक कुमार, चांदनी कुमारी, रागिनी कुमारी, प्रियंका कुमारी, मौसमी कुमारी शामिल रहे। इस समारोह में उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों ने इसे प्रेरणादायक बताया और विद्यालय द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की। ज्ञात हो कि पिछले दिनों 5 से लेकर 8 फरवरी तक गुमला में प्रांत स्तरीय प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन विद्या विकास समिति झारखंड के द्वारा किया गया था, जिसमें पूरे राज्य के उन स्कूलों को सम्मानित किया गया, जिनका मैट्रिक परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत परिणाम रहा था। इसमें अपना बाजकूम स्थित विद्या मंदिर का नाम भी शामिल था। प्रसस्ती पत्र व मोमेंटो विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा के द्वारा ग्रहण किया गया था।

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव का परिसदन लातेहार में हुआ आगमन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव के अध्यक्षता में परिसदन, लातेहार में बैठक आयोजित किया गया। उनके द्वारा पिछड़े वर्गो को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर-टु-डोर सर्वे कार्य की समीक्षा किया गया।उन्होंने जाना कि जातीय जनगणना की पुष्टि किस आधार पर की जा रही है।इस बाबत अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास के द्वारा बताया गया कि डोर टू डोर सर्वे जिला स्तरीय गठित टीम एवं नगर पंचायत के द्वारा, जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, वेरिफिकेशन एवं वार्ड के लोगों के सहयोग से भौतिक रूप से किया जा रहा है।राज्य पिछड़ा आयोग के सदस्य लक्ष्मण यादव के द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी वर्ग के लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं रोजगार की स्थिति सामान्य वर्ग के बनिस्पत क्या है, इसका एक रिपोर्ट तैयार करें। समीक्षा बैठक के उपरांत माननीय सदस्य एवं राज्यस्तरीय टीम के द्वारा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, लातेहार श्रामा रविदास, सांख्यिकी विशेषज्ञ सह नोडल पदाधिकारी ट्रिपल टेस्ट संजय कुमार सिंह जिला शिक्षा पदाधिकारी, लातेहार प्रिंस कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, लातेहार अनिल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी अनिल पाठक, नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, सभी प्रतिनियुक्त प्रगणक सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** भाजपा युवा मोर्चा हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष राज करण पाण्डेय के नेतृत्व में झंडा चौक पर मे विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य राज्य में लगातार बढ़ते भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था की गिरती हालत के खिलाफ आवाज उठाना था, खासकर मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक को लेकर। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की भ्रष्ट नीतियों के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। वे मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं, ताकि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज करण पाण्डेय ने कहा कि राज्य सरकार ने युवा और छात्रों के हितों को नज़रअंदाज किया है। पेपर लीक जैसी घटनाएं राज्य में शिक्षा व्यवस्था की खामियों को उजागर करती हैं। उन्होंने राज्य सरकार से जल्द से जल्द इस



मामले पर कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे कृत्य फिर से न हो सकें। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता और छात्र शामिल हुए, जिन्होंने भ्रष्टाचार और शासन के खिलाफ अपनी नाराज़गी जताई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित– भाजपा जिला उपाध्यक्ष दामोदर सिंह रामगढ़ के भाजपा नेता रंजीत पांडे बिनोद ओझा राकेश रॉय शिवपाल यादव रंजन चौधरी दीपक मेहता शैलेश चंद्रवंशी अनिल साव आशीष वर्मा आशुतोष तिवारी अशेस सिन्हा मुकेश सोनी कुलदीप कृष्णा राजेश चंद्रवंशी तरुण कुमार बालकिशुन कुमार विजय वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पतंजलि चिकित्सालय सह स्टोर का सांसद और विधायक ने किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग रोड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के पास शुक्रवार को पतंजलि चिकित्सालय सह स्टोर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, संचालक अनिल केशरी एवं आशीष केशरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्टोर का शुभारंभ किया। यह केंद्र योग ऋषि स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य बालकृष्ण जी के आशीर्वाद से स्थापित किया गया है। उद्घाटन समारोह में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि पतंजलि चिकित्सालय सह स्टोर के खुलने से क्षेत्रवासियों को स्वदेशी उत्पाद और आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि स्थानीय व्यापार को भी सशक्त करेगा। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं और इस स्टोर के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा से लाभ मिलेगा। उन्होंने इसे स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम



बताया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, भुनेश्वर यादव, स्थानीय मुखिया शमशेर आलम, देवनन्दन यादव, युवा नेता आकाश जायसवाल, अंबिका सिंह, राजकुमार केशरी, पिंटू ठाकुर समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**करियातपुर में मोबाइल शोरूम का शुभारम्भ :** सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज़ यादव ने संयुक्त रूप से करियातपुर में शुभम मोबाइल शोरूम का उदघाटन किया। इस दौरान जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित अन्य

## सांसद मद से निर्मित पथ का सांसद प्रतिनिधि ने किया उद्धघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ रमुआ में स्व.छोटन साव के घर से लेकर कोमल साव की खाली जमीन तक सांसद मद से बने पाँच लाख की लागत से बने पेबर ब्लॉक पथ निर्माण का कार्य के संपन्न होने के पश्चात शुक्रवार को हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देशानुसार बतौर साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल/ दीपू भाई ने विधिवत पूजा अर्चना कर फेबर ब्लॉक पथ निर्माण का उद्धघाटन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,उपाध्यक्ष प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,मंत्री गौतम भारती,राजेश सोनी,अंजू देवी,राजू श्रीवास्तव,सुनील अकेला,अनूप कुमार कसेरा,प्रवीण कुमार महतो, शशि लाहकार,अनुभव भारती ,कन्हाई यादव,संतोष कुमार कसेरा, गोवर्धन महतो द्वारका साव, भीम प्रसाद गुप्ता ,सुरेश बर्मन,रतनलाल साहू,अरविंद लाहकार,कुंदन कुमार वर्मा,संदीप कुमार लाहकार, मुन्ना सिंह,सुजीत कुमार सोनी समेत दर्जनों कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने बॉन सेकर्स स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में की शिरकत

- **विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। शिक्षा के साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी जरूरी हैं : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शुक्रवार को बॉन सेकोर्स स्कूल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया और विशेष सम्मान प्रदान किया, जिसके लिए विधायक प्रदीप प्रसाद ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबंधन समिति का आभार व्यक्त किया। इस भव्य कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाट्य, भाषण और लोक संस्कृति से जुड़ी अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जो सभी के लिए आनंददायक और प्रेरणादायक रहीं। बच्चों की अद्भुत प्रतिभा और आत्मविश्वास देखकर विधायक ने उनकी सराहना की और कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं, और इस प्रकार के कार्यक्रम उनके सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यालय के



शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्कृष्टता की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्कार, अनुशासन और परिश्रम के साथ आगे बढ़ें, यही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकगण के साथ वरिष्ठ पत्रकार मुरारी सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने विधायक श्री प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग और मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई।

## सोना सोबरन योजना के तहत किया किया गया लूंगी साड़ी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** साड़ी सोबरन योजना के तहत लाभुको के बीच जन वितरण प्रणाली वितरण दुनकदार विजय प्रकाश मेहता , झमन राम के द्वारा झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी टाटीझरिया उपप्रमुख रवि वर्णवाल के हाथों द्वारा झारखंड सरकार के नियमावली अनुसार लाभुको के बीच साड़ी धोती लुंगी का वितरण मात्र 10 रुपए में किए गए। मौके पर लाभुको में ईश्वर महतो, सहदेव महतो,पिंकी ,सावित्री ,गोविंद सोनी,कौशल्या देवी,शिव शंकर प्रसाद , खगिया देवी,शांति ,मुनिया देवी,बिमला देवी सेवा महतो , मो. सीता देवी, कर्मी देवी,सीता देवी, कोलेश्वरी देवी,सुमा देवी,भोला साव ,राजू सोनी,सबूता देवी,मंजू देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## मां शबरी सेना द्वारा दो दिवसीय शबरी जयंती का आयोजन



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मोरांगी नयाटांड़ में मां शबरी सेना के द्वारा माता शबरी जयंती प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम एवं संचालन जिला अध्यक्ष विजय राम ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड भुइयां विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष बासुदेव राम के द्वारा किया गया। वहीं पर साथ ही साथ सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बैच लगाकर के भव्य रूप से सभी को स्वागत किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं पर संबोधित करते हुए सबरी सेना संस्थापक रोहित राम ने कहा हम लोग सबरी जयंती प्रत्येक वर्ष धूमधाम से यहां पर मानते हैं और अपने समाज के लोगों को शिक्षित होने एवं संगठित होने के साथ-साथ शारीरिक विकास कैसे हो समय में पढ़ाई लिखाई करने से क्या क्या लाभ होता है, उसका भी इस मंच के माध्यम से संबोधित किया जाता है।मौके पर मां शबरी सेना संस्थापक रोहित राम, प्रदेश अध्यक्ष निर्मल राम, उपाध्यक्ष मुकेश भुईयां, महासचिव प्रमोद राम, कोषाध्यक्ष दिनेश भुईयां, जिला अध्यक्ष विजय राम, सचिव मनोज राम, भगवान राम, सुदामा राम, राजेश राम, पंकज राम, कजरू राम, सिंटू भुइयां इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## सशक्त, सुरक्षित, विकसित और करुणामय समाज निर्माण हेतू समस्या समाधान संवाद का आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के चंदवारा प्रखंड सभागार में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन द्वारा सशक्त, सुरक्षित, विकसित और करुणामय समाज निर्माण हेतू समस्या, समाधान, संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समस्या समाधान संवाद का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार मिश्रा, अंचल पदाधिकारी अशोक कुमार, बाल कल्याण विभाग से जॉन सोरेन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के सहायक परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार एवं बाल मित्र ग्राम से आये बाल पंचायत के बच्चों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस समस्या संवाद कार्यक्रम में बाल मित्र ग्राम महुआदोहर, चौराही, रोहनियाटाँड़ एवं रेघवाटाँड़ से आये बच्चों एवं ग्रामीणो ने अपनी समस्याओं को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी के समक्ष रखा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल मित्र ग्रामों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए बाल मित्र ग्रामों के प्रतिनिधि, पदाधिकारियों से संवाद के जरिए समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया पर जोर देना रहा, वहीं दूसरी ओर यह भी रहा कि, समस्याओं से प्रभावित ग्राम वासी तथा समस्याओं के समाधान के लिए उत्तरदाई पदाधिकारी आमने सामने बैठकर चर्चा के माध्यम से समाधान की स्थिति और प्रक्रिया को तेजी देना है। कार्यक्रम में उपस्थित अंचल अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि यह देख कर खुशी हो रही है कि बाल मित्र ग्राम के लोग आज अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों से संवाद करने के लिए स्वयं उपस्थित हुए हैं।आयोजित समस्या समाधान संवाद में बाल मित्र ग्राम चौराही, रेघवाटाँड़, महुआदोहर एवं रोहनियाटाँड़ के ग्रामीण एवं बच्चे व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन से अमित कुमार, शिव कुमार, निकिता कुमारी, अमन कुमार एवं कृष्णा पासवान उपस्थित रहे। समस्या समाधान संवाद कार्यक्रम का संचालन निकिता कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन अमित कुमार के द्वारा किया गया।

## बरही और बरसोत महायज्ञ में शामिल हुए सांसद व विधायक



- **धार्मिक आयोजनों से समाज में बढ़ती है सकारात्मक ऊर्जा : सांसद मनीष जायसवाल**
- **संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का माध्यम हैं महायज्ञ : मनोज यादव**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट स्थित सूर्य मंदिर में महायज्ञ महोत्सव और बरसोत में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शिव परिवार एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस परायण महायज्ञ में हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। इस दौरान दोनों पूजा कमिटियों के पदाधिकारियों ने सांसद और विधायक को पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और विधायक मनोज कुमार यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ जैसे आयोजन धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। क्षेत्रवासियों की आस्था को नमन करते हुए उन्होंने भगवान सूर्य और भगवान शिव से सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि हमारी संस्कृति और परंपराएँ हमारी धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। महायज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों और श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास और खुशहाली की कामना की। मौके पर जीप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूजा समिति अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया समशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, राजकुमार केशरी, युवा नेता आकाश जायसवाल, कृपाल राणा, सोनू केशरवानी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# डेंटल कॉलेज एवं मिशन अस्पताल द्वारा लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

- **नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन शुक्रवार को सदर प्रखण्ड के बैहरी पंचायत भवन पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरमंद ग्रामीणों को चिकित्सकों द्वारा दांत एवं स्वास्थ्य का जांच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 52 जरूरतमंद का जांच किया गया। उपचार के साथ चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर, दांत एंव आरबीएस सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधित जांच मुफ्त हुआ। मुफ्त दवाई भी उपलब्ध कराया गया। मुफ्त मेडिकल कैंप से इलाज करवाकर मरीजों ने संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल का धन्यवाद व साधुवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में स्थानीय लोगों ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एंव डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य हर जरूरतमंद को उत्तम स्वास्थ्य का लाभ पहुंचाना है। शिविर में बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। वर्तमान दौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों की परेशानीयों को कम करने के उद्देश्य से हर जगह निशुल्क शिविर लगाया जा रहा है। इस विशेष पहल से कई जरूरतमंदों को अनुभवी चिकित्सकों से उपचार कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिल रहा है। अस्पताल एवं कॉलेज परिवार की आगे भी कोशिश रहेगा की यह मुफ्त शिविर जगह-जगह पर जारी रहे और जरूरतमंद शिविर से लाभान्वित हो। मौके पर बैहरी मुखिया पवन यादव उर्फ पप्पू ने कहा कि वाकई मे स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज काफी अच्छा पहल है। इससे गरीब परिवार एवं माध्यमिक परिवारों को काफी राहत मिलेगा। उन्होंने मिशन होस्पिटल एवं डेंटल कॉलेज परिवार का सरहाना किया। मौके पर डॉ कृष्णा राज, डॉ सौम्या राज एवं पीआरओ राजकुमार दास सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना सरहानीय योगदान दिया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग ने चलाया कानूनी जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान मे जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग की ओर से बैनरतले 90 दिवसीय डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड अंतर्गत राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय कोर्रा हजारीबाग मे किया गया। जिसका मॉनिटरिंग डी एल एस ए सचिव गौरव खुराना के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम मे पीश्र एलश्र वीश्र विकाश कुमार पांडेय के द्वारा बच्चों को बाल विवाह,घरेलू हिंसा, डायन भूत प्रतिषेध अधिनियम,नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान,इत्यादि से संबंधित जानकारी दिया गया। इस दौरान बच्चों को 15100 एवं 1930 से संबंधित जानकारी भी दिया गया।कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन




अपराध है। साथ ही साथ बच्चों को यह भी जानकारी दिया गया कि डी एल एस ए एक ऐसी जगह है जहां त्वरित एवं नि:शुल्क कार्य किया जाता है,जहां से प्रत्येक दिन दोनों पक्षों मे समन्वय बनाते हुए विवाद को समाप्त किया जा रहा है,तथा आवश्यकता पड़ने पर नि:शुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध करवाया जाता है। समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत का आयोजन कर दोनों पक्षों के सहमति तथा लोक अदालत का लाभ देते हुए मुकदमे को समाप्त किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर पीश्र एलश्र वीश्र विकाश कुमार पांडेय,प्रकाश कुमार सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चें उपस्थित थे।

# बादम और हरली पंचायत के बॉर्डर पर निर्मित पुल हुआ जर्जर, कभी भी हो सकती है बड़ी घटना

**ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने नए पुल के निर्माण की मांग की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम एवं हरली पंचायत के बॉर्डर पर बना पुल पूरी तरह से जर्जर हो गया है। इस पुल से हो कर दर्जनों गांव के ग्राम बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय और हजारीबाग जाते हैं। इस सिंगल लाइन पुल का पिछले कई वर्षो से मरम्मत नहीं किया गया है जिसके कारण पुल की स्थिति अति जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां अंग्रेज के टाइम में एक पुलिया हुआ करती थी जो चीनी मिट्टी से बनी हुई थी वह भी नहर के तेज बहाव पानी से टूट गया। 20 से 25 वर्ष पूर्व इस पुल का निर्माण हुआ था। बरसात के दिनो मे नहर का तेज पानी इस पुल के नीचे से गुजरता है जिसके कारण पिलर के नीचे का मिट्टी पूरी तरह बह गया है। पुल को तत्काल में रिपेयर नहीं किया गया तो



बड़ी घटना हो सकती है और कई गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाएगा। गोंदलपुरा मुखिया बासुदेव यादव, बादम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, पंचायत समिति प्रतिनिधि संतोष मेहता, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष त्रिलोकी साव, जमाल सगीर, श्रीकांत निराला, विक्रम गुप्ता, अजय सिंह सहित अन्य लोगों ने नए पुल के निर्माण की मांग जिला प्रशासन और राज्य सरकार से किया है।

# अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन, नगर परिषद व छावनी परिषद द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले को जाम मुक्त बनाने व रामगढ़ शहरी क्षेत्र एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला प्रशासन रामगढ़, नगर परिषद एवं छावनी परिषद रामगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से रामगढ़ शहर अंतर्गत रांची रोड क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का, नगर प्रबंधक नगर परिषद रामगढ़ सहित अन्य अभियान में शामिल थे। अभियान के तहत रांची रोड क्षेत्र अंतर्गत लगभग 25 से 30 दुकानों से अतिक्रमण हटाया गया वहीं नगर परिषद की टीम द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने को लेकर लगभग ?10000 का चालान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश के आलोक में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है जो की निरंतर चलाया जाएगा वहीं उन्होंने सभी जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे इन कार्यों में जिला प्रशासन, नगर परिषद व छावनी परिषद का सहयोग करें एवं जहां कहीं भी अतिक्रमण है वे स्वयं रूप से उसे हटाने का कार्य करें।





# पतरातु में अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जियो टैग करने के लिए किया गया प्रशिक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड सभागार कछ में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें अबुआ आवास योजना अंतगर्त लाभुक द्वारा स्वंय जीओ टैग किये जाने वाले एप्प के संबंध में लाभुको को उनके मोबाइल पर इंस्टॉल कराते हुए उन्हें अपना आवास का जियो टैग कराने हेतु प्रशिक्षित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण,जेएसएलपीएस के दीदी,मुखिया पंचायत सचिव को बताया गया कि आवास योजनाओं में प्रगति लाने तथा आवास निर्माण के लिये लाभूकों को ससमय किश्त की राशि का भुगतान करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के निमित्त ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड राँची द्वारा Beneficiary Level GeoTag app तैयार किया गया हैं। इस एप्प के माध्यम से लाभुक स्वयं अपने आवास का जीओ टैग कर सकेंगे। इस एप्प को गूगल प्ले स्टोर अथवा अबुआ आवास योजन्स पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता हैं। इंस्टॉल के क्रम में लाभुक के मोबाईल में ओटीपी प्राप्त होगा। जीओ टैग को पंचायत सचिव द्वारा सात दिनों के अंदर स्थल सत्यापन करते हुए उसे एप्रूव्ड या रिजेक्टेड कर सकते हैं। लाभुक का मोबाईल ओटीपी के लिए ब्लॉक लॉगिन से मोबाइल नंबर अपडेट किया जाएगा। इससे संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा प्रखंड एवं जिला स्तर पर सप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।बैठक में प्रशिक्षण प्रखंड समन्वयक नील कमल दास,पंचायत सचिव रवि रंजन,सबिया कुमारी, अनीता कच्छप,रंजीता कुमारी,प्रिया कुमारी, खुशबू रानी, स्वीटी गाड़ी, रुकैया परवीन, संगीता कुमारी, चंद्रपाल महतो कमलेश रंजन, रवि रंजन, शहजाद आलम, राजेंद्र कुमार सिंह, जीवन प्रसाद, ईश्वर डेहरी, झमन लाल महतो, कालू पहाड़िया, ढलन साव,नकुल यादव आदि उपस्थित थे।



# छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट द्वारा वैवाहिक बलात्कार को मान्यता न देना और उस पर कार्रवाई न करना निंदनीय है : ऐपवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** ऐपवा रामगढ़ जिला इकाई के नेतृत्व में रामगढ़ शहर में मार्च निकाला गया जिसमें नीता बेदिया, कांति देवी, सोनी कुमारी, जयंती देवी,आशा देवी, सीता देवी,वीणा देवी,संगीता देवी, कुंती देवी,कदमी देवी,मालती देवी,बसंती देवी,रमनी देवी, सलोनी देवी,रुपनी देवी,रुदनी देवी अन्य दर्जनों महिलाएं शामिल थी।ज्ञात हो कि 10 फरवरी 2025 को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के फैसले से हम स्तब्ध हैं, जिसमें कोर्ट ने गोरखनाथ शर्मा बनाम छत्तीसगढ़ राज्य के मामले में वैवाहिक बलात्कार के मुद्दे को न तो स्वीकार किया और न ही उसके समाधान के लिए कोई कदम उठाया. इस मामले में आरोपी पति ने भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), धारा 376 (बलात्कार की सजा) और धारा 304 (हत्या न होने वाले आपराधिक मानव वध की सजा) के तहत अपनी सजा के खिलाफ अपील दायर की थी.यह मामला 2017 की एक घटना से जुड़ा है, जिसमें पति ने अपनी पत्नी के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए और इस दौरान उसने पीड़िता के गुदा में हाथ डाला. दर्द से तड़पती पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पुलिस को रिपोर्ट दी गई और पति के खिलाफ मामला दर्ज हुआ. पीड़िता ने अपना बयान देने के बाद, उसी दिन इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।अदालत का कहना है कि धारा 377 के तहत अप्राकृतिक यौन संबंध के मामले में भी, धारा 375 (बलात्कार) के तहत परिभाषित सहमति की जरूरत नहीं है क्योंकि यह पति-पत्नी के बीच का मामला है. अदालत यह भी कहती है कि–भारतीय दंड संहिता की धारा 375 की परिभाषा के अनुसार, अपराधी को पुरुष के रूप साफ तौर पर वर्गीकृत किया गया है. इस मामले में, अपीलकर्ता पति है और पीड़िता महिला है, जो उसकी पत्नी भी है. इसके अलावा, वे शरीर के वे ही अंग हैं जिनसे शारीरिक संबंध बनाया जाता है . इसलिए, पति-पत्नी के बीच यह अपराध धारा 375 के तहत नहीं आता, क्योंकि इस धारा में किए गए संशोधन के कारण और दोनों धाराओं के बीच असंगति को देखते हुए, यह अपराध बनता ही नहीं।




# हाइ मास्ट लाइट लगने से उरीमारी चेकपोस्ट कालोनी के ग्रामीणो में खुशी का माहौल : राजू यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी पंचायत के चेकपोस्ट कालोनी स्थित चांदनी चौक पर शुक्रवार को पंचायत मध्य योजना के तहत हाइ मास्ट लाइट लगाया गया। वहीं यह हाइ मास्ट लाइट राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह उरीमारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव के नेतृत्व में लगाया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव सह मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव ने कहा कि इस हाइ मास्ट लाइट लगने से ग्रामीणों को बहुत सारी सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं इस लाइट के लगने से कालोनी में ग्रामीणो के बीच खुशी का माहौल है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,टहल गोप,लखन साव, बाल्मिकी यादव,दीपक यादव, भोला रविदास, मोहम्मद असलम, चंदू जयसवाल, रंजित करमाली, राजू पासवान, विनय चौहान, जितेन्द्र रजक, मोहम्मद मुस्ताक आदि लोग मौजूद थे।

# अंतराष्ट्रीय भाषा दिवस हर्षो- उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ जिला के राधा गोविन्द विश्वविद्यालय रामगढ़ के तत्वाधान में खोरठा भाषा विभाग के द्वारा अंतराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय की प्रभारी कुलपति डॉ रश्मि ने की।कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो डॉ रश्मि , कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल , परीक्षा नियंत्रक डॉ अशोक कुमार महतो ,रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रध्यापक डॉ बी एन ओहदार , शिक्षाविद बासुदेव महतो , समाजसेवी डॉ डी सी राम , खोरठा विभाग के विभागाध्य अनाम ओहदार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत खोरठा विभाग की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने संबोधन में कि इस तरह के आयोजन से लोगों को अपनी मातृभाषा के प्रति लगाव बढ़ेगा। विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति श्री बी. एन. साह ने अंतराष्ट्रीय मातृभाषा की हार्दिक शुभ कामनाएं दी और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है। प्रभारी कुलपति डॉ रश्मि ने संबोधन में बताया कि आज का दिन मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ाव देने के महत्व को बताता है।कार्यक्रम का संचालन खोरठा विभाग के विभागाध्य ओहदार अनाम ने किया और अपने संबोधित में कहा कि मातृभाषा हमारी सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा है।

# तीन तलाक अधिनियम 2019 का कड़ाई से हो अनुपालन : सिसोदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हिन्दू टाइगर फोर्स के अध्यक्ष दीपक सिसोदिया को उनके आवास पर आकर धन्यवाद देने आई तीन तलाक की पीड़िता। दरअसल 2019 में केंद्र सरकार ने मुस्लिम महिलाओं की अधिकारों की रक्षा के लिए तीन तलाक कानून लाया था जिसके बाद से भी देश भर में तीन तलाक के मामले सामने आ रहे है आज झारखंड के रामगढ़ में ऐसा ही मामला सामने आया। जहां पीड़िता के शोहर ने पहली बीवी गुलजहाँ प्रवीण को पहले तो जलाकर मारने का कोसिस किया जिसमें पीड़िता का आधा शरीर जल गया फिर उसके बाद अमीन अंसारी ने गुलजहाँ प्रवीण को तीन तलाक देकर अपनी एक नाबालिक बेटी के साथ घर से बाहर निकाल दिया और दूसरा निकाह कर लिया।पीड़िता गुलजहाँ प्रवीण ने कहा 2021 में मुझे तीन तलाक देकर मेरी बच्चिक साथ घर से निकाल दिया। अंजुमन कमिटी में दो बार बात रखने के बाद भी मुझे मेरे समाज से न्याय नहीं मिला फिर मुझे हिंदूवादी नेता दीपक सिसोदिया जी के बारे में पता चला तो उनसे मदद मांगी तो भाई बनकर मेरे साथ खड़े रहे और न्याय दिलवाया। वहीं हिन्दू टाइगर फोर्स के अध्यक्ष दीपक सिसोदिया ने कहा- तीन तलाक अधिनियम 2019 का कड़ाई से हो अनुपालन क्योंकि ये मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों को हनन होने से बचाने के लिए बनाया गया है। गुलजहाँ प्रवीण के साथ जो हुआ वह निंदनीय है और गुलजहाँ प्रवीण को अभी आधा न्याय मिला बाकी हिन्दू टाइगर फोर्स के वकील न्यायालय से पूर्ण न्याय दिलवाएंगे और जिला पुलिस को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने सजगता से अपना कर्तव्य निभाया और केस में लगे रहे।

# आदिवासी संघर्ष मोर्चा झारखंड के केन्द्रीय आह्वान पर रामगढ़ जिला के रामगढ़ शहर में आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भाकपा-माले के नेतृत्व में एक विशाल मार्च का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा झारखंड के केन्द्रीय आह्वान पर रामगढ़ जिला के रामगढ़ शहर में आदिवासी संघर्ष मोर्चा और भाकपा-माले के नेतृत्व में एक विशाल मार्च करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ के माध्यम से झारखंड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक ज्ञापन सुपुर्द किया जा रहा है। झारखंड पंचायती राज अधिनियम को पीसा संगत बनाने की मांग करती है। पीसा के सभी अपवादों और उपांतरणों अनुरूप झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 को संशोधित कर लागू किया जाए।झारखंड राज्य आदिवासियों के नाम से जाना जाता है झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग सहित कई जिले, प्रखंड, पंचायत, गांव ऐसे हैं जहां आदिवासियों की संख्या बहुतायत है लेकिन उसे अनुसूचित क्षेत्र से बाहर रखा गया है इसलिए प्रस्तावित पेसा नियमावली में इसे अनुसूचित क्षेत्र के दायरे में लाकर लागू किया जाए।पीसा का मूल यही है कि अनुसूचित क्षेत्र में त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था के प्रावधानों का विस्तार होगा लेकिन आदिवासी सामुदायिकता, स्वायत्तता और पारम्परिक स्वशासन इस पंचायत व्यवस्था का मुख्य केंद्र बिंदु होगा एवं ग्राम सभा स्वयंभू होगा। हालांकि झारखंड राज्य ने 2001 में झारखंड पंचायती राज अधिनियम बनाया, लेकिन इसमें पीसा के अनुरूप ग्राम सभा व पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था सम्बंधित प्रावधान नहीं हैं। जैपीआरए मुख्यतः पंचायत केन्द्रित है जबकि पीसा के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में इसे ग्राम सभा केन्द्रित होना है।उदाहरणस्वरूप ग्राम सभा की शक्तियों में सामुदायिक संसाधनों का मालिकाना, भूमि अधिग्रहण सम्बंधित अनुमति, गौण खनिज सम्बंधित अनुमति, गौण वन उपज पर स्वामित्व, अवैध भूमि हस्तांतरण रोकने की शक्ति, साहूकारी पर नियंत्रण, सामाजिक सेवा सम्बंधित सभी संस्थानों व कर्मियों पर नियंत्रण, स्थानीय बाज़ारों पर नियंत्रण आदि का ज़िक्र नहीं है।




*विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति एवं सीसीएल प्रबंधन के साथ 12 सुत्री मांगो पर द्विपक्षीय वार्ता हुई*


# विस्थापितों कि समस्या का समाधान हेतु सकारात्मक कदम उठाया जाएगा : अजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति एवं सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक एवं सीसीएल प्रबंधन के बीच 12 सुत्री मांगो को लेकर द्विपक्षीय वार्ता हुई। बता दें कि विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति विगत लगभग दस वर्षो से निरंतर भुरकुण्डा कोलियरी से विस्थापित प्रभावित गाँव के रैयतो/ग्रामवासियों,स्थानीय बेरोजगारों के ज्वलंत और जीवंत जनसमस्याओ के समाधान हेतू संघर्षरत है। समिति के तत्वाधान में कोलियरी से प्रभावित गांव कुरसे,देवरिया,बरगांवा दुन्दुवा, बलकुदरा सहित आस-पास के कई गांव के लोग/आम-अवान धरना-प्रदर्शन,आमसभा के माध्यम से अनेकों बार मांग पत्र सौंप कर सी0सी0 एल0 प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट करा चुके है। लेकिन सीसीएल प्रबंधन आज तक सिर्फ झुठा आश्वासन ही देते आ रही है,जिससे आम आवाम रैयतों, प्रभावितों स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं यह भी बता दें कि आगामी 27 फरवरी दिन मंगलवार को पुनःपूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार विस्थापित-प्रभावित संघर्ष समिति के तत्वाधान में आहूत जनप्रदर्शन जनसभा के माध्यम से जिसमें सैकड़ो रैयत/ग्रामीण बेरोजगार/ भुरकुण्डा कोलियरी में वर्षो (लगभग चालीस वर्ष) से ट्रकों में कोयला लोडिंग कर पीढी दर पीढ़ी अपने व अपने परिवार का जिविकोपार्जन करने वाले लोग शामिल हैं। इन सभी मामलों को लेकर विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति ने 12 सुत्री मांग पत्र सौंपा था। जिसमें भुरकुण्डा कोलियरी अंतर्गत बलकुदरा खुली खदान से उत्पादित कोयला का 75 प्रतिशत आवंटन रोड सेल में दी जाय। एवं भुरकुण्डा कोलियरी में रोड सेल अविलम्ब चालू की जाय ताकि विस्थामित प्रभावित गांव के रैयतों/ग्रामवासियों, स्थानीय बेरोजगारों को वैकल्पिक रोजगार मिल सके। आदि समस्याये रखी गई थी। वहीं शुक्रवार को महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल प्रबंधन एवं विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई।



## रामगढ़ महाविद्यालय में पब्लिक रिलेशन सेल और सिविल सोसाइटी के बीच मीटिंग का आयोजन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय में 21 फरवरी को पब्लिक रिलेशन समिति और सिविल सोसाइटी की मीटिंग आयोजित हुई। इस मीटिंग में सुरेश प्रसाद अग्रवाल, अमित कुमार सिन्हा,बालकृष्ण जलान,महेश कुमार अग्रवाल, रामगढ़ कालेज की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडे, कोऑर्डिनेटर डॉ. कामना राय, आईक्यूएसी की कोऑर्डिनेटर विजेता तिग्गा, रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या सरिता सिंह ने भाग लिया। इस मीटिंग में कॉलेज को समाज से कैसे जोड़ा जाए और इसकी बेहतरी के लिए कार्य कैसे हो इसपर चर्चा की गई। साथ ही महाविद्यालय में बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराने को लेकर भी मीटिंग में चर्चा हुई। मीटिंग में बताया गया कि महाविद्यालय में छात्र, छात्राओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही कैंटीन आरंभ किया जाएगा। वहीं, महाविद्यालय को हरा भरा रखने के लिए यहां पार्क का विकास किये जाने की भी योजना है। इसके अलावे मीटिंग में महाविद्यालय के छात्र, छात्राओं के स्कूल डेवलपमेंट पर भी चर्चा की गई। इसके अलावे आगामी कुछ दिनो में महाविद्यालय में रक्तदान शिविर के आयोजन पर भी मीटिंग में चर्चा की गई।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यो की जानकारी समिति के सदस्यों से ली।मौके पर जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे योजना चंदन कुमार के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत मार्च माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर उप विकास आयुक्त ने अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के मद्देनजर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने एवं विभिन्न कॉलेजों के सहयोग से रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, एसएमपीओ, सीसीएल टाटा सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यो की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इस दौरान उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गो को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रवाधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी वहीं अब इस योजना का नाम बदलकर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना कर दिया गया है।

## सरना झंडागड़ी का 10 वां वर्षगांठ मनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के सिहदवार गांव में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के लोगों के द्वारा सरना झंडागड़ी 10 वाँ वर्षगांठ मनाया गया । पूजा राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के संरक्षक राजेश पहान के द्वारा सहयोगी पहानों के साथ पारंपरिक रीति रिवाज से किया गया द्य पूजा के लिए डाड़ी से जल कलश में भरकर सरना स्थल सभी लोग पहुंचेद्य साथ ही गांव की खुशहाली सुरक्षा और समृद्धि के लिए कामना की द्य साथ ही जल ,जंगल व जमीन की रक्षा करने का भी संकल्प लिया द्य मौके पर संरक्षक राजेश पहान, जिला अध्यक्ष शुक्रमुनि मुंडा, भुवनेश्वर बेदिया, किरण मुंडा रूपलाल मुंडा ,आरती मुंडा, राजकुमार, बुधवा, बंधु पहान, प्रयाग बेदिया, जय, कामना, शिबू, पोरेश, गुड्डू, मंजू, आरती, सीता, बबीता, राधिका, पुनिया, सीमा, सुनिता, आदि कोई उपस्थित थे।



## तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा एकलव्य माध्यमिक विद्यालय, सहराज, गोविंदपुर में तीन दिवसीय शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस आयोजन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर, चेतना महाविद्यालय के संरक्षक शैलेंद्र एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने कहा कि हस्तशिल्प संस्कृति की पहचान है और ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से निश्चित ही बच्चों के बीच झारखंड के सभ्यता और संस्कृति के प्रति रुझान बढ़ेगा। मौके पर 150 से अधिक बच्चों संग प्राचार्य हेनालाल हेम्ब्रम, शिक्षकगण अनिल मुर्मू, रविंद्र टुडू, पंकज, सुनीता, गणेश, रुपलाल एवं अन्य मौजूद रहे।

## ओवरलोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, यातायात बाधित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नई दिल्ली-कोलकाता मुख्य मार्ग एनएच 19 पर शुक्रवार को अनियंत्रित ट्रक पलट गया। जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि नेशनल हाइवे 19 पर तोपचांची की तरफ से आ रही ओवरलोडेड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ट्रक में लोड चारकोल शीट सड़क पर बिखर गई। जिससे यातायात पूरी तरफ बाधित हो गया है। मामले की सूचना मिलने पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुँच कर यातायात सामान्य कराने में जुट गई है।

## इसीआरकेयू ने अखिल भारतीय मांग दिवस मनाया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के दिशा निर्देश पर शुक्रवार ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद लाइन शाखा द्वारा अखिल भारतीय मांग दिवस मनाया। इसके तहत धनबाद के कैरेज एंड वैगन डिपो के मैंने गेट के पास मीटिंग हुई। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि मांग दिवस पर मुख्य मांग रेलवे के खाली पदों को अविलंब भरा जाए, रेलवे में निजीकरण निगम कारण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगे, जर्जर आवासों की जगह पर नया आवास का निर्माण एवं रेलवे कॉलोनी में सुविधा बेहतर की जाए, यूपीएस का कर्मियों को अविलंब सुधार हो तथा सभी रेल कर्मचारियों से 8 घंटा से ज्यादा काम ना लिया जाए आदि शामिल है। सभा के अंत में डिपो इंचार्ज अभय मेहता को मांग पत्र सौंपा।

## 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक किया बंध्याकरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर अस्पताल में परिवार नियोजन मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इसमें महिला बंध्याकरण, अंतरा इंजेक्शन सहित सभी प्रकार की परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की गई। कैंप में अर्बन सहिया के सहयोग से लाभार्थियों को लाया गया। जिसमें 40 महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया।मौके पर सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, नोडल पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ विकास राणा, डॉ.संजीव कुमार, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. श्री निवास राव, एमओआईसी डॉ. अनीता चौधरी, अस्पताल प्रबंधक तबस्सुम नाज़, अर्बन कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर गौतम सिंह, परिवार नियोजन काउंसलर प्रीति कुमारी, रणधीर कुमार, ताजुद्दीन अंसारी, हिरा लाल रजक, अभिजीत कुमार सिन्हा, मुक्ति रंजन दास, मनीष कुमार, पूजा रानी मंडल, रीता कुमारी, नमलेन बेडिंग, पी.एस.आई. इंडिया के जिला प्रबंधक प्रेम कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद थे।

## एडीएम के नेतृत्व में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का किया संयुक्त निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सड़क दुर्घटनाओं एवं जाम से निजात के लिए एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार सिंह, रोड सेफ्टी टीम तथा एनएचएआई दुर्गापुर के प्रतिनिधि ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से बरवाअड्डा किसान चौक से गोविंदपुर तक के दुर्घटना संभावित क्षेत्र तथा जाम वाले क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया।वहीं एडीएम ने बताया कि 20 फरवरी को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसमें लिए गए निर्णय एवं उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आज दुर्घटना संभावित क्षेत्र तथा जाम वाले क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के बाद एनएचएआई दुर्गापुर को सर्विस रोड तथा मेन रोड के बीच डिवाइडर बनाने, डिवाइडर में रेलिंग लगाने, सर्विस रोड का काम पूरा करने तथा सर्विस रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। साथ ही स्ट्रीट लाइट की उचित व्यवस्था करने, साइनेज, कैट आई तथा येलो ब्लिंकर लगाने का भी निर्देश दिया।


### पूर्व मध्य रेल

#### खूली ई-निविदा सूचना

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिए खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. ई. निविदा संख्या: ईएल/36/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (अ) पतरातू: पतरातू में 02 न. और एडीईएन/बरकाकाना के अंतर्गत रांची रोड और भुरकुंडा स्टेशन पर प्रत्येक में 1 नं. गहरे ट्यूबवेल के प्रावधान (ब) एईएन/I/गोमो के अंतर्गत पारसनाथ और तेतुलमारी स्टेशन कॉलोनी में जल आपूर्ति में सुधार के लिए गहरे ट्यूबवेल, जल स्टेजिंग प्लेटफार्म, पीवीसी टैंक इत्यादि के प्रावधान (स) धनवाद मंडल के गुझंडी में स्टाफ क्वार्टर के नवीनीकरण से संबंधित वैद्युतिक कार्य । (कार्य समापन अवधि: नौ माह)। **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 29,28,316.02 **बिड सिक्युरिटी:** रु.58,600.00

**2. ई. निविदा संख्या: ईएल/37/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** सिंगरौली रेलवे स्टेशन पर त्वरित जल प्रणाली से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि: नौ माह) **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु.29,34,331.39 **बिड सिक्युरिटी:** रु.58,700.00

**3. ई. निविदा संख्या: ईएल/38/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** धनबाद मंडल के अंतर्गत धनबाद, गोमो एवं कोडरमा में लिफ्ट, एस्केलेटर, सवस्टेशन, 30% - 70% प्रकाश व्यवस्था, स्ट्रीट लाइटिंग के लिए डेटा मॉनिटरिंग और प्रबंधन (IR NIYANTRAC) के लिए क्लाउड आधारित केंद्रीकृत वेव–पोर्टल के साथ वेब आधारित स्वचालन (निगरानी और नियंत्रण) प्रणाली का प्रावधान (कार्य समापन अवधि: नौ माह) **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 3,46,65,148.54 **बिड सिक्युरिटी:** रु.3,23,300.00

**3. ई. निविदा संख्या: ईएल/39/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** तीन वर्ष के लिए धनवाद रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर–8 पर स्थापित 01 नंबर (ओमेगा मेक) 13 यात्री लिफ्ट का निवारक और व्यापक वार्षिक रखरखाव (AMC) (कार्य समापन अवधि: छतीस माह)। **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु.4,67,907.48 **बिड सिक्युरिटी:** रु.9,400.00

**ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 18.03.2025 को 11:00 बजे। ई निविदा खुलने की तिथि दिनांक 18.03.2025 को 11.30 बजे के बाद। **वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)/पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02153/डीएचएन/ईजीईएन/टी/24–25/72


## उपायुक्त की अध्यक्षता में एमडीएम स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** दिनांक 21 फरवरी 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में एमडीएम स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। इस दौरान पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा पी.एम. पोषण योजनान्तर्गत कार्यरत रसोईया का मानदेय भुगतान, स्कूल स्टेप डिलीवरी के तहत विद्यालय तक खाद्यान्न का उठाव, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्यालय में उपलब्ध कुकिंग कॉस्ट मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला/विद्यालय में उपलब्ध फल/अण्डा मद राशि का आय-व्यय, वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला / विद्यालय में उपलब्ध रागी (मडुआ) मद राशि का आय-व्यय एवं पी. एम. पोषण योजनान्तर्गत विद्यालय द्वारा भेजें जा रहे एसएमएस की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने एमडीएम की औचक निरीक्षण करने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर विद्यालयों में मिल रहे एमडीएम का औचक जांच कर यह सुनिश्चित करें कि तय मानकों के अनुरूप बच्चों को एमडीएम मिले। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि तय समय पर सभी प्रखंडो में एमडीएम की राशन पहुँचे और वहां से सभी स्कूलों में समय पर राशन उपलब्ध कराएं।बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी समेत अन्य मौजूद रहें।

## रेखा और रुकैया को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाने पर खुशी की लहर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन महिला मोर्चा का संगठन धनबाद जिला में रेखा कुमारी और रामगढ़ जिला में रुकैया मिर्जा को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनने की खबर सुनते ही लोगो में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लोगो ने फोन से एवं घर जा कर बधाई दी। जिला अध्यक्ष शमीम शाह ने कहा की रेखा कुमारी और रुकैया मिर्जा से काफी उम्मीद है, वो हमेशा समाज के बिच रहने का कार्य करती है। जिस से लोगो की समस्या दूर होने में काफी मदद मिलेगी। वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन के सभी सदस्य हमेशा कदम से कदम मिला कर उनका साथ देंगे।बधाई देने वालों में मो. शाहिद, प्रवीण सिंह, मो. शहाबुद्दीन, मो. कलाम, सफीक खान, गिरिजा देवी, रीना देवी, प्रिया देवी, सलमा खातून, शहनाज खातून, अंजू देवी, मंजू देवी, उषा देवी, राधा देवी, फातिमा खातून, बजिंदर सिंह, अनूप पासवान, सूरज कुमार, फैज अंसारी, हैदर अली आदि प्रमुख रहे।

## भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी का प्रतिनिधिमंडल विधायक राज सिन्हा से मिला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को भारतीय रेडक्रास सोसाइटी धनबाद के चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह के साथ वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो, संयुक्त सचिव दिलीप सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार कुमार मधुरेन्द्र सिंह एवं आजीवन सदस्य ज्ञानचंद, पिंटू, राजा तिवारी, टिंकु साव, दीपक ढक्कर, प्रकाश शर्मा, मानस प्रसुन्न एवं अन्य ने धनबाद विधायक राज सिन्हा से उनके आवासीय कार्यालय में मिल कर दस बेड डायलिसिस युनिट प्रदान करने का आग्रह किया। जिसे विधायक ने स्वीकार करते हुए धनबाद उपायुक्त को कल के बैठक में प्रस्तुत करने हेतु पत्राचार किया है।

## जनता दरबार में विद्यार्थी ने की बिना कारण बताए स्कूल से निष्कासित करने की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें एक छात्र ने आवेदन देकर बताया कि उसे बिना कोई कारण बताएं या चेतावनी दिए स्कूल से निष्कासित कर दिया है। मामले पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने जिला शिक्षा अधीक्षक को दोनों पक्षों को बुलाकर बात करने और वस्तु स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया।केंदुआ बाजार हनुमानगढ़ी से आए व्यक्ति ने उनके पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा करने, रास्ता बंद कर देने एवं रंगदारी मांगने की शिकायत की। गोविंदपुर के दामकड़ा बरवा, बड़ा जमुआ से आई महिलाओं ने 15वें वित्त आयोग मद से बनने वाले नाली निर्माण में कुछ लोगों द्वारा बाधा पहुंचाने, महुबनी 2 गोविंदपुर से आए व्यक्ति ने अबुआ आवास एवं पीएम आवास योजना में अनियमितता बरतने की शिकायत की। जनता दरबार में धारजोरी मौजा में चल रहे अवैध निर्माण कार्य को बंद कराने, पड़ोसी के उपद्रव एवं उत्पात से मुक्ति दिलाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने सहित अन्य शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए।एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा व अन्य लोग मौजूद थे।

## अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर डीएवी बनियाहीर ने निकाली जागरूकता रैली




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर बीसीसीएल, लोदना क्षेत्र संख्या - 10 के सौजन्य से डीएवी बनियाहीर के छात्रों द्वारा मातृभाषा के प्रति निष्ठा और प्रेम को दर्शाती हुई एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली मे छात्रों के साथ विद्यालय के प्राचार्य एज़ाज अहमद, हिंदी शिक्षिका अंकिता तिवारी, मीना लाला, शिक्षक राकेश धर, संदीप चटर्जी और अरविन्द कुमार उपाध्याय सम्मिलित रहे। यह जागरूकता रैली क्षेत्रीय कार्यालय लोदना क्षेत्र संख्या - 10 तक गई। इस रैली मे लोदना क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक दीपक कुमार सिंह, सौरव कुमार सिंह (नोडल अधिकारी राजभाषा), विश्वनाथ धीवर (वरीय लिपिक राजभाषा विभाग) अनुवादक रोशन कुमार शर्मा तथा लालटू राजवार मौजूद रहे। मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदी शिक्षक राकेश धर ने कहा कि मातृभाषा विचार की अभिव्यक्ति का सबसे सरल व सशक्त माध्यम है। वहीं शिक्षिका अंकिता तिवारी ने इस रैली के आयोजन के लक्ष्य के विषय मे अपना विचार व्यक्त किया और कहा कि विविधता मे एकता ही हमारी संस्कृति की विशेषता है और मातृभाषा हमें आपस मे भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करती है। प्राचार्य एज़ाज अहमद ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए और इसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।

### एडीएम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने किया फाइलेरिया की गोली का सेवन

## उपायुक्त ने की छुटे हुए लोगों से दवा लेने की अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार, 20 फरवरी, तक जिले के 17 लाख 97 हजार 037 लोगों को गोली खिलाई गई। जिसमें बृहस्पतिवार को एक लाख 67 हजार 871 लोगों को गोली खिलाई गई। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 दिनों के अंदर 60त्न लोगों को गोली खिलाई गई है। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने गोली का सेवन किया।10 फरवरी से शुरू हुए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार, 20 फरवरी, तक गोविंदपुर में 136994, टुंडी 130587, बाघमारा 329234, तोपचांची में 93162, धनबाद 556472, झरिया 220894, बलियापुर 79030 एवं निरसा प्रखंड में 250664 लोगों को गोली खिलाई गई है।


### पूर्व मध्य रेल

**अतिरिक्त ई-नीलामी की सूची (स्क्रैप बिक्री)**
**स्क्रैप विक्रय समयः- 10AM से 05PM**

| महीना | मंडल | तिथि | मोबाईल |
| --- | --- | --- | --- |
| मार्च 2025 | हरनौत | 07.03.2025 (शुक्रवार), 13.03.2025 (गुरूवार), 21.03.2025 (शुक्रवार) एवं 28.03.2025 (शुक्रवार) | 9771452206 |

(अ) इच्छुक क्रेता नीलामी से पहले नामित स्थान पर स्क्रैप लॉट का निरीक्षण कर सकते है। वे रेलवे प्रशासन के संबंधित अधिकारी से अनुमति लेकर किसी भी कार्य दिवस (रविवार को छोड़कर) कैटलॉग में स्क्रैप–लॉट की लिखी हुई जगह पर देख सकते हैं।

(ब) समग्रियों और नियमों तथा शर्तों का पूर्ण विवरण नीलामी सूची के अनुसार होगा, जो नीलामी तिथि के पहले पूर्व मध्य रेलवे के संबंधित नीलामी संचालन प्राधिकरण के पास या हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगा।

उप सामग्री प्रबन्धक–IV /पूमरे/हाजीपुर
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक

पीआर/02157/एचक्यू/एसटीओआरई/एन/24–25/45



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

**अति–अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/ITDA/DT-14 दिनांक 21.02.2024**

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 27.02.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 28.02.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 28.02.2025 अपराहन 04:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

**Detail of work;-**

| Sl No | Name of work | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Construction of Deep T/W of 200/165 mm Dia, 158 mtr deep Drilled T/Well with Complete set of Hand Pump India Mark-II for ANUSUCHIT JANJATI AWASIYA BOYS MIDDLE SCHOOL DOMAKHAR. | 01 | 248531.00 | 5000.000 | 500 | 07 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 346931 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**
**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –23 वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि एवं समय : दिनांक: **27.02.2025** को अपराह्ण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक: **28.02.2025** कोअपराह्ण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक: **28.02.2025** को अपराह्ण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान: 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान: 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | Renovation of DC Residence at khunti, Dist - khunti. | 9,76,600.00 | 1,250.00 | 19,600.00 | 15 Days |
| 2. | E/R of SDPO Residence at khunti, Dist- khunti. | 2,49,955.00 | 500.00 | 5,000.00 | 10 Days |
| 3. | Construction of Solar Panel Shed at Different Places(4 unit) in the Campus of Civil Court khunti, Dist - khunti. | 18,89,600.00 | 5,000.00 | 38,000.00 | 01 Month |
| 4. | Providing of Tiles & Repairing of Abhilekhagar Building in District Court khunti, Dist- Khunti. | 15,04,000.00 | 5,000.00 | 30,100.00 | 01 Month |

नोट:-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांक: 2148 (S) राँची, दिनांक: 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा।

निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 346903 Building(24-25)D

# मैं सभी समुदाय के लोगों के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहूंगी : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड अंतर्गत आकाशी टंगरा टोली में नवनिर्मित मस्जिद की ढलाई के अवसर पर लोहरदगा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नीरू शांति भगत ने ग्रामीणों के आमंत्रण पर उपस्थित होकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मेरे पति और इस क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत लोहरदगा क्षेत्र के विकास के साथ-साथ सभी समुदाय के लोगों के सुख-दुख और धार्मिक आयोजनों में हमेशा शामिल रहते थे मैं भी उन्ही के पदचिह्नों में चलते हुए सभी समुदाय के लोगों के सुख-दुख और धार्मिक आयोजनों में हमेशा शामिल रहूंगी और अपने स्वर्गीय पति की हर इच्छा और सपने को साकार करने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दूंगी। उन्होंने कहा कि जब मैं क्षेत्र में घूमती हूं और अपने पति स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के प्रति लोगों का अथाह प्रेम और सम्मान देखती हूँ तो मेरे अंदर भी क्षेत्र के विकास के लिए कुछ करने की ताकत और जज्बा पैदा होता है। मैं चाहती हूं कि आप सभी का आशीर्वाद और सहयोग पाकर मैं भी निश्चित रूप से आने वाले दिनों में अपने पति के हर सपने को साकार करने में सक्षम होऊंगी। आजसू पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में नीरू शांति भगत जी की जीत निश्चित था, किंतु पार्टी नेतृत्व की गलती और लोहरदगा के वरिष्ठ नेताओं की दगाबाजी के कारण लगभग 80 हजार वोट लाकर भी हम लोगों को हार का मुंह देखना पड़ा और स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी का सपना हम पूरा नहीं कर सके। अब हम लोगों ने यह निर्णय लिया कि आजसू पार्टी छोड़कर हम सब झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल होंगे और झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के हाथों को मजबूत करते हुए लोहरदगा के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि इसके लिए नीरू शांति भगत को आप सबों का तन- मन से सहयोग चाहिए। इस अवसर पर आजसू पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि,मंजूर अंसारी, नसीम अंसारी सहित अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने नीरू शांति भगत को एक स्वर में कहा कि आप आगे बढ़िए हम आपके साथ हैं। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।


# कांग्रेसियों ने नव नियुक्त थाना प्रभारी से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना के नवनियुक्त थाना प्रभारी से कांग्रेसियों ने परिसर में मुलाकात किया। वही थाना प्रभारी से मुलाकात युवा कांग्रेस के बिशुनपुर विधान सभा अध्यक्ष इमारन आजाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी वारिश हुसैन से मुलाकात कर शॉल देकर माला पहनाया गया। वही कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने मिल कर पुलिस पब्लिक समावेश के साथ मिल कर नवनियुक्त थाना प्रभारी से काम करने का अपील किया गया। जिसे आश्वाशन देते हुए कहा कि थाना प्रभारी ने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र में कार्य किया जायेगा। साथ ही कहा कि जनता निर्भीक हो कर थाना आये सभी लोगों का समस्याओं को नियम संगत निष्पादित किया जायेगा। सभी का सहयोग से क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना पहली प्राथमिकता है। मुलाकात करने वाले में मुख्य रूप पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, जवाहर बाल मंच जिला कोडीनेटर इम्तियाज अहमद, बबलू अंसारी, हफीज अंसारी, राजू बाखला, इकबाल अंसारी समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## कैरो गुड़ि निवासी के देढ़ वर्षीय पुत्र के गले में अंटका मटर का दाना, रुकी सांस, सदर अस्पताल में हूई मौत



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गुड़ि निवासी खुदी उराँव के देढ़ वर्षीय पुत्र शिवम उराँव का मटर का दाना गला में अटक जाने से सदर अस्पताल लोहरदगा मे ईलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 फरवरी गुरुवार को कैरो प्रखंड के गुड़ि करंजटोली निवासी खुदी उराँव के घर में मटर रखा हूआ था, जिसे उसका देढ़ वर्षीय पुत्र शिवम खा रहा था खाने के क्रम में मटर का दाना शिवम के गले में अटक गया तो शिवम रोने लगा इतने में उसके पिता खुदी उराँव को बात समझ में आ गई और आनन-फानन में जल्द ही शिवम के गले में अटका मटर को निकलवाने के लिए परिजन सदर अस्पताल ले गये, जहाँ चिकित्सकों ने ईलाज के दौरान सांस अटकने से मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना पर शिवम के अचानक हुई मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था, घटना पर आसपास टोला मुहल्ला के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन के लिए जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष की हुई स्थापना

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिले में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में स्थापित की गयी है।नियंत्रण कक्ष के प्रभारी प्रभारी दण्डाधिकारी के रूप में अंजना दास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मोबाइल नम्बर 8210439118 की प्रतिनियुक्ति की गयी है। साथ ही नियंत्रण कक्ष में आवश्यक सहयोग हेतु सरस्वती कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी जिला कल्याण, मोबाइल नम्बर 9431103864 एवं अश्विनी कुमार सिंह, जिला नियोजन पदाधिकारी, मोबाइल नंबर 7631151391 की प्रतिनियुक्ति की गयी है। जिले के आमजन से अपील है कि परीक्षा से संबंधित किसी भी अफवाह या भ्रम की स्थिति या आवश्यक जानकारी के लिए वे नियंत्रण कक्ष के उक्त पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। जिला प्रशासन लोहरदगा आमजन के सहयोग के लिए हमेशा से तत्पर रहा है।

# डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी ने भंडरा स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है बीमारियों की रिपोर्टिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग इसकी बीमारी की रोकथाम का इंतजाम करता है अगर किसी एक बीमारी की पांच से अधिक मरीज एक क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डालना होता है जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसे क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के उपाय स समय किया जाए। आज दिनांक 21.02.25 को सिविल सर्जन लोहरदगा डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में प्रखंड भंडरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी भंडरा प्रखंड के स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र को जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा डॉ. शंभू नाथ चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भंडारा डॉ. संजय कुमार, जिला एपिडेमोलार्जस्ट प्रशांत चौहान, आईडीएसपी डाटा मैनेजर राकेश भूषण, जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# शास्त्री नगर ढ़ोडा टोली में प्राचीन शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शास्त्री नगर ढ़ोडा टोली प्राचीन शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। सात दिवसीय इस भव्य आयोजन किया जाएगा जिसके मुख्य अतिथि श्री एन एन पांडेय I.A.S.पूर्व गृह सचिव झारखंड सरकार होंगे। दिनांक 21 फरवरी से 27 फरवरी तक संगीतमय आयोजित होगा जिसके तहत प्राचीन शिव मंदिर समिति ढोंडा टोली द्वारा कार्यकम निर्धारित की गई है।जिसमें दिनांक 21/02/25 को प्रातः 7:00 बजे से 11:00 बजे तक भव्य कलश यात्रा एवं देव पूजन, दिनांक 22 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रातः 7:00 बजे से भागवत पुराण पाठ,दोपहर 2:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक संगीतमय भागवत महापुराण एवं मूर्ति अधिवास, दिनांक 26/02/25 दिन बुधवार को प्रातः 5:30 से 6:30 तक मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, प्रातः 7:00 बजे से भागवत महापुराण का मूल पाठ एवं दोपहर 2:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक संगीतमय भागवत महापुराण कथा, दिनांक 27/02/25 दिन गुरुवार को प्रातः 8:00 बजे से 11:00 बजे तक हवन पूर्णाहुति का कार्यक्रम है। प्राण प्रतिष्ठा प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पंडित रामकुमार शुक्ल के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। प्रतिदिन दोपहर 3:00 बजे से भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें पूजा समिति के द्वारा श्रद्धालुओं को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया है।

## सरकार की योजनाओं से हमारे समाज लाभान्वित हो इसे लेकर की जाएगी जागरूक : हाजी समसुद्दीन



**किस्को-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को मुख्य चौक के बगल पर स्थित मदरसा मिस्बाहुल ओलूम के समीप पर खिदमते खल्क हाजी कमेटी के सरपरस्त हाजी समसुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इस बीच बैठक में मुस्लिम समाज को केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त करने हेतु विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। मौके पर समाज को योजनाओं का लाभ दिलाए जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने और समाज को बेहतरी और बेदारी को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने की बात कही गई। इधर बैठक को संबोधित करते हुए हाजी समसुद्दीन अंसारी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की ओर से हमारे समाज के अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले इसे लेकर समाज के लोगों को एकजुट कर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति हेतु हमेशा सकारात्मक पहल किया जाएगा। मौके पर मौलाना ऐनुल हक मिस्बाही, मौलाना रेयाज, हाफिज सफीरूउल्लाह, हाफिज इकबाल, हाजी आलम अंसारी, हाजी युसूफ अशरफी, हाजी क्यामुद्दीन अंसारी, मौलाना आजाद फैजी, मौलाना युसूफ समेत अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला आपदा प्राधिकार की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आपदा प्राधिकार की बैठक उपयुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता की समाहरणालय सभागार में की गयी। उपायुक्त वाघमारे ने बैठक में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी प्रमोद दास को निदेश दिया कि वे आपदा के तहत दिए जाने वाले लाभ को किसी भी हाल में लंबित न रखें। वे वांछित कागजातों और अभिलेखों की जांच कर ही अग्रेत्तर कारवाई करें। उन्होंने कहा कि आपदा से प्रभावित लाभ देने के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक श्री हरीश बिन जमा,उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की सफलता हेतु होटल गैलैक्सी में रणनीति बैठक संपन्न

**प्रोग्राम की शुरूआत से पूर्व आगामी 23 फरवरी को धुर्वा मोड़ में सुबह 10 बजे कुरआन ख्वानी पढ़ी जायेगी**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा आगामी 25 फरवरी को आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की सफलता हेतु शहरी क्षेत्र में स्थित होटल गैलैक्सी में प्रोग्राम के संयोजक अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रोग्राम की शुरूआत से पूर्व आगामी 23 फरवरी को धुर्वा मोड़ में सुबह 10 बजे कुरआन ख्वानी पढ़ी जाएगी। इधर होटल गैलैक्सी में आयोजित रणनीति बैठक में तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस बीच बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से लोग मौजूद हुए और प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मौके पर बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कव्वाली प्रोग्राम के संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शानदार महामुकाबला कव्वाली प्रोग्राम को भव्य और सफल बनाने में हम सभी को मिलकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहीद शेख भिखारी जैसे महान क्रांतिकारी की शान में ऐसे आयोजन कराए जाने हेतु तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के लोग मुबारकबाद के हकदार हैं। हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि उक्त प्रोग्राम को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से कराए जाने हेतु कव्वाली प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के बड़े योगदान ने हमें बल दिया है। उन्होंने कहा कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा आगामी 25 फरवरी को धुर्वा मोड़ में आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम लोहरदगा जिला वासियों के लिए गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए ऐसे आयोजन कराए जाने की सिख देने का कार्य कर दिखाएगी। हाजी अब्दुल जब्बार ने कहा कि प्रोग्राम में मुम्बई के मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और सलमान अली शहीद शेख भिखारी की शान में पेश करेंगे। होटल गैलैक्सी में आयोजित रणनीति बैठक में कुर्से अंजुमन ए इस्लामिया के सेक्रेटरी हातिम अंसारी, युनूस अंसारी, सामुल अंसारी, तनवीर गौहर, हाजी सदरूल अंसारी, विनोद सिंह खेरवार, रविन्द्र कुमार सिंह, अनीश खान, कैश आलम, दानिश अली, सद्दाम अंसारी, सेराज खान, असलम अंसारी, जमील अंसारी, युगल भगत, सज्जाद अंसारी, संजू तुरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अनियंत्रित हो स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिर कर हुआ घायल



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा के समीप गुरुवार को देर शाम स्कूटी सवार एक युवक गिर कर घायल हो गया। वही दुर्घटना में घायल युवक का पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी निवासी चमरू उरांव का पुत्र राजकुमार उरांव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जात है कि युवक अपने घर से सरस्वती विद्या मंदिर की ओर जा रहा था। उसी दौरान बक्सीडीपा के समीप सड़क पर बकरी अचानक सड़क पर दौड़ गया। जिससे बचने के चलते स्कूटी सवारी युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया जिससे युवक गिर कर घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया जहां इलाज चल रहा है। वही युवक खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

## वैसे व्यक्ति का नाम इस सर्वे में जरूर जोड़ा जाय जिन्हें आवास की अति आवश्यकता है : उप विकास आयुक्त

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस सर्वे को लेकर लोहरदगा जिला के सभी पंचायती राज प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन के तत्वावधान में सभी योग्य लाभुक जिनका नाम आवास उपलब्ध कराने हेतु सूची में अंकित नहीं है और वे आवास प्राप्त करने के योग्य हैं वैसे परिवार का नाम सर्वे में अंकित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर भवन लोहरदगा में किया गया उप विकास आयुक्त लोहरदगा श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के द्वारा इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा गया कि वैसे व्यक्ति का नाम इस सर्वे में जरूर जोड़ा जाय जिन्हें आवास की अति आवश्यकता है। सभी जनप्रतिनिधि प्रतिदिन सर्वे में सभी योग्य व्यक्तियों का नाम जोड़ने के सहयोग करें तभी हमलोग का काम सफल हो पाएगा। अब तक जिला में 7000 परिवारों का सर्वेक्षण संपन्न हो चुका है। उप विकास आयुक्त के द्वारा अबुवा आवास योजना के स्वीकृत लाभुकों को स्वयं ही ऐप के माध्यम से जियो टैग करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आवास योजना में जे एस एल पी एस के ग्राम संगठन से सहयोग और सभी आवास योजना के साथ पंचायत में साप्ताहिक बैठक आयोजित करने का निर्देश सभी पंचायस्तरीय कर्मियों को दिया गया। इस कार्यशाला में अध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा सभी जन प्रतिनिधियों यथा जिलापरिषद सदस्य, प्रमुख, सभी पंचायत स्तरीय सदस्य, सभी मुखिया को आवास प्लस सर्वे में सभी जरूरत मंद व्यक्तियों का नाम अवश्य जोड़ने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी स्थिति में जरूरतमंद व्यक्ति पक्का आवास से वंचित न रहे। कार्यशम में पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी आवास योजना के जिला समन्वयक कृष्ण कुमार गुप्ता के द्वारा जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में प्रशिक्षण समन्वयक विजेंद्र कुमार, लेखापाल पूजा कुमारी सहित जिले के सभी जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, आवास प्रभारी जनसेवक एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे।

**प्रोग्राम से पूर्व शेख भिखारी के स्मारक का सोसायटी द्वारा कराई जा रही है सौंदर्यीकरण**

# आगामी 25 फरवरी को तहरीक-ए-अमन सोसायटी द्वारा आयोजित कव्वाली सह मेला प्रोग्राम की तैयारियों में पकड़ा रफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी 25 फरवरी को तहरीक-ए-अमन नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शानदार महामुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। उक्त प्रोग्राम की सफलता हेतु मुख्य संरक्षक लोहरदगा के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और संयोजक के तौर पर अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां पर प्रोग्राम को ऐतिहासिक और सफल बनाने में कव्वाली प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और हाजी अब्दुल जब्बार के सकारात्मक सहयोग और तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के पदाधिकारियों और सदस्यों के सार्थक प्रयासों से प्रोग्राम की तैयारियों में रफ्तार देखा जा रहा है। यहां पर बता दें कि प्रोग्राम में देश के जाने-माने मशहूर कव्वाल रईस अनीश साबरी और मेवत महाराष्ट्र के सलमान अली के बीच आगामी 25 फरवरी को महामुकाबला कव्वाली पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तहरीक-ए-अमन सोसायटी की ओर से उक्त प्रोग्राम में झारखंड सरकार के लगभग आधे दर्जन मंत्रियों और लगभग एक दर्जन विभिन्न विस क्षेत्रों के विधायकों को शामिल होने हेतु निमंत्रण दिया गया है। साथ ही देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में नामचीन हस्तियों का भी आगमन होने की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी और महासचिव रौनक इकबाल की देख-रेख में जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत धुर्वा मोड़ चौक में स्थित शहीद शेख भिखारी के स्मारक का सौंदर्यीकरण का कार्य जोर-शोर से कराया जा रहा है। इधर मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह अध्यक्ष एकरामुल अंसारी और महासचिव रौनक इकबाल ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के महान क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी की शान में एक शाम शहीदों के नाम पर आयोजित होने वाली मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम की सफलता हेतु सोसायटी के सभी कार्यकर्ता पूरे तन-मन से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन में जुटे हुए हैं। सोसायटी के इन दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम को सफल बनाने में कव्वाली प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोसायटी के अध्यक्ष व महासचिव ने बताया कि प्रोग्राम की सफलता हेतु पूरी तरह से एहतियात बरती जाएगी और किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले शरारती और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर लोहरदगा पुलिस प्रशासन खास नजर बनाए रखी है। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि प्रोग्राम में 50 हजार से अधिक लोगों की शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। अध्यक्ष एकरामुल अंसारी और महासचिव रौनक इकबाल ने बताया कि प्रोग्राम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु खास रणनीति तैयार की गई है और तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को इसे लेकर विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन में झारखण्ड मेंस पुलिस एशोसिएशन का अध्यक्ष पद के प्रत्यासी द्वारा पुलिस एसोसिएशन का आगामी 28 फरवरी को होने वाली झारखण्ड पुलिस मेंस एशोसिएशन चुनाव के लिये पूरी टीम का चुनाव प्रचार प्रचार सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पुलिस लाइन लोहरदगा मे किया गया। वही इस दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्यासी राहुल कुमार मुर्मू द्वारा अपने समर्थकों के साथ आम सदस्यों के पास पुलिस एसोसिएशन के माध्यम से होने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। साथ ही सभी सदस्यों से अपने टीम को वोट करने का अपील किया गया। साथ ही उन्होंने बताते हुए कहा कि केंद्रीय चुनाव को लेकर सभी सदस्यों में काफी उत्साह है। तथा टीम के प्रत्याशियों को विजय बनाने का आशीर्वाद डेलीगेट प्रतिनिधियों के द्वारा दिया गया है। मौके पर अध्यक्ष पद प्रत्यासी राहुल कुमार मुर्मू, उपाध्यक्ष पद के लिये रोहित कुमार रजक और अशोक कुमार तिवारी,महामंत्री पद के प्रत्यासी संतोष कुमार महतो,संयुक्त सचिव पद के प्रत्यासी राकेश कुमार पाण्डेय, संगठन सचिव पद का प्रत्यासी मंटू कुमार समेत सभी प्रत्याशी और झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## एसबीआई ने ऑटो लोन के लिए चलाया विशेष अभियान

**शिवपुरी :** शिवपुरी में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए ऑटो लोन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रोसेसिंग फीस सहित अन्य छूट ग्राहकों को दी जा रही है।शिवपुरी के गुरुद्वारा चौक स्थित एसबीआई बैंक शाखा के प्रबंधक अविनाश कुमार यादव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसबीआई द्वारा ऑटो लोन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें ग्राहकों को कई सुविधाएं दी जा रही है। श्री यादव ने बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत प्रोसेसिंग फीस के अलावा और भी आकर्षक छूट दी जा रही है। इस ऑटो लोन के विशेष अभियान के अंतर्गत ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाना है। उन्होंने बताया कि इस बारे में और जानकारी के लिए बैंक की शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

## असम के मुख्यमंत्री सरमा ने परिवार सहित संगम में लगाई आस्था की डुबकी



**महाकुम्भ नगर :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा परिवार सहित शुक्रवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचे और संगम में डुबकी लगाई। इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि कुम्भ में स्नान करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। परमात्मा को बहुत-बहुत आभार कि उन्होंने हमें स्नान करने का मौका दिया। कुशलता के साथ मेला प्रबंधन किया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूरे प्रशासन को वे धन्यवाद देते हैं।डॉ. सरमा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फिर एक बार भारत की सनातन सभ्यता एवं संस्कृति उभर कर विश्व के सामने आई है। ये महाकुम्भ ने साबित कर दिया है कि सनातन ही अतीत है, सनातन ही वर्तमान है और सनातन ही विश्व का भविष्य है।संगम में स्नान के बाद मुख्यमंत्री सरमा ने अपने एक्स अकाउंट पर दो पोस्ट शेयर किये। उन्होंने हिंदी में लिखा, तीर्थराज प्रयागराज में परिवार सहित त्रिवेणी संगम स्नान करने का अपार सौभाग्य प्राप्त हुआ। जब तक सूरज-चांद रहेगा, तब तक सनातन धर्म रहेगा। हर हर महादेव। अंग्रेजी में लिखे दूसरे पोस्ट में सरमा ने लिखा कि आज संगम में स्नान के अनुभव का वर्णन करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

# पलामू में महिला शक्ति से उठी आवाज़ कानून बनेगा : भानु

## वन नेशन वन इलेक्शन देश की आवश्यकता : अरुणा शंकर





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** होटल ज्योतिलोक के सभागार में पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज लेडीज विंग की ओर से वन नेशन वन इलेक्शन पर डिबेट रखा गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कृष्लय तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेंबर विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया ने कहा कि हमारे देश में कई बार चुनाव होते हैं। जिसमें देश का समय, पैसा और श्रम बर्बाद होता है। जिसे बचाने की जरूरत है। ताकि इन सब चीजों का देश के विकास में काम आ सके।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानु प्रताप शाही ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पलामू से महिलाओं द्वारा उठाई गई आवाज़ का गुंज जल्द बड़ा स्वरूप लेकर लोकसभा से पारित होते हुए एक मिसाल बनेगा। श्री शाही ने चेंबर महिला विंग की सराहना की और कहा कि महिला विंग ने एक ज्वलंत समस्या पर डिबेट किया और संभवतः भारत में वन नेशन वन इलेक्शन पर यह किसी सामाजिक संस्था द्वारा उठाए गए पहला पहला मामला होगा। जिसके लिए चेंबर महिला विंग एवं यहां की प्रथम महापौर अरुणा शंकर बधाई के पात्र है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने कहा कि देश में इस कानून की आवश्यकता है। जिससे श्रम, समय और पैसा अनायास बर्बाद होने से बचाई जा सके और देश का विकास में उस पैसे को लगाया जा सके।

श्रीमती शंकर ने कहा कि भारत सरकार को जल्द इसे कानून का रूप देना चाहिए और मुझे खुशी है कि इस कानून के लिए महिलाओं ने आवाज बुलंद की है जो एक मिसाल बनेगा। महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंघानिया ने सैकड़े महिलाओं से हस्ताक्षर करा कर वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को महिलाओं के हस्ताक्षर के साथ पारित करते हुए माननीय भानु प्रताप शाही को सौंपा। ताकि महिलाओं की आवाज ऊपर तक भेजी जा सके। चेंबर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि हम सबों को सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी आवाज को बुलंद करनी चाहिए। ताकि वन नेशन वन इलेक्शन का कानून जल्द स्वरूप ले सके। भाजपा अध्यक्ष अमित तिवारी एवं कृष्लय तिवारी ने इस कानून को बनाने में पूरे झारखंड से आवाज बुलंद करने की बात कही। इस अवसर पर महिला विंग की कई सदस्यों ने अपनी बात रखी। कार्यक्रम में चेंबर महिला विंग सचिव शिखा अग्रवाल, आरती आनंद, कोमल अग्रवाल, अंजू वर्मा एवं भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रीमती रेखा गुप्ता को देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री बनाए जाने पर महिलाओं ने केक काटकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि हम महिलाओं को फक्र है कि देश की राजधानी का नेतृत्व एक महिला के हाथों सोपा गया। आने वाले समय में देश के कोने कोने में महिलाओं का नेतृत्व नजर आएगा।

## किसान सम्मान समारोह 24 फरवरी को भागलपुर में होगा, प्रधानमंत्री करेंगे शिरकत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** किसान सम्मान समारोह 24 फरवरी को भागलपुर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। शुक्रवार को कृषि भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी।शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देशभर के लगभग 9.80 करोड़ किसानों को पीएम किसान की यह राशि प्रधानमंत्री ट्रांसफर करेंगे। किसान योजना की पिछली 18वीं किस्त में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 20,665 करोड़ रुपये दिए गए थे। अब 24 फरवरी को



19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान कल्याण मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्पादन बड़े, उत्पादन की लागत घटे, उत्पादन के ठीक दाम मिलें, फसलों के नुकसान की भरपाई हो, कृषि का विविधीकरण, प्राकृतिक खेती जैसे मिशन के अभियान, लागत घटे, इसके लिए महत्वपूर्ण योजना पीएम किसान सम्मान निधि योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में प्रारंभ की थी।उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त प्रधानमंत्री 24 फरवरी 2025 को भागलपुर से सिंगल क्लिक से किसानों के खातों में अंतरित करेंगे। इस निधि से अभी तक लगभग 9 करोड़ 60 लाख किसानों के खाते में पैसा जाता था। कोई पात्र किसान छूट गया है तो उसका नाम जोड़ने की प्रक्रिया कृषि मंत्रालय चलाता रहा है। इस बार लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जाएगी।

## सूरजकुंड मेले में पर्यटकों को लुभा रही भील आर्ट कला

एजेंसी

**फरीदाबाद :** 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में थीम स्टेट मध्यप्रदेश की पैवेलियन में स्टाल संख्या 1175 पर भील कला की झलक हर पर्यटक पर कला की अमिट छाप छोड़ रही है। यह स्टाल हर मेला विजिटर के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। भोपाल के कलाकार अनिल बारिया द्वारा संचालित इस स्टॉल पर पद्मश्री सम्मानित कलाकार भूरी बाई की प्रेरणादायक लोक कला का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। भील समुदाय की पारंपरिक चित्रकला, जिसे भील आर्ट कहा जाता है, अद्वितीय रंगों, बिंदुओं और आकृतियों के संयोजन से जीवंत हो उठती है। यही कला अनिल बारिया के स्टॉल पर अपने पूरे वैभव के साथ प्रस्तुत की जा रही है। पद्मश्री अवार्ड से सम्मनित भूरी बाई ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर इस कला को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। इसके अलावा उन्हें सिकार सम्मान, देवी अहिल्या पुरस्कार, और रानी दुर्गावती पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। उनके पुत्र अनिल बारिया, इस विरासत को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे



हैं। सूरजकुंड मेले में यह स्टॉल न केवल कला प्रेमियों बल्कि शोधकर्ताओं और इतिहासकारों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव लेकर आया है। यहां आने वाले दर्शक न केवल भील पेंटिंग्स को देख और खरीद सकते हैं, बल्कि इस कला के बारे में गहराई से समझ भी सकते हैं। कलाकार अनिल बारिया कहते हैं कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में कलाकारों, बुनकरों और शिल्पकारो को सूरजकुंड मेला के रूप में बेहतरीन मंच प्रदान किया जा रहा है।

# जीएन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय मातृभाष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल के सभागार में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।



मौके पर निदेशक ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्रायः भाषाओं के संरक्षण के माध्यम से भाषाई विविधता को बढ़ावा देना है। यह दिन सांस्कृतिक पहचान और संचार को निर्धारित करने में मातृभाषाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। भाषा मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषा के माध्यम से ही एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ अपने विचारों का आदान-प्रदान करता है। दुनिया भर के कई देशों, राज्यों, कस्बों और क्षेत्रों में अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। कहीं धार्मिक भाषा का अंदाज अलग है तो कहीं बातचीत का लहजा अलग है। इसके बावजूद हर भाषा लोगों से संवाद स्थापित करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। भाषा वह डोर है जो सभी को एक साथ बांधती है दुनिया भर में अलग-अलग जातियां, धर्म और संप्रदायों और अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग भाषाएं बोली जाती हैं। विभिन्न भाषाएं विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ती हैं जिससे संचार करने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में और शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, नीरा शर्मा, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, रागिनी कुमारी, शिवानी गुप्ता, ऋषभ, पूजा, संतोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।मंच का संचालन उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सन्तोष प्रसाद ने किया।

## शिव मंदिरों का किया भ्रमण

**रायसेन :** आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व का धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरुण विश्वकर्मा तथा पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डेय ने शुक्रवार को गैरतगंज जनपद के गढ़ी स्थित प्राचीन महाबली खोह सहित विभिन्न शिव मंदिरों तथा मेला स्थलों का संयुक्त भ्रमण किया गया।उन्होंने भ्रमण के दौरान मंदिरों तथा मेला आयोजन समितियों के सदस्यों से चर्चा की। साथ ही महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों तथा मेला स्थलों पर शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित आयोजन हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी व संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही आयोजन समिति के सदस्यों की समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए गए।

## मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के खातों में 224 करोड़ की राशि का किया अंतरण



एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित मध्य प्रदेश की नींव का पत्थर आप सभी प्रतिभावान बच्चे ही हैं। लैपटॉप की राशि मिलने के पश्चात निश्चित ही आप सभी को डिजिटल शिक्षा से जुड़कर उच्च शिक्षा में मदद मिलेगी और शिक्षा के क्षेत्र में नये कीर्तिमान रचेंगे। आप खूब पढ़ें और आगे बढ़ें, वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करें। मध्य प्रदेश सरकार आपकी शिक्षा और स्वर्णिम भविष्य की राह को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को भोपाल के आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी में लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में प्रदेश के 89 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप के लिए 224 करोड़ की राशि का अंतरण किया और सभी होनहार विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा एमपी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे ज्यादा नंबर हासिल करने वाले 89 हजार 710 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25- 25 हजार रुपये की राशि दी जाती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरसिंहपुर की गीता लोधी को पहला लैपटॉप सौंपा। अन्य विद्यार्थियों के बैंक खातों में 25-25 हजार रुपये की राशि ट्रांसफर की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया।

## मैं पार्टी को चलाने नहीं, सेवा करने आया हूँः राजू





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी के राजू का प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के अध्यक्षता में किया गया। अभिनंदन समारोह में कांग्रेस के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं हजारों की संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने फुल-माला देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि प्रभारी के राजू के झारखंड आने से पार्टी एवं सरकार दोनों को मार्गदर्शन मिलेगा, एक ओर उनका प्रशासनिक अनुभव और दूसरी ओर लंबे समय तक कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव से पार्टी नई ऊर्जा एवं गति मिलेगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पार्टी को चलाने नहीं सेवा करने आया हूँ, मैं कार्यकर्ता के प्रति जवाबदेह रहूंगा। कोई भी कार्यकर्ता मुझसे मिलकर सवाल कर सकता है। उन्होंने पार्टी संगठन की मजबूती के लिए पांच बहुमूल्य सुझाव दिये, उन्होंने कहा कि पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को भी मजबूत करना एवं उनका अधिकार देना आवश्यक है। पार्टी के निर्णयों में भी कार्यकर्ताओं के भावनाओं को सम्मिलित करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही देश के संविधान की रक्षा कर सकती है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार दिला सकती है। आगामी एक वर्ष तक हम जय संविधान कैंपेन चलायेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने भी संबोधित किया। स्वागत समारोह का संचालन मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी एवं धन्यवाद ज्ञापन महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने की।

सभा को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के सलाहकार प्रणव झा, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, सुरेश बैठा, अम्बा प्रसाद, सुबोधकांत सहाय, डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, बन्धु तिर्की,बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, शहजादा अनवर, केएन त्रिपाठी, अभिलाष साहु, रविन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, शमशेर आलम, केदार पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, नेली नाथन, विनय उरांव, मंजूर अंसारी आदि शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनादि ब्रहम, रोशन लाल भाटिया, प्रदीप तुलस्यान, अशोक चौधरी सुलतान अहमद, भीम कुमार, जितेन्द्र त्रिवेदी, समुदर गुप्ता, जगदीश साहु, प्रभात कुमार, छोटू सिंह, मो सफार, एलबी सिंह, राकेश तिवारी, अजय सिंह, अनिल ओझा, केके गिरि सहित हजारों कांग्रेस कार्यकर्तागण शामिल थे।

# जगुआर का मनाया गया 17 वां स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड राज्य में वामपंथी उग्रवाद के उन्मूलन कज लिए विशेष बल झारखण्ड जगुआर (एस0टी0एफ0) का गठन वर्ष 2008 में किया गया। - 21.02.2025 को झारखण्ड जगुआर प्रांगण, टेन्डर ग्राम में 17 वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति के तौर पर अनुराग गुप्ता पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक, झारखण्ड ने भव्य परेड की सलामी ली। साथ ही इस अवसर पर झारखण्ड जगुआर के कमांडो दस्ते द्वारा नक्सलियों के विरूद्ध की जा रही कार्रवाई का प्रदर्शन भी किया गया। राज्य में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए झारखण्ड जगुआर ने विगत 17 वर्षों में एक नई बुलंदी हासिल की है। इन 17 वर्षों के सफर में कई वीर जवानों को खोया है। राज्य में शांति और उन्नति का माहौल बनाए रखने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीद जवानों को पुलिस



महानिदेशक, झारखण्ड ने अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अनुप बिरथरे पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड जगुआर, ने अपने संबोधन में झारखण्ड जगुआर के विगत 17 वर्षों में उग्रवाद उन्मूलन की दिशा में उपलब्धियों को साझा किया है। चाहे पारसनाथ की ऊंची पहाड़ियां हो या सारंडा के घने जंगल, चाहे बूढ़ा पहाड़ का दुरूह इलाका हो अथवा पारसनाथ पहाड़ का दुर्गम क्षेत्र, झारखण्ड जगुआर ने अपनी शौर्यपूर्ण उपस्थिति सभी जगह दर्ज कराई है। झारखण्ड जगुआर के विभिन्न वर्गों द्वारा 297 नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई है और विभिन्न अभियानों के दौरान 34 दुर्दान्त उग्रवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। झारखण्ड जगुआर के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अब तक 02 अत्ति उत्कृष्ट सेवा पदक, 07 उत्कृष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा के लिए 56 पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 02 राष्ट्रपति पुलिस पदक, वीरता के लिए 17 राष्ट्रपति पुलिस पदक, 54 आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक, वीरता के लिए 76 झारखण्ड मुख्यमंत्री पदक, सराहनीय सेवा के लिए 63 झारखण्ड पुलिस पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 03 झारखण्ड राज्यपाल पदक तथा 04 केन्द्रीय गृहमंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

**शहीद के परिजनों को सम्मान, रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन :** स्थापना दिवस के इस अवसर पर झारखण्ड जगुआर के 23 शहीद पुलिस पदाधिकारी / कर्मियों के शहादत को नमन करते हुए उनके गृह जिला जाकर उनके परिवारों को सम्मानित किया गया।

**जीत ही लक्ष्य आदर्श वाक्य :** राज्य से उग्रवादी संगठनों का सफाया सुनिश्चित करने हेतु झारखण्ड जगुआर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कर्तव्यपरायणता का प्रदर्शन करते हुए अपने आदर्श वाक्य जीत ही लक्ष्य को चरितार्थ कर रही ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के तौर पर एम0 एस0 भाटिया, पुलिस महानिदेशक, डॉ संजय आनन्दराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक, अभियान, झारखण्ड, सुमन गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशि0 एवं आधु, झारखण्ड, प्रिया दुबे, अपर पुलिस महानिदेशक, झासपु, राँची, पुलिस मुख्यालय एवं राँची में पदस्थापित झारखण्ड पुलिस के वरीय पुलिस पदाधिकारी, राज्य/केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के वर्तमान कार्यरत एवं सेवानिवृत वरीय पुलिस पदाधिकारी सहित पुलिस परिवार के अन्य सदस्य की उपस्थिति रही ।